११३. कैसा जोग कमायाबे ये क्या ढोंग मचाया बे ॥ ध्रु ॥ जटा बढाई बभुत चढाई जगमें कहेता सिद्धा । सिद्धनकी तो बात न जाने बालपनोका गद्धा ॥ कैसा ॥ भगवे कपडे शीर मुंडावे कहेता मैं संन्यासी । संन्यासीकी गत है न्यारी येतो पेटनके उपदेशी ॥२॥ गलेमें कफनी शिरमें टोपी कहता फकीर मुल्ला । फकीर है तो सबसे न्यारा येतो फजीतखोरा ॥३॥ कान फाडकर मुदरा डारी नाथ कहलावे भारी । नाथनकी तो गत है न्यारी देखत परकी नारी ॥४॥ हातमे सोटा घरघर फिरता कहता मैं नानकसाई । पैसा खातर शीर फोडे मूसे बके बुराई ॥५॥ कहत कबीरा सुनभाई साधु सब संतनका थोरा । राम नाम बिन मुक्त न पावे येही पंथ हमारा ॥६॥

११४ चौरासी आसन बांधके बैठे एक ध्यानके। तेरा मन फिरे चौ दिस तो क्या मिले रामके ॥१॥ ज्याके घाट सुघाट। अभीरस पिवे। पिवे कोई संत सुजान। जुग जुग जिवे ॥२॥ छापा तिलक बनायके। गोविंद गुण गावे। रहे कहनी कछु नहीं। भक्तिके पावे ॥३॥ नदी किनारे बग चुगे। मी तो जाने हंस है। हंस जानके किये संग। मुहमें मच्छी है ॥४॥ जिसके संगतसे दूध बिघाडे। ताक क्या किये। माही गरथ नहींरे लगार। वाकूं ढोली दिये ॥५॥ हंस चुगे निज नाम। और नहीं भाव। मंगल गावे दास कबीर। बहार और नहीं आव ॥६॥

११५. घर बसत नजर नहीं आवे। बन बन फिरे उदासी। पानीमें मीन प्यासी ॥धृ०॥ जोगन होकर बन बन ढुंडे क्या मथुरा क्या काशी ॥१॥ जल बिच अगनियां बीच कलयां त्यांही पुरुष अविनाशी ॥२॥ कहत कबीर सुन भाई साधु उप्पर काल मुआसी॥३॥

११६. रामनाम तूं भजले प्यारे कायकूं मगरुरी करता है। कच्ची मिटिका बंगला तेरा पाव पलखमें गिरता है ॥ ध्रु० ॥ बम्मन होकर पोथी बाचे स्नान तरपन करता है। सबकाल सुचिल रहत है वो क्या साहेब मिलता है ॥१॥ जोगी होकर जटा बढावे हाल-मस्तमे रहताहै। दोनो हात सिरपर धरके वो क्या साहेब मिलता है ॥२॥ मानभाव पेहने काले कपडे दाढी मिशी मुंडताहै। उलटी लकडी हातमें पकडी वो क्या साहेब मिलताहै ॥३॥ मुल्ला होकर बाग पुकारे वो क्या साहेब बहिरा है। मुंगिके पावमे घुंगर बाजे ओबी अल्ला सुनता है ॥४॥ जंगम होकर लिंग बांधे घरघर फेरी फिरता है। शंख बजाकर भिछा मांगे वो क्या साहेब मिलता है ॥५॥ कहत कबीरा सुनभाई साधु मनकी माला जपतां है। जो भाव भगवतसे ध्यान धरत है उनकु साहेब मिलता है ॥६॥

११७. मायका गुलामगी वो क्या जाने बंदगी। मट्टीनके तीलक दीये। कपटनके माला डारे। पापन पोथी बाचे। करत फिरते फंदगी ॥१॥ संतनसे धुम धाम। चारनसे कर काम। धी गणेश हात जोडे। साधनसे रंदगी ॥२॥ संत काना साधका। गुरु काना

पीरका । दाना खावे हारामका। देह भरी गंधगी ॥३॥ न्हांसे साये बंदगी । कह्या कबू तारी रेंदगी । कहे कबीरा सुन भाई साधु । नालत तेरी जिंदगी ॥४॥

११८. नयन मिटाके काहेकु बैठा अंतर ध्यान नही चोख । माला मुद्रा बभुत चढावे काहेकु लिया भेख ॥१॥ राम सुमरो राम सुमरो राम सुमरो दिलमों । भवजल पार उतरो एकही खिनमों ॥ धृ० ॥ देख दिवाने ये नरतनु जायगी । फेर पस्तावेगा मनमों । लख चौऱ्यासी गिरकी म्याने । ध्यान धरो तनमों ॥२॥ काहेकू बोजा शिरपर धरता । कौन किसीका साथी । बहुत जनम फिर फिर । अवचित भयो ये पाती ॥३॥ कहत कबीर सुनो भाई साधु। झुटा सच्चा दिलमों । राम बिना मुकत नही । काहेकू जावे जंगलमों ॥४॥

११९. कंचन नारी त्यजकर सुखसे बैठे आराम । दिल दरगा भरपुर भरा व्हां बैठे राजाराम ॥१॥ काहेकू सोस करे । काहेकू जंगल फिरे ॥ धृ० ॥ दो दिनकी जानी दिवाने पलट जायगी खिनमों । रामनामसे कुई नहीं बडा देखे आपने मनमों ॥२॥ जपी तपी और बडे बडे जल गये एक खिनमों । काहांसे आया काहांसे जाना सुद रखो तनमों ॥३॥ भरा पूर मायाका बजार कोन किसीका साती । कहत कबीर सुनो भाई साधु आखर जंगलकी बस्ती ॥४॥

१२०. गले बीच सैली कफनी डारा बांधा लाल जरतारी । ऐसा खूप बना है सिद्ध अंदरकी गत न्यारी ॥१॥ राम भजोरे साधु किसन भजोरे । भवजल पार तरोरे ॥ धृ० ॥ तुजे अल्लानें पैदा किया खुप नरतनु खासी । बालपनोमें खेल गमाये पडे कालके फांसी ॥२॥ जवान भया हुवा दिवाना आप परावा देखे नहीं । भूल गया विषय भोगसे सूद अंतकालकी रही नहीं ॥३॥ बुड्ढे पनमों कांपन लागा नाक मुखसे पानी । कहत कबीरा सुन भाई साधु अखेर गया बंदखानी ॥४॥

१२१. जंगल जाकर काहेकू बैठे सुनले बावा साधु । बैठे जाओ

सुखसे बैठो मत होना भोंदू ॥१॥ रामनाम जपोरे । अंतर शुद्ध रखो रे ॥ ध्रु० ॥ जनम मरनकी गठरी खोलो संतपगसे रखो ध्यान । जटाजूट और आसन मुद्रा काहेकू झूटा ग्यान ॥२॥ तीरथ बरत जोग कमाके शीर मुंडाके बैठा है । चुप कहांसे घुसा-घुसी आगे शिरपर सोटा है ॥३॥ निशिदिनीं धुनी राम नामकी लगादे आपने मनमों । कहत कबीर सुनो भाई साधु नहीं तो फत्तर है जंगलमों ॥४॥

१२२. तीरथ जाऊं पानी देखे मूरत देखे फत्तरकी । अजोध्या मथुरा काशी गया व्हां सूरत फत्तरकी ॥१॥ देस बिदेस फिरकर यारो जंगल जाकर बैठा है । व्हांबी देखे फत्तर पानी फेर मनमों उलटा है ॥२॥ श्रीगुरुरामानंदकी किरपा भयो उने सीस कर धराया । तनका तनमों दास कबीरा मौजुद मुरशद छुपाया ३

१२३. ब्रह्मन पुरान बाचे दाम लिये सो पाजी है ॥ कुरान किताब काजी पढे ओही दगाबाजी है ॥१॥ ब्रह्मन बरत नेम धरता आस्नान संध्या उनोका दश नेम है ॥ पैसे खातर सबही छांडे जंतर मंतर जपतां है ॥२॥ काजी किताब सुनावे बांगी निमाज पुकारे है । जद भिस्तके म्याने खस्त करे । कैसा मौला मिलता है ॥३॥ दोनो झुटे दोनो पाजी दोनो गोता खाते है । कहे कबीर सुनोभाई साधु फिराफिर जनम आते है ॥४॥

१२४. ये तो जोग न पायाबे तनका भोग मचायावे ॥ध्रु०॥ कान फाडकर नाथ कहत है अनाथ घरघर फिरे । धागा भरके कंथा पहिरे आंगा बभूत भरपूरे ॥१॥ मुदरा लेके वैष्णव हुवा गांड लंगोट लगाया । बालाजी बालाजी कहतो बाले सिर झुलाया ॥२॥ नानक पंथी मुंड मुंडाया सोटा बाजे कैसा ॥ जो ना देवे पैसा उसके माकूं चोदे भायिसा ॥३॥ जटा मुकूट है नंगा नख जो वागा सरिखा पाला । अन्न न खावे ले सवा रुपिया क्या मुर्गीका साला ॥४॥ दस नामोकी बडी बढाई सावकारीका धंदा । दाल पुरी घी शक्कर खावे हुवा बांदिका बंदा ॥५॥ संतत संपत सुखके छपावे रामभजन का ठारा । माया लोभी झुटे भडवे कोई न पावे थारा

॥६॥ भूतदया है शांति सबनकी भ्रांति निकालनवाला । कहत कबीरा सुनभाई साधु ओही हमारा अल्ला ॥७॥

१२५. ये तो फट फजीती बे । दानो जगत जुतीबे ॥ धृ० ॥ जंतर मंतर बइद जोशी ये हुन्नर दुकानदारी । उपर बहुत बना है खासा अंदरकी गत न्यारी ॥१॥ बिद्या देवे बालक देवे संपति देवे भारी । ठाकुरजीका जोग चलाया सेवा लगाये सारी ॥२॥ सुन्ना रूपा करके बतायो चौपट कर कर दियो । दीन दरोडा मनमें जपता गोता देके जायो ॥३॥ लोक दिवाने पांव पडत है घरघर पुडिया खाते । पाप छुपे नहीं प्रगट होवे मुंड मुडाके जाते ॥४॥ बावा होके भोंदू होना येतो बहुत बुराई । कहत कबिरा सुन भाई साधु तुमको राम दुराई ॥५॥

१२६. जिसकू लागी है सो जाने दुजा क्या जाने भाई ॥ धृ०॥ बंका लागी बंका लागी लागी सजन कसाई ॥ बलखबुखारेकु ऐसी लागी छोड चले बादशाही ॥१॥ नामा लागी सुधन्वा लागी लागी मिराबाई । पिपाजिकूं ऐसी लागी पडे समुंदर माही ॥२॥ ध्रुवा लागी प्रल्हाद लागी लागी बिभीखन भाई । विप्र सुदामजीकूं ऐसी लागी कंचनपुरी कमाई ॥३॥ तीर न लागी तरवार न लागी घाव नजर नहीं आयी ॥ दास कबीरकूं ऐसी लागी दिलमें राम जमायी ॥४॥

१२७. पंडत जमका करो बखान । ज्या दिन नहीं धरती आसमान ॥धृ०॥ ज्या दिन धरन गगन सुलपाणी । नहीं सुमेरे मंडना । एकबिस सगर पसारा नहीं । नहीं रवि शशि भाना ॥१॥ ज्या दिन जोग जुगुत नहीं । पुजा नहीं सुमरन नहीं ध्याना । आड-सट तीरथ ज्या दिन नहीं । नहीं सुबेद कुराना ॥२॥ गुणी गंधर्ब मुनी देवता । नहीं वैकुंठ मैदाना । दश अवतार ज्या दिन नहीं । नहीं तीन लोक मंडाना ॥३॥ ज्योती स्वरूप निरंजन नहीं । नहीं सोत्रिगुण तपाना । यौंही साहेब शेष भयी प्रगट भये । सोही पुरुष पुराना ॥४॥ कहे कबीर ताहेकूं खोजो पावो पद निरबाना । नहीं तो भूल भटकत मत फिरयो छांडो जुगका जानां ॥५॥

१२८. परखो शब्द निज सारा हंसा । परखो शब्द निज सारा-जी ।।धृ०।। बिन परखे कोई पारन पावे भूला जग संसाराजी। सबही संत मिलजो हरी कहावे । ना कोई पारख पाईजी ।।१।। आयेथे बेपार करनेकूं । घरकी नुमा गमाई जी । बडे बडे साधु जन छानी बानी । राम भाग दोये किनीजी ॥ पर०।।२।। आखर पारख कर लेना । मन माया नहीं चिनाजी । सुकदेव मुनिश्वर आतम चीना । आतम चीनी मायाजी ॥ पर० ॥३॥ पर आतम अजपाजप नेते। नहे अछेर भेद नहीं पायाजी। अब तुम सुनो जव्हारी मोठा । खरा खोटा नहीं बुझेजी ॥ पर० ॥४॥ सिव गोरख समान कोई जोगी उनकू कौनही सुजेजी । जो कोई जगमें होवे हरी सो या पदकु बुझेजी ।। पर० ।।५।। कहे कबीर हम सबही देखो । सबही लोभको धायेजी । सतगुरु मिले जिन पारख लखाई । ढोक ढौरत है सूजेजी ॥ परखो० ॥६॥

१२९. भक्तिरसायन बडाजी होवे भवरोगनका झाडा ॥ ध्रु० ॥ श्रवण परिक्षिती कीर्तन नारद स्मरण करे प्रल्हादा । पग सेवन लछीमीसें हुवा हरी चरन चित जडा ॥१॥ अरचन किया पृथुराजनें बंदन अक्रूर किया । दास्य कियासो हनुमानजीनें निसिदिनीं आगे खडा ।।२।। सख्य भक्ति अरजुननें पाई बली निवेदन किया। तन मन धनही सब दे डारा हात जोडकर खडा। भक्ति करोगा जे भवरोगी मुक्ति उनकी दासी । पोथी पुरान कुरान देखे दुजा मार्ग नहीं बडा ।।४।। भक्ति बिन कोई तरन न जावे सब शास्तरमों देखा । दुजा उपाव नहीं जानके कबीर भक्ति नहीं छोडा ॥ ५ ॥

१३०. कर बंदे आपने साहेबजीसे यारी अपने धनिसे यारी कर बंदे ।। ध्रु० ॥ बहोत बहोत मिलत हम कर कर देखे । कहू अनरंग करारी ।। १ ।। अंधेकी क्या आरसी लंगरेके पंथ । और बहेरेके बकारी ।। २ ।। गंडवेकी क्या नोकरी नादान की सोबत और ठूंठेकी करारी ।। ३ ।। कहत कबीरा सून भाई साधु गुणिजन ये अंधकारकी खुदरत न्यारी ॥ ४ ॥

१३१. अंधे चाल चलत सब जुठीरे । तेरी दोनु आंखिया फुटीरे ॥ ध्रु० ॥ दमडीके कारण मन ललचावे । बांध रखे पदका जोडा । दशबीस कंठीं बांधकर बैठे । रामभजनका घोडा ॥१॥ मन्छा तेरी मंझार जैसी । कावा ब्रह्मज्ञानी । रामनामका परचा न पाया । तो डुब जावे अभिमानी॥२॥इंद्राके मद राता माता । बांधे करमके भारे । कहे कबीर सून भाई साधु । तोरे मइनुसे न्यारे ३

१३२. देख देख कर गुंगा बहिरा । काहेकू दिवाना भया है । रामनामाबिना खाली जाके । वहां क्या फल तुजे पाया है ॥१॥ बहुत जनम फिराफिरके । ये नरतनुसे आया है । मेरा मेरा करकर बाबू । आखर जमाना खोया है । वेद जाने शास्त्र जाने । जाने पुरानोसे बाता है । कुरान किताब वोही सुनके । फिरफिर गोती खाता है । कहत कबीर सुनो भाई साधु हुशार रहना अच्छा है । रामराम बिना मुगत नही । येही पंथ सच्चा है ॥ ४ ॥

१३३. कायकू देह धरोरे अभागी ॥ काय ॥ध्रृ०॥ इस सुख ब्रह्मा इस सुख पायो । निज क्यौं बिसरोरे ॥ अभागी काय० ॥१॥ श्यामसुंदरकी सेवा चूकी । उपजत क्यौं न मरोरे ॥ अभागी काय० ॥२॥ कहत कबीरा सुन भाई साधु । नहीं तों नरकीं परोरे ॥३॥

१३४. क्यौंरे प्रभुजीकूं भजता नहीं प्रानी बहुत जनम दुःख पावेगा ॥ ध्रु०॥ यहां तुज भावे शेज सफेती वहां तुज कोन चढावेगा ॥१॥ यहां तुज गुरुका नाम नहीं तो वहां तुज कौन छुडावेगा ॥ २ ॥ कहत कबीरा सुन भाई साधु जनम फेर नहीं आवेगा ॥३॥

१३५. केत्ते बन रहेयो उदासी ओ भ्रमरा ॥ धृ० ॥ मुख तेरो पिलो बदन तेरो कालो सबही फुलनको खासी ॥१॥ पातोही पात फेर लियो है जीस डाल न फूल खाशी ॥ २ ॥ सबही फुलोमें भ्रमर बेठे चंपा रहियो निरासी ॥३॥ कहत कबीरा सून भाई साधु लेकरवत जाऊं कासी ॥ ४ ॥

१३६. पांडे कोन कमथ तोये लागत दिनानाथ जपेरे निसदिन जागत ॥ ध्रु० ॥ ज्यौं बैठे कछु धरम न कहीयें ऐसें धरम किसे कहीये भाई । बडे बडे मुनिवर मिलके बैठे यामें कौन कसाई ॥१॥

चारो बेद तुम पढ जानयो ज्यौं खबर लाधयो भार । रामही नाम-को मरम न जान्यो तूं क्यौं कर उतरेगा पार ॥२॥ पढपढ पोथी भवन गमायो अंतर मय न पायो । कहत कबीरा सुनभाई साधु दुनियां धंदे लगायो ॥३॥

१३७. नजर न आवे आतम ज्योती ॥ धु० ॥ तेल ना बत्ती बुज नहीं जाती नहीं जागत नहीं सोती ॥१॥ झिलमिल झिलमिल निशिदिनीं चमके जैसा निरमल मोती ॥२॥ कहत कबीरा सुन-भाई साधु घरघर बाचत पोथी ॥३॥

१३८. चलो जावोजी कदर नही जानीरे ॥धृ०॥ छोटासा कुवा थोडासा पाणी । उसमे डुब रह्या अभिमानी ॥१॥ मंदिर जाकर फत्तर पूजत है । तीरथ जा पूजो पानी ॥२॥ कहत कबीरा सुनभाई साधु । जीन्ने जानी उन्ने मानी ॥३॥

१३९. साही तेरे इचन न कळो आदेश ॥ ध्रु० ॥ पानीसे पिंड रचू मोरे साहेब । सीसपर कारो केंस ॥१॥ब्रम्हा जाके पार न पावे । नाम न हुवो देश ॥२॥ जल बिचल कमल कमल बिच स्थापा । छाया रहे चहूं देश ॥३॥ कहत कबीरा सुन भाई साधु । जरो तु-मारा भेश ॥४॥

१४०. काहेकू जंगल जाता बच्चे। काहेकु जंगल जाता ॥धृ०॥ घर बैठे रामही देखो । अंदर भीतर भरपुर उजाला भयो आप-नेही सात ॥१॥ येही जनम सुखके कारक साधु संतसो मानो । जान जायगी क्या फल पाया इतना कहना मानो ॥२॥ बडा कुवा आगे भया । काहेकू इसमें डुबता । जोरू लरके नाता पुती । आखर आकेला तूं जाता ॥३॥ कहत कबीर सुनोभई साधु । अखंड भजो तुम राम । भजन करो किसे ना डरो । जमका कछु न चले काम ॥४॥

१४१. जोगी जंगमसे बडा संन्यासी और फकीर बरिमाये । बम्मन सोई बेद बखाने दत्त दिगांबर ध्याये ॥१॥ जोगी जोग जुग-तकु पाये । अंतर जोग निरंतर ध्याये ॥धृ०॥ अलख पुरूखका लाग्यो ध्यास । सो जोगी रहे निरास ॥२॥ जंगम सोई आगन सुझे ।

स्वयं लिंगकु मनमों बुझे । मन पवनमें रहे उदास सोही जंगम न धरे आस ॥३॥ जो परम पुरुखकू अंतर ध्याय । सो संन्यासी समरस होय । दश पवनकी बांधी लोथ । ब्रह्म भुवनमों निर्भय सोत ॥४॥ सोफी साफ गैबी अवाज । दिल्लगीसे पढो निमाज । अलख अल्लाकी करे जीकीर । सो फकीर है बेफीकीर ॥ ५ ॥ ब्रह्मन सोई बेद बखाने । आत्मग्यानसो अंतर ज्याने । जनम मरनका वारा फंद । अक्षयपदमों रहे निर्बंध ॥६॥ जती जंद संतकु राखे ठौर । जत पुरुखकी करनी सार । जेतें संतसे रहनी धरे जती जुग जुग तरे ॥७॥ सब घट दया एक निरंतर । सो घर-बसी सफेद कलंदर । रामानंद गुरुका दास । कबीर कहे उनोकी चरनकी आस ॥८॥

१४२. सफेत कलंदर फकीर । बावा सफेत कलंदर फकीर ध्रु० काम क्रोध मद मत्सर काटो । उन्मनी ज्या घर बैठो । मारो आसन बैठो त्रिकुटपर । करतारकी जिकरी ॥१॥ अंदर भगवा कियोरी बावा । जोग जुगूत भरपाई । खुदाके नामपर लगन लगाई चुकी कमलपर लखिर ॥२॥ ऐसी फकीरकी थोरी बावा जो सकुल सब तारी । कहत कबीरा सुनभाई साधु । सिताराम गुरु प्यारी ॥३॥

१४३. मंतर तंतर सबही जाने । कछु जान नहीं इसमें । काहे-कू भाई ढोंग धतुरा राम जपो मनमों ॥१॥ बेद पुराना शास्तर पोथी । सबही आपने आपने तनमों । कुरान किताब निमाज रोजे । सब भयो दरशनमों ॥२॥ जीदर उदर मुशरद मौला । भरपुर है सब घटमों । जंगल जाके क्या देखेगा फतर पानी भरा उनमों ॥ ३ कहत कबीर सुनो भई साधु । भया उजाला जंगलमों । राम नाम बिना मुगत नही । यही देखो आपने मनमों ॥४॥

१४४. हम बिगरे तो बिगरे भाई । तुम बिगरी तो राम दुहाई ॥धृ०॥ गंगाके संग सरिता बिगरी । ओ सरिता गंगा हो निबरी ॥ हम बिग० ॥१॥ पारसके संग लोहा बिगरा । ओ लोहा कांचन हो निबरा ॥ हम० ॥२॥ चंदनके संग तरवर बिगरा । ओ तरवर चंदन हो निबरा ॥ हम० ॥३॥ संतनके संग कबिरा बिगरा । ओ कबिरा रामही हो निबरा ॥ हम० ॥४॥

१४५. हरि बोलो भाई हरी बोलो भाई । हरी ना बोले वांकू राम दुऱ्हाई ॥१॥ काहेकू पढता खिन खिन गीता । हरिनाम- लिया सो सब कुच होता ॥२॥ मेरा मेरा कर कर क्या फल पाया । हरीके भजन बिन झूट गमाया ॥३॥ कहत कबीर हरिगुन गाना गावत नाचत बैकुंठ जाना ॥४॥

१४६. साधूकी संगत धरो । जनम सारथक करो ॥१॥ काहेकूं पढता खिन खिन गीता । दो अच्छर मनमों धरो ॥२॥ बेद पुराना शास्तर सुनके । चहोरी चोऱ्याशी मत फिरो ॥३॥ एकही राम और कछु नहीं काम । येही ग्यान ध्यानमों धरो ॥४॥ कहत कबीरा सुनभाई साधु । सुखके सुख धाम चढो ॥५॥

१४७. तीरथ कोन करे । हमारो तीरथ कोन करे ॥ ध्रु० ॥ मनमोही गंगा मनमोही जमुना । मनमोही स्नान करे ॥१॥ मनमोही आसन मनमोही कडासन। मनमोही मौन धरे ॥२॥ मनमोही माला मनमोही मुद्रा । मनमोही ध्यान धरे ॥३॥ कहत कबीरा सुनोभाई साधु । भटकत कौन फिरे ॥४॥

१४८. दश इंद्रिय और पंचप्रान । काहेकू तुज अल्ला देवे सुजान । मुखकमलसो मिठी बात । राम जपोरे दिनरात ॥२॥ संत पगसो शीर धरो । और हरीका भजन करो ॥३॥ रामनामकी कथा सुनो । और कुच ना मन मानो ॥४॥ कहत कबीर सुनोभाई साधु । येही घोडा येही मैदान ॥५॥

१४९. आब साधु खेलो डाव । एक बचनसु नीका भाव ॥धृ०॥ काहांसो आये बाबा कौन तुमारा धाम । कौन तुमारी मुद्रा कौन तुमारा नाम ॥१॥ निरशून्यसो आये बाबा । शून्य हमारा धाम । मन हमारी मुद्रा अलख हमारा नाम ॥२॥ कौनसो जोगी कोनसो रावल । कौनसो डंबी कौनसो चावल ॥३॥ कौन शक तुम कौन लिखायो । कौन पंथ तुमारा गुरु दिखायो ॥४॥ शब्दशब्दका करो उपदेश । राखो मुद्रा करो आदेश ॥५॥ हम तो जोगी जोग सब जुग जावल । धरतरी डंबी आधर चावल ॥६॥ किन्ने दीया दंडकमंडलु किन्ने दीया धारी । किने दीया भगवा बस्तर । काया कीये ब्रह्म-

चारी ॥७॥ जिने दीया दंड कमंडल । ब्रह्मा दीये धारी । बिष्णु दिया भगवा बस्तर । गुरुमुख हो ब्रह्मचारी ॥८॥ बड पिपलकू किते ताप । धरितरि गीने किते हात । मेघ बरसे किते धारा । गगनमंडलमों किते तारा ॥९॥ बड पिपलकु दो ताप । धरतरी गीने औट हात । मेघ बरसे एकही धार । गगनमंडलसो दोई तार ॥१०॥ सो सो सैली गैबीनाथ । आलेख मुद्रा पाया सात । धीरसो पतर न गैबी प्याला । नवानिख झोली खाये निवाला ॥११॥ काम फावडी अनुहात तुंब । परचित देखो भयो उजाला । कहे रामानंद गुरुमत बाला । उनोके चरन कबीर मीला ॥१२॥

१५०. काय सोंचत बारेबारा । हरका नाम लेले गवांर। ॥धृ०॥ कछु पढा और कछु बाचा कछु सुना बेद पुरान ॥ हरका० ॥धृ०॥ जो पढे बाचे सूध होई उनकू सहेज मिले सांईरे ॥ हरका० ॥२॥ पांच चोर मिल घर भाज्या घर लुटत देन उरसंजारे ॥ हरका० ॥३॥ जिस घरपति भक्कम होई सो घर लूट न सके कोईरे ॥ हरका० ॥४॥ येतो बेली बेलि जिसे कहीये वांकी बेलत सिचन रहीये ॥ हरका० ॥५॥ जब पानो फुलो फल लागा जब जनन मरन भये भागा ॥ हरका० ॥६॥ जब दरपन मांजत रहिये तब मुखरा देखत पाईये ॥ हरका० ॥७॥ जब दरपन चढी काठही पे तब दरशन कियो न जाईये ॥ हरका० ॥८॥ कछु किया न कछु कीजिये सांई आगु लेखा लीजीये ॥ हरका०॥९॥ जाकी करनिमें कुछ खुटे वांकूं पकर पकर जम लुटे ॥ हरका० ॥१०॥ एक बेल हमारा खोरा बेल तेरा भाव भरा ॥हरका०॥११॥ मैं बारबार पस्तानी तले किचर चोर उपर पानी ॥ हरका० ॥१२॥ जाको जम सरिरको बेली सो क्यों सोवे निंद बनेरा ॥ हरका० ॥१३॥ जब पार उतरनहारे चाहिये तबके बटसे मिल रहिये ॥ हरका० ॥१४॥ जब उतरेगा ओह पारा तब हम तुम कौन संसारा ॥ हरका० ॥१५॥ अंधारमें दीपक चाहिये तब वसत अगोचर पायीये ॥ हरका० ॥१६॥ जब वसत अगोचर पाई तब सेजे सोत समाई ॥ हरका० ॥१७॥ बाजीघरमें बाजा बजाये सारी आलम तमाशेकू आये ॥ हरका० ॥१८॥ बाजीघरमें

बाजा जो खोला सो आपही आकेला ॥ हरका ॥१९॥ दास कबीरनें जोग जाना जोग आना जोग माना ॥ हरका ॥२०॥ दास कबीर हरद्वार रीझे मूरख क्या जोग बुझे ॥२१॥

१५१. है कुई ऐसा मुरशद मौला । मुजेसे खुदा बतावेगा १ पंचतत्त्वके दरगा म्याने । कुरान किताब सुनावेगा ॥२॥ मेरा दिलके म्याने मुजे । रामरहिम बतावेगा ॥३॥ कहत कबीरा सुन भाई साधु । मै ऐसा दुजा देखूंगा ॥४॥

१५२. तन महिजतमें मन मुल्ला रहे । चितके चितमें बाग देख ॥१॥ अक्कल कुरानकी खोज करले भाई । हातकी तसबी हात लेके ॥२॥ जो कोई असल मुसलमीन होवे । सो ऐसा नमाज पडता रहे ॥३॥ कहे कबीरा करा रावे । जबी साहेब आशक होवे ४

१५३. अव्वल शीर तो महीजद है । दो नैन तो रसुल्लीला है । कान तो नबी है । नाक तो कबर है । मूतो मक्का है । हात तो हजरत है । पेट तो दोजक है । पाव तो मुशाफर है । कहत कबीरा सुनो संतो । एही दरगा कबूल है ॥१॥

१५४. करना फकिरी भजना साहेब । क्या चिरानी आसरे । घर घर तुकडा मांगकर खाना । कछू न रखना पासरे ॥१॥ काखे कामलिआ और हाथमें तुंबडी । जंगल करना बासरे ॥२॥ कहत कबीरा सुन भाई साधु । एक साहेब रखना पासरे ॥३॥

१५५. निंदा मत करना किसकी सच्ची बात कबीरजीकी ॥ धृ० ॥ साचा झूटा दोनो भाई खुदानें बनवाया । भगतकी निंदा भगत करे सो ओई नरकमें गया ॥१॥ जिसकी करनी उसकी भरनी तूं क्यों दिलगिर भाई । रावननें तो आपनी लंका खोई भरी बादशाही ॥२॥ कौरव पांडव दोनो भाई एक सच्चा एक झूठा । सच्चा तो बैकुंठ जावे झूठा नरकमें बैठा ॥३॥ जो करेगा सोही भोगेगा ह्यां क्या किसका जाता । कहत कबीरा सुन भाई साधु एक सच्चा एक झूठा ॥४॥

१५६. हिंदु घरममें बम्मन आवे । मुसलमीन घर काजी । राम रहीम एकही जाने । नही समजे सो पाजी ॥१॥ कबीर कहे मैं

कित्ता फिरूं । कोई सुनता नही मैं क्या करूं ॥ध्रु॥ मुसलमीन तो करे सुन्ता । हिंदु छिदावे कान । दोनो चोर मिलगये यारो । बडे मरत बैमान ॥३॥ कहत कबीरा सुन भाई साधु । ऐसा लोगोका वाना । सिधी बात कहनेकू जाऊं । तो सबसे बुरा माना ॥४॥

१५७. बाबा हृदय हरकूं देखा ॥ ध्रु० ॥ ठाकूर द्वारीं बम्मन बैठा मक्के आंदर सीधारे । एक गुरुके दो है चेले एक निमाजी एक पुंजारीरे ॥१॥ आपी भटी आपी मतमर आपी चुवावनवालारे । आपी पिवे और आपी पिलावे सांई मतवालारे ॥२॥ आपी माल आपी खजाना आपी लुटावनवालारे । अपने घरकूं आप लुटावे आप नहीं घरवालारे ॥३॥ आपही काजी आपही मुल्ला आपही न्यायवालारे । कहत कबीरा सुनभाई साधु सबका एकही अल्लारे ४

१५८. राम रहीम करीम केशव अलख नाम एक साचा है। जिसकूं तुम बिसमिल्ला कहते । बिष्णु हमारे सांई है ॥ ध्रु० ॥ ॥१॥ बम्हन होकर जनवा पेने । बह्मनिकूं क्यां पेहेनारे । जनम जनमकी घरमें भुजरनी । उने परसा तुनें खायारे ॥ २ ॥ सुंता करके पाक बन बैठे बीबीकूं क्या कियारे । खोलो किताबा साचो मिया काजी आधा हिंदु घरमेंरे ॥३॥ कोई कहे करवा कोई कहे बदना । करवा बदना एकही है । कहत कबीरा सुनो नर अंधे । हरी हजरत दो एकही है ॥ ४ ॥

१५९ तेरा अच्छा बी होयगा। तेरा भला बी होयगा ॥ध्रु०॥ गुरूनाथकी सेवा करले भूखेंकूं कुछ देना । साहेब घरका हिसाब यारो जमाबंदिसे रखना ॥१॥ इस दुनियामें भालि भलाई करले बाबा आपनी । दुर्जनका संग मत कर यारो दुनिया बडी तुफानी ॥२॥ कहत कबीरा सुनभाई साधु बोले दिलसे बाता । रामनाम तूं भजले प्यारे वोही सबका दाता ॥३॥

१६०. आखया नामकु येही प्रताप । ज्यासो मिटगये सब संताप ॥१॥ आखया नाम ज्याके हृदयीं होई । भूत दूत मिटगई दोई । बंत्र मंत्र बीर बेताल । जिनसे डरते कांपे काल ॥२॥ काल कलई सब दुख भाजे । प्रताप सब्द जहां गाजे ॥३॥ करकर निर्मल अंगशरीर । दया करे साहेब कबीर ।

१६१. आरोगो रघुबीर महा प्रभु आरोगो ॥ टेक ॥ प्रफुल्लित होय परोसे जननी ढौरत सीत समीर ॥१॥ कनक थार जाडित कटोरा मेवा मिठाई अरु खीर ॥२॥ छपन भोग छत्तीसो बे जन नानाविधिको सीर ॥३॥ राम लछिमन भरत शत्रुघन राजत चारो बीर ॥४॥ जनक सुता झारी भरी लाई सरजूजीको नीर ॥५॥ चोवा चंदन मिली केसर घोरी चरच्यो श्याम सरीर ॥६॥ आचवन करके बीरी लीजे गावत दास कबीर ॥७॥

१६२. राम भजनकूं दिया कमलमुख राम भजनकूं दिया ॥ धृ० ॥ लख चोऱ्याशी फेरे फिरकर सुंदर नरतयु पाया ॥१॥ खाया पिया सुखसे सोया नाहक जमाना खोया ॥२॥ जो मुख निशि-दिनीं रामनाम नहीं । वहां तुम कछुं नहीं किया ॥३॥ कहत कबीरा सुनभाई साधु । आया वैसाही गया ॥४॥

१६३. सुन सुन साधोजी राजाराम कहोजी ॥ धृ० ॥ भाव भक्तिका भुका सांई जोग जुगत नहीं पावे । भगत भूल गये राम दिवाने निजपद वांको देवे ॥१॥ व्याधका आचार कियाथा ध्रुवकी उम्मर थोडी । गजेंद्र कहां बिद्या पढाथा जात विदुरकी कडवी ॥२॥ क्या मरदुमी उग्रसेनकी सूरत क्या कुब्जेकी । धन भारीसे राम मिलत बत जाने सुदामजीकी ॥३॥ कहत कबीरा सुनभाई साधु राम मिलत है भक्ति । जंतर मंतर लटपट हुवे राम भजनसे मुक्ति ॥४॥

१६४. भवभंजन गुन गाऊं । रमते रामकूं रिझाऊं ॥ धृ० ॥ ग्यान कटारी कसकर बांधी सुरत कमान चढाऊं । पाचोमार पचि-सो बसकर काया नगर बसाऊं ॥१॥ पंचमुखी गंगामें न्हाऊं मान गुमान वाहूं ॥२॥ पंचतत्वका घट भीतरमों सो बिरहा लगाऊं ॥३॥ तन कर घोडा मन कर चाबुक मिलकर निल गाऊं ॥४॥ कामक्रोधकी गर्दन मारू तब मुजरेकुं जाऊं ॥५॥ आगे आगे उंट सलेदा पाछे नौबद बाजे । दास कबीरके लाल बंदुक जमका शीर पुरगा बाजे ॥६॥

१६५. घुंगुटका पट खोल । तुजे राम मिलेगा ॥ धृ० ॥

घट घट बिचमें राम रमैया । झुटा पचरंग खोल ॥१॥ शून्य मेहेलमें दीप बिराजे । बाजे अनुहात ढोल ॥२॥ कहृत कबीरा सुन भाई साधु । रामनाम भर तोल ॥३॥

१६६. अब तुम कब स्मरोगे राम । जिवडा दो दिनका जजमान ॥ धृ० ॥ गरभ पनोमें हात जुडाया निकल हुवा बैमान ॥१॥ बालपनोमें खेल गमाया तारुनपनमों काम ॥२॥ बुढ्ढेपनमों कांपन लागा निकल गया अवसान ॥३॥ झुटी काया झुटी माया अखर मोत निदान ॥४॥ कहृत कबीरा सुन भाई साधु यही घोडा मैदान ॥५॥

१६७. अजोध्यानगर चलो देखो मेरी सजनी राजा दशरथजीको रामजी भये ॥ टेक ॥ कौन घरे भरत भये सजनी कौन घरे राजा रामजी भये ॥१॥ भोर होत भरत भये सजनी मध्यदिवस राजा रामजी भये ॥२॥ बाजत ताल मृदंग झांज डफ और नौबत पर चोप भये ॥३॥ तंबुवन तंबुवन नाचत ताफये सब रघुबंसी मगन भये ॥४॥ हरे हरे गोबर अंगना ढिपाये मोतियन चौक पुराये ॥५॥ अपने अपने भुवन ते निकसी गज मोतीयनके थार लये ॥६॥ चैतमास नौमिकी पूजा सुखें सरोवर नीरभरें ॥७॥ कहृत कबीर दया सत्गुरुकी घरघर मंगलचार भये ॥८॥

१६८. निरधनको धन राम । हमारे निरधनको धन राम॥धु०॥ चोर न लेवे घटुही न जावे बखतपर आवे काम । हमा०॥१॥सोवत बैठत जागत उठत जपना हरिहर नाम । हमा० ॥२॥ दिन दिन होत सवाय सवाय खुटत नहीं एक दाम । हमा० ॥३॥ ठाकोर चले नगर दरबारे पास नहीं छदाम । हमा० ॥४॥ कहृत कबीरा सुन भाई साधु पारसको नहीं काम । हमा०॥५॥

१६९. रामनाम धार चमकत है तरवार । ऐसी लढाई होती यारो । तुम रेहेना हुशार ॥१॥ मन पवनके घोडे छुटे उपर अनुभव स्वार । हात म्याने बोध भाले और है कटियार ॥२॥ संत बचनमों पाऊल है बंदुक बाहारदार । साधकी तो कमान बनाई लक्ष लगाय तीर ॥३॥ प्रेम खडा कुंजर देखो झुलमों कैसा झुलता

है । पापी दुस्मनके छातीपर पग देखे चलता है ॥४॥ ऐसी लढाई करके सबही मान गुमान रखना है । कडकडाट भजनका तोफखाना सुनले भाई गोला धरना है ॥५॥ झलकत मोक्ष निशान ना रंग काला ना पिला है । भाव भजनकी फौज बिराजे भाग गयो जम काल है ॥६॥ ऐसा तानबिनाले प्यारे जनम मरन भव भुले है । दिल दर्याव त्रिपुटी माया भवसागरमों झुली है ॥७॥ ताता बहना छोडो संतकू शरन जावोरे । श्रीगुरु रामानंद बिराजे दास कबीर गावोरे ॥८॥

१७०. राम समरले हां पंजरके सोवा ॥ध्रु०॥ जो दिन आज सो कल नहीं अंधे । धंदे करत सम जुग मुवा । राम० ॥१॥ भोर भये दरसनकूं । पंची हार चले जैसे जुवा । राम०॥२॥ कहत कबीरा सुनभाई साधु । नाम लेते मुखमें अमृत हुवा ॥३॥

१७१. रामजीसे राजी । मेरा दिल रामजीसे राजी ॥ध्रु०॥ नंगाही आवे नंगाही जावे झूटी लगाया बाजी । राम० ॥१॥ सागर उप्पर सिला तराया मारा रावन पाजी । राम० ॥२॥ बेद पढ पढ पंडित हुवा और मुल्ला काजी । राम० ॥३॥ कहत कबीरा सुन भाई साधु बैकुंठ नौबद बाजी । राम० ॥४॥

१७२. तूं तो राम सुमर जग लरवा दे ॥धृ०॥ चंडी भैरव सितला देवी फत्तर पुजत वांकु पुजवा दे । तूंतो० ॥१॥ हाती चाल चलत गत अपनी कुतर भुकत वांकु भुकवादे । तूं तो ॥२॥ कोरा कागद काली साई लिखत पढत वांकु पढवादे । तूं तो०॥३॥कहत कबीरा सुनभाई साधु नरक पचत वाकु पचवादे । तूं तो ॥४॥

१७३. जमसे नही डरुंगावे । हरीका भजन करुंगावे ॥ध्रु० अहंता मारूं ममता मारूं खानजाद मैं कहांऊ । मन मेरा अव चौकस राखूं चीत चैतन मैं मिलाऊं ॥१॥ रामनामका घोडा मेरा मैदानें दवडाऊं । भजन प्रताप हातमें बरची सन्मुख लेकर जाऊं ॥२॥ और लोक कसबोंके चाकर मैं हुजुरका काजी । काम क्रोधकी गर्दन मारूं साहेब राखूं राजी ॥३॥ मैं साहेबका साचा चाकर मेरा नाम कबीरा । सब संतनकू शीस नमाऊं जोहरी पारखे हिरा ॥४॥

१७४. खेती करो हरि नामकी मनवा खेती करो हरि नामकी ॥धु०॥ पइसा न लागे रुपिया न लागे कवडी न लागे फुटकी ॥ खे० ॥१॥ मनके बैल सुरत पोहावे रासि लगाऊं गुरु ग्यानकी ॥ खेती० ॥२॥ कहत कबीरा सुन भाई साधु भक्ति करो हरि॰ हरकी ॥ खेती० ॥३॥

१७५. हरको नाम बगोल मेरा भाई। ऐसे बगोल बगोल जैसे तवहुन जाई ॥धृ०॥ मन करूं भट्टका तन करूं नीता इसही मटकेमें माखन किता ॥१॥ नाहनेकूं हरध्यान जपनेकुं ओई तान सोनेकूं नीर मसान कवीर रेन मसतान ॥२॥

१७६. हरिका समरन करले बंदा काहेको बेपार है धंदा ॥ धृ० ॥ जबसे काया उतर खरी है या नगरीकी बसतीमाही। तबसे माया जबर भरी है या भितरकी जगतीमाही ॥१॥ झूटी काया और झूटी माया राजा रंक सबी लोभाना। बचन जो गुरुका सबने गुमाया दो दिन रहेना और जाना ॥२॥ भूला मन सो बीच जिंगा जिंगा होकर क्या बढाई । मरम ना जाने मन दुखादिये हुई नरकसे नैन लढाई ॥३॥ धन जोबनसे बदन छुपाये किया सब झूट तमासा। मगरूरीका युध क्या जमाये उस दरम्यान हुवा बासा ॥४॥ कहत कबीरा सुन भाई साधू अज्ञान क्यौं ग्यान धरे। मूरखसो हर भूल निसदिन पूजत फतर वामें मिले ॥५॥

१७७. हरी नामके बेपारी हम हरी नामके बेपारी। अमुक हिरा हात लागा साची जबान हमारी ॥ धृ० ॥ तन करूं बेल सुरतकूं वेढा ज्ञानकी गोन भरदारी। किन्ने लादा तांबा कंचन किन्ने लादा सोपारी ॥१॥ साहेब नाम हृदय बसत मनकी माया सब टाली। आप निरंजन होकर बैठे मोये भरंवसा भारी ॥२॥ ना सिर जटा ना कान मुदरा ना गले कंठा भारी। तूं प्रतिपाल दोनो जुगतरे किताएक बात तेढी ॥३॥ उनने लादा माल धन उननें लादा सुंदर नारी। दास कबीरनें रामनाम लादा है भिर्नी खेप हमारी ॥ ४ ॥

१७८. हरबिना कोई काम न आयो। झूटे झूटे परपंचमें

मोह्यो । रतन सरिखे जनम तूं खोये ॥धृ०॥ अनेक अनेक उपाय करता मातानें एक पुतर जिआयो । (हाँरे) रची लाड लडायो ॥१॥ गुरु धनी तेरी सेवा साची मेरी माया झुटी (हाँरे) मैं तुई समरनको फल पायो॥ २॥घरकी इस तिरया कहती धनी तेरे संग चलुंगी (हाँरे) घुत धन सच खायो ॥३॥ कंचन कलश समाल करके संसारमाही दु:ख रह्यो (हाँरे) रची रचीं भवन बनायो ॥४॥ जब तेरा पेगाम सरपर अंतकाल ललकारयो (हाँरे) एक पलक रेहेने न पायो ॥५॥ झूट ठग माया मोहनो परपंच सब कियो (हाँरे) रतन जैसो जनम गमायो ॥६॥ कहत कबीर सुन काल बखत छोड दिनो धागो (हाँरे) ताटी बांध अकेलो पोचायो ॥७॥

१७९. हरी भजनकूं मानरे मतकर मोह तूं रे ॥ ध्रु० ॥ नयन दिये दरसन करनेकूं । स्रवण दिये सुन ग्यान रे ॥१॥ चरन दिये तीरथ करनेकूं । हात दिये कर दान रे ॥२॥ कहत कबीरा सुनभाई साधु । कांचन निपजत खान रे ॥३॥

१८०. हरि तो नाम न लेत गवारा । काहे सोत बारोबारा ॥ हरि० ॥ध्रु०॥ जद पार उतरना चहीये । जद उतर उतर भये पारा । फेर इतहीक उत संसारा ॥१॥ जद दरसनको चित चाहीये। दरपन नित मांजत रहीये । तेरे दरपनमें लागी कायी । फेर दरसन कहांसे होयी ॥२॥ जद पान फूल चाहिये । बिरहा नित सींचत रहिये । तेरा बिरहा गया कुमलई । पान फूल कहांसे पायी ॥३॥ बाजीगरनें जो बाजा बजाया । सब खलक तमासेको आया । बाजीगरनें जो डंका सहेला । फीर रहे गया आप अकेला ॥४॥ जो राम नाम गुन गावे । सो बैकूंठ वासा पावे । जिन्ने सद्गुरु पुरा पाया । उन्ने दिलका भरम गमाया ॥५॥ देखो देखो गरिब जनकी करनी । वांके अंतर बीच कतरनी । ओ कतरनीकी गांठ न छुटे । बांको हुकम हुल समज लुटे ॥६॥

१८१. ग्यान कटारी मोहे कसकर मारी । सत्‌गुरुकी बल हारी ॥धृ०॥ ग्यानका बान हिरदे बिच लगा । सबदका मारा होगया न्यारा ॥१॥ नहीं मोहे ढाल नहीं तरवारी । लग गई मोरे कले

जेमे करी ॥२॥ ये मन मस्तक ह्यां नहीं माने । वांको संदेह मैं वारी कहे कबीर सुन भाई साधु । टूक टूक कर डारी ॥३॥

१८२. ग्यानका शूल मारा सद्गुरुनें ॥धृ०॥ छुरी नहीं मारी कटारी नही मारी शब्दो का बान मारा ॥ ग्या० ॥१॥ आखनमों अंधा काननमों बहिरा पाव पांगुल कर डारा ॥ ग्या० ॥२॥ काया कोटका दस दरवाजा घायल अनु पुकारा ॥ ग्या० ॥३॥ देस देसके बैद बुलावे ओसद मुरसत धाया ॥ ग्या० ॥४॥ ओसद बेसद कछुना लागे क्या करे बैद्य बिचारा ॥ ग्या० ॥५॥ कहत कबीरा सुन भाई साधु जगसे हो जा न्यारा ॥ ग्या० ॥६॥

१८३. गुरुबिन मारग नहींरे कबीरा गुरुबिन मारग नहींरे कबीरा ॥ ध्रु० ॥ एक दोन तीन कहके पकरत बेद पुराना । जो बेद पंथका भेद न जाना पानीमें डुब डुब मुवारे बमना ॥ गुरु० ॥१॥ कानमें कुंडल रुद्राक्ष गलेमें जंगम काहेकूं होना । जो लिंग पंथका भेद न जाना लिंग पुजपुज मुवारे जंगमा ॥२॥ अव्वल काजी मसीद मुल्ला नहीं तो निमाज पढना । जो और पंथका भेद न जाना ध्यान धर धर मुवारे मुल्ला ॥३॥ कहत कबीरा सोय करे तुम अपने अपने धरम गुरुसे । पिछान करोरे बाबा ॥४॥

१८४. कर समरनके रंग होरी खेलीये । ये ध्यान पकडा गायन के रस भये । या बुध मनसे लढिये ॥ध्रु०॥ सुरत निरंग और रंग रागिणी कौन चंगसे गाइये । पांचसखी मिल उठउठ गावे उनसे लोका चली चंग चाहिये ॥१॥ ताल पखवाज मुरदंग बासरी आनंद नाद बजाइये । काम क्रोध लोभ मोह मत्सर भरभर अबीर उडाइये ॥२॥ प्रेम प्रकाश अनन भये अंतर आवन गावन सुनाइये । कहत कबीर सुन-भाई साधु सद्गुरुसे बावा गाइये ॥३॥

१८५. करमकी बात है न्यारी हो । कोई दोख न दीजिये ॥ध्रु० काहेकूं चंदन रन बन उपजे काहेकूं ये रद फुलवारी हो ॥ कोई० ॥१॥ काहेकूं बंगला सफेत बन रहै काहेकूं कोयल भयी काली हो ॥ कोई० ॥२॥ काहेकूं कुवा जल मिठा लगत है काहेकूं समुदर भये खारा हो ॥ कोई० ॥३॥ काहेकूं मुरखवा राज करत है

काहेकूं पंडित भिखारा हो ॥ कोई० ॥४॥ कहे कबीरा सुन भाई साधु गुरुके चरन बलहारा हो ॥ कोई० ॥५॥

१८६. ऐसा कोई आदली आद्दल चलावे। नगरीमें चोर घुसने नहीं पावे ॥ धृ० ॥ पांच पच्चीस एक घर लावे। चित्त चबूतरे न्याय चुकावे ॥१॥ बीन तोफ तजी हां होत आवाजा। बिन समसेर पकर लियो राजा ॥२॥ सोहंके घर होत आनंदा। मिट गये तिमिर उदय भये चंदा ॥३॥ चेतनके घर पहेरा जागे। जुगल चोर कहांसे लागे ॥४॥ कहत कबीर सतगुरु संग जागे। इस नगरिकूं डंख नहीं लागे ॥५॥

१८७. आंजन आंजीये निज सोय ॥धृ०॥ जाय आंजन त्रिमिर नासे। दृष्टी निर्मल होय ॥ १ ॥ आं० ॥ सुगड धोबी सरस साबन। मयल डारे धोय ॥२॥ बैदसो परपींड मेट। बहोरन पींडा होय ॥३॥ धोनु सो जाके ग्रहे अत्रचल। धोय लीजो बिन लोय ॥४॥ ताहे पीया पीया पास पहूंचे। बहोरन पविना होय ॥५॥ गुरुसो जो मुक्त दाता। करम डारे धोय ॥६॥ कहे कबीरा कसा दिल होय। आंजन आंजीये निज सोय ॥७॥

१८८. सीताराम भजन कर लिजीओ मनवा गुरु भजन कर लिजिओ ॥ धृ० ॥ भुखे अन्न पियासो पाणी नंगे वस्त्र दीजियो। मेरे मनवारे सीताराम भजन कर लिजिओ ॥१॥ माटी ओडना माटी बिछाना माटीका ठीलना। मट्टिका कलबुद बनाया आखर मट्टिमें जानारे। ओ क्या तन मरताहै रे मनवारे ॥२॥ माया छोडो काया छोडो छोडो घरकी आस। इस दुनियाकी बस्ती छोडो बिंद्राबनी कर बास। मेरे मनवारे सीताराम भजन कर ॥३॥ कहत कबीरा सुनभाई साधु रामनामकी लूट परा है। लूट न होय सो लूट आखेरको पस्तावेगो। डाव तन मन हो जायगा धूल मेरे मनवारे सीताराम भजनकर लिजीओ ॥४॥

१८९. गुरु बिन कौन बतावे बाट ॥ धृ० ॥ बडा विकट यम घाट ॥ गुरु० ॥१॥ भ्रांति की बाडी नदियां बिचमों। अहंकारकी लाट ॥२॥ मद मतसरकी धार बरसत। माया पवन घनदाट ॥३॥

काम क्रोध दो पर्वत ठाडे । लोभ चोर संगात ॥ गुरु०॥४॥ कहत कबीरा सुन मेरे गुनिया । क्यों करना बोभाट ॥ गुरु० ॥५॥

१९०. गुरुजी आसरा तेरा । स्वामी आसरा तेरा ॥ धृ० ॥ जगत ये रेनको सुपनो । समज देखो कोई नहीं आपनो । लेये लोभकी धार । भय्या सब जात संसार ॥१॥ देवो जन भुल तन गोरा । जगतमें जिवना थोरा । तजो मद लोभ चतुराई । रहो निरससे जुगमाही ॥२॥ पात ज्यूं डालसे छुटा । घडा जो नीरका फुटा । तैसे जन जान जिंदगानी । आबहूं क्यौं न चेतो अभिमानी । लडकपण खेलमें खोया । ज्वानीमें निदभर सोया । बुढाको देखकर रोया । भजनबिना जिंदगी खोया ॥४॥ ठगकूं भेद नहीं दिजे । इनकूं समजतां लिजो । बिदेसी देशकूं पावे । उनकूं भेद बतलावे ॥५॥ सजन परिवार सुत दारा । रहे उस राज सब न्यारा । निकल जब प्रान जावेगे । नहीं कोई काम आवेगे ॥६॥ देखो जन भूल ये देहा । लगावो प्यारे रामके सनेहा । कटे ये कालका घेरा । कहे कबीर दास जन तेरा ॥७॥

१९१. सद्‌गुरुका मरम न जाना । साधु भाई देखत जग गवरानाजी ॥धृ०॥ हिंदु कहे वो राम हमारा मुसलमान रहिमान । आपसमे दो लड लड मुवे दुर्बुद्धीका यो है पठानाजी ॥ साधु० ॥१॥ केतेक नेम धरमीक होवे प्रात करे आसनाना । आत्माराम बासनकूं पूजे उनका कौन गिनानाजी ॥ साधु० ॥२॥ केतेक पीर आवलिया कहावे पढत किताब कुराना । कहे हो मुराद कालिब बनावे उन्ने अल्ला नहीं जानाजी ॥ साधु० ॥३॥ इस ब्रीद चलत कहेवन हामको आप कहावे शानाजी । कहे कबीर सुन भाई साधु दोनोंके दैवत कौन दिवानाजी ॥ साधु० ॥४॥

१९२. कोयको भरोसा द्रव्य और मायका । कोयको भरोसा गुमान भरो कायका ॥१॥ कोयको भरोसा सीतारामके चरनका । कोयको भरोसा धर्म और दयाका ॥२॥ कोयको भरोसा बेद और पुरानका । कोईको भरोसा कलमें और कुरानका ॥३॥ कहत कबीरा भरोसा मेरे तैं रामका । मोहेते भरोसा संतनके छावका ॥४॥

१९३. दाता गुरु बिन कोई नहीं । जग मांगन हारा हो॥ध्रु०॥ तीन लोकके उपर थारा सबके और फिरताराहो । क्या राजा क्या छत्रपती सब हाथ पसारा हो ॥ दाता० ॥१॥ वहांके उप्पर एक धाम है मोरे साथ पुकारा हो । करमकी बलिया धारके मोरा हंसा उभारा हो ॥२॥ तीरथ तारन सबही गये क्या तीरथ ओ तारा हो। काम क्रोध तोरे धोया नहीं क्या अंग पखारा हो ॥३॥ देवल मंदिर जन गये वहांका तुज पाया हो । कोट तीरथ फल होत ओई एक साधन जमाया हो ॥४॥ मिया नबियाके बागमें मसजद एक काया हो । इयाडुदे तन घर ज्ञानका सतगुरु फरमाया हो ॥५॥ कहत कबीर धरमदासकूं ढुंढत ढुंढत धो ले हो । अंधेकुं तो सुजत नहीं घट घटमाही बोले हो ॥६॥

१९४. कहे कबीर सुना धर्मदासा । सब दबाये न कल हंसा काल दगोये सनत्कुवार । ताको शब्द कहो पुकार । जल बांधुं जलायेन बांधु । देवी अंध कुमारी । धर्मसहित संन्यासी बांधु। कोट आंगसे घाट संहारू। चंद्रसूरज तारांगण बांधु धरती गगन बांधू जमचारी । ताडपर छी छत्र बांधु । हनुमंत बांधु बिरबलधारी । यंत्रफो कोतल बांधु। जाहां था ताहां हाडारी। डांकिणी शंखिनी नारी बांधु । कुलबलाये विष्णूकूं बांधु । उत्तरदिसाये बिभीषणकूं बांधु । मेरी बाचा परे । अनंतकोट सिधकी बाचा टरे सतसुकृतकी फीरे द्वाही । लुत भुत सबी गई पराई ॥

१९५. जयो मन सुकृत सत् कबीर ॥धृ०॥ हंस होयको चलो घरको । उतरो भवजल तीर । चंदर सुरज गगन नहीं धरती नहीं धीर ॥ ज० ॥१॥ धूप छाया उष्ण नहीं बरसे नहीं नीर। बाल तरुण वृद्ध नहीं त्रिगुण ताप सरीर ॥ जयो० ॥२॥ करे आनंद निरमुल मुक्ता गये सुकनी सीर । मुगुट देखे धीट होय बैठे वोढन अमर चीर ॥ जयो० ॥३॥ मनका ज्योत अनुप अस्मानी रखा आग सरीर । धरमदास सत्य पाये । करम कागद चीर ॥ जयो ॥४॥

१९६. साधु दिन भरनेकु आये ॥ धृ० ॥ आवनकू कौन राजीथे । खुसीसे पठाये ॥१॥ बेटा बेटी जोरू लडके सोभी लोक

पराये ॥२॥ मैं जानु कुच सुख उपजोगे वहां पुंजी मुद्दल गमाये ॥३॥ कहत कबीरा सुन भाई साधु । साहेबबिन न सुख पाये ॥४॥

१९७. **साधूकी संगत पायी** ज्याकी पूरन कमाई ॥ ध्रु० ॥ साधुकी संगत संतका बचन अवघड रहा बताई ॥१॥ धना जाठ रोहिदास नामा चवथी मिराबाई ॥२॥ कहत कबीरा सुन मेरो गुनिया जोतीमें ज्योत मिलाई ॥३॥

१९८ **संतनके संग लाल** तोरी अछी बनेगी ॥ध्रु०॥ संतनके संग गंज न लागे । निर्मळ होत सरीर ॥१॥ हंसनकी गत हंसही जाने । वर्म नहीं जाणे काग॥२॥ कहत कबीरा सुनभाई साधु । हरी चरण पर जाग ॥३॥

१९९. **संगत संतनकी करले** जनमका सार्थक कछू करले॥ध्रु०॥ उत्तम नर देह पाया प्राणी इसका हित कछु करले । सद्गुरु शरण जाके बाबा जनम मरण दुर करले ॥ संगत ॥१॥ कहांसे आया कहां जावेगा ये कछु मालूम करना । दो दिनकी जिंदगानी बंदे हुशार होकर चलना ॥२॥ कौन किसीके जोरू लडके कौन किसीके साले । जबलग पल्लोमें पैसा भाई तबलग मिठा बोले ॥३॥ कहत कबीरा सुनभाई साधु बारबार नहीं आना । अपना हित कछु करले भाई अखर अकेला जाना ॥४॥

२००. **संतनके सब भाई** हरजी । सं० ॥ध्रु०॥ जाती बरन कुल जानत नहीं लोग करे चतुराई ॥१॥ शबरी जात भिल्लिनी होती बेर तोरके लाई । प्रीत जान वांका फल खात तनिऊ लोक बढाई ॥२॥ करमा कौन आचरज किनी हरिसो प्रीति लगाई । छप्पन भोगही आरोगे पहिले खिचरी खाई ॥३॥ नामा पिपा और रोहिदास उन्होसे प्रीति लगाई । सेनभक्तको संशय मेटो आप भये हरी नाई ॥४॥ सहस्र अठासी ऋषि मुनी होत तबहुन संख बाजे । कहत कबीर सुपचके आये संख मगन होय गाजे ॥५॥

२०१. **संत गुरु संत** बरे सौदागर । वांके चरनमें जाऊंगा ॥ ध्रु० ॥ मनकी मोहोर धरु सिर उप्पर ग्यानका घोडा उडाऊंगा । प्रेमकी पाखर चिंता चाबुक नेकी लगाम उडाऊं-

गा ॥ संत गुरु० ॥१॥ भवे खंबे पार तीर तरकस मूरत कमान चढाऊंगा । काम क्रोध दोनो बडे मिजासी वांकूं पकर मंगऊंगा ॥ संत गुरु० ॥२॥ ये ज्ञान कटोरा बांधकर संतको बान चलाऊंगा । ये पंच घटमों जो राम रहे वांकी एक ठौर लगाऊंगा ॥ संतगुरु० ॥३॥ काम क्रोध सहेजार न पावे अन्य भेद तबल बजाऊंगा । कहत कबीरा ये सबसे साहेब वांकूं शीस नमाऊंगा ॥ संत० ॥४॥

२०२. संतकी चाल संसारसे भिन्न है ॥धृ०॥ सकल संसारमों जहर बाजी । हिंदु तुरक दोऊ सरहद्द बांधी बेदकी तब प्रपंच साजी ॥ हिंदूसे नेम आचार पूजा घनी । बरत एकादशी रहत राजी ॥ बोकडी मार मार मांस मुख भछन करे । भगत नहीये दगाबाजी ॥ जीवको हनन अपराधका मूल है । उचीत चेत रांडरांडी । सर्व दया कृष्ण-कथा कथी । मम दया कृष्ण गीता कथी । भय सके सुनै कांहा बिन बाजी ॥ सर्व दया मन दया किसन कहे फरक भया । किसनका कहना मान पाजी ॥ मुसल-मीन कलमा कहे तीस रोजे रहे । बंग निमाज कर धुनक गाढी ॥ कोकडी बोकडी मार जबे करे । गाय पच्छाडके कोहो काढो ॥ ऐसी जुलममें भिस्त कांहा मिले । खुप अपराध सीर व्याद बाढी ॥ होयगा ईनें आफत बज्या देवेगे । ले चले फिरस्ते पकड दाढी ॥ कंठन कुंदी कर खुब तंबी कर । होयगा कष्ट तद चीज गाढी ॥ आबहुं चनमेह दीलमों होवत । यही सहीये मोम दील दया जो धरे । तहां ये भिस्त राजी रहे । भीस्त ठाडी कहे कबीर साहे बसो करे । झूटकु छांडके साच लेवे ॥१॥

२०३. साहेबसे लगनिया लागीहो ॥ साहेब० ॥धृ०॥ जबसे दया किनी सतगुरु सामी । काम क्रोध मद त्यागी हो ॥ साहेब० ॥१॥ बंदन काट कीनी गुरु मुक्ता । देब लोक सब त्यागी हो ॥ साहेब० ॥२॥ कहत कबीर सुनो भाई साधो । कबसे भये बैरागी हो ॥ साहेब० ॥३॥

२०४. तबसे भये बैरागी कबीरजी तबसे० ॥ धृ० ॥ नहीं था चंदर नहीं था सूरज नहीं था नवलख तारा । तेरा महादेवजीका जनम नहीं था तबका फिरूं अकेला ॥१॥ जननी नहीं मे जनम लेवूं नीर

नहीं मैं न्हाऊं । धरती नहीं मैं पाव धरूं खंड नहीं मैं जाऊं ॥२॥ सत जुग लीनी सतकी पावरी दवापर लीनी दंडा । त्रेता जुगमें टिलक बनाया कलिजुगमें झोली दंडा ॥३॥ आधा धुन आगे नहीं था न था गुरु न था चेला । कहत कबीरा सुनभई साधू तबका फिरूं अकेला ।४॥।

२०५. कहो दयाल राम कौन गत मेरी तुमसे परगट लोकोंसे सीचोरी ॥ कहो० ॥ धृ० ॥ सुलतान बोलाये बख्शनव कबीरा पाऊमें जंजीर जल बीच डाला ॥ कहो० ॥१॥ कहे रामनामसे तुटे जंजीरा । पथरकी भयी नाव उप्पर बैठे कबीरा ॥ कहो० ॥२॥ जादु मंतरका हुवा नहीं चारा । गुनी गारदी हात रखे उनका पसारा ॥ कहो० ॥३॥ घर रहे पिरेमका ख्याली का नहीं । सीस काट मोहे रखो जाय घरमाही ॥ कहो० ॥४॥ या जगतमें कबीरा जनमा कबिरा न पाया सुख । डाल डाल कबीरा हुवा पांत पांत भये दुःख ॥ कहो० ॥५॥

२०६. गगन मन्डलमों करो बासा । आब दुजा देखो अजब तमासा ॥ ध०॥ गऊं मेरो गगन सुरत मेरा चौका । चौतन चवर दुरावेगीजी ॥१॥ इडा पिंगला सुखमन नारी । अनुहात हात बीन न बजावेजी ॥२॥ त्रिकुट घाट आसनान जो करले । रविशशि संजम होईजी ॥३॥ इंसा खेल करे राजनसे । एक मेहेलमें दोईजी ॥४॥ अष्ठकमलदलपर खुरी बनाई । उलटा ध्यान लगायाजी ॥५॥ पांच पचीस एक न धरलावे । तब धुनकी सुध पाईजी । ॥६॥ बीन बादल बीन बिजली चमके । बिना सिपके मोतीजी ७ कहे कबीर सुन भाई साधु निरखो निरमल ज्योतीजी ॥८॥

२०७. इनेरे सुधारके मेवारने । जिनें मेरा मंदिर घडयो । आपे आलम हो रहा दुजे समरथ कियो ॥ ध्रु० ॥ दिन दिनरे बेली बने मरम कोई नहीं जाने। निसदिन तिमल चढे मिठी कहांसे होने ॥१॥ खुदरतका महाल बनाया मरम कोई अनलीता । इसही सरारे बीचमें दास कबीरा रहेता ॥२॥

२०८. अल्ला रखेगा वैसाही रहिना । मौला रखेगा वैसाही

राहिना ।। ध्रृ० ।। कोइ दिन सिरपर छतर उडावे । कोइ दिन सिरपर घडा चढावे । कोइ दिन पांव चलावे ॥१॥ कोइ दिन शक्कर दूध मलीदा । कोइ दिन मागे घर घर गदा । कोइ दिन सेवक हात जोड खडे। कोइ दिन नजीक न आवे घेडे॥२॥कोइ दिन राजा बडा अधिकारी । एक दिन राजा कंगाल भिकारी । कहत कबीरा करत करतारी । गाफल क्यों करता मगरूरी ॥३॥

२०९. आऊंगा ना जाऊंगा मरुंगा ना जिवुंगा । गुरुजीके कदमोंपें जुग जुग रहुंगा ॥ ध्रृ० ॥ आपहि गाई आप कसाई । आपहि काटके आपहि खायी ॥१॥ आप शिताफल आपहि निंबू । आप मुसलमीन आपहि हिंदू ॥२॥ कहत कबीरा सुन मेरे गुनिया । गुरुजी हमारे आलख गुसैय्या ॥३॥

२१०. अपने नगरके बात मैं जिनकूं पुछुं । उननें उत्तर न दिनो । सबई बताये लोकरे ॥ ध्रु० ॥ बादली हमारी मैया दरिया हमारो दादा । बिजली हमारी ननदिया मेघ हमारा भरथारा ॥१॥ पवनकी हमारी ओढणी चंदनकी हमारी चोली। रेनकी अंधेरी नयनकूं काजल सुनेकी केस हमारी पोली ॥२॥ कहत कबीरा सुन भाई साधु मैं लेऊंगी जोबनकी भेकरे । जिनकूं पुछे उननें उत्तर न दिनो सबइ बताय लोकरे ॥३॥

२११. आस एक अकेलेसे लागा ताये माया ममता उठ भागा। साचारे बाप हमारा निरंजन मिला तो भायग जागा ॥ ध्रृ० ॥ दुरमती दादी हंकार दादा परदा बीच बनाया । गुरु ग्यानका गोला छूटा उडगया दुरमत कागा ॥१॥ आनंद स्वामी बहु रंग बाजा गगनमंडल बिच गाजा । रंजत मेहेलमें नटवा नाचे जिऊं बाल नरमानी नागा ॥२॥ पांचोंही तनकी भाटिया चुआऊ राम रसोया पाका । कहे तो कबीर सुनमेरे साधु जब सोनेमें मिला सोहागा ३

२१२. हमारो तीरथ कौन करे भटकत कौन फिरे ॥ ध्रृ० ॥ मनमें गंगा मनमें काशी मनमें स्नान करे ॥१॥ मनमें आसन मनमें कडासन मनमें धूनी जले ॥२॥ मनमें मुदरा मनमें माला मनमें ध्यान धरे ॥३॥ कहत कबीरा सुन भाई साधु भटकत कौन फिरे ॥४॥

२१३. हमतो भिकारी । मौजा करता लहरी ॥ धृ०॥ पंच तत्वकी झोली सारी । रिद्धि सिद्धि प्यारी । चौदा रत्नें मेरे झोलीपर । रामनाम ललकारी ॥१॥ ये झोलीके गत है न्यारी । रिद्धि सिद्धि प्यारी । भात भातके तुकडे मांगु । मौजा करता लहरी ॥२॥ पुरी फकीरी संतो तारी । नवखंड है फेरी । दशवे द्वारीं अलख गावे । झोली हो गये भारी ॥३॥ कहत कबीरा सुनभाई साधु । संतनके है द्वारीं । रामनामके चरणीं लागे । गुरुकिल्ली है न्यारी ॥४॥

२१४. मेरे नजरमें मोती आयो । मै भला भरोसे पायो ॥ध्रु॥ चार खूंटका देवल बनायो । उसपर कलस धरायो ॥१॥ देसदेसके दरसन आये संतनके मन भायो ॥२॥ सेज सुनीपर साहेब मेरा । तीन लोक सब छायो ॥३॥ कहत कबीरा सुनो भाई साधू । हुकमी नाम चलायो ॥ मेरे ॥४॥

२१५. क्यां मांगू मेरे राम । थोडे जिवनमें क्यां मांगू ॥ ध्रृ० ॥ घर नहीं रहना अमर नहीं काया । थोडे जिवनमें मैं क्यां मांगूं ॥१॥ एक लक्ष पुत्र सवा लाख नाती । ते घर न रहे कोई दिवाना बाती ॥२॥ मेघनाद पुत्र समुद्र जैसी खाई । कुंभकर्ण बिभीखन जैसे भाई ॥३॥ शंकर सारिखा पुजन आये । ब्रह्माजी करत है पाठ ॥४॥ क्यां करूं भींती क्या करूं टाटी । न जाने कहां पडेगी मट्टी ॥५॥ क्यां करूं मेहेलमें क्यां करूं टाटी । छोड गयो रावण लंकाको ठाठी ॥६॥ कहत कबीरा सब छोडकर जाता । मैं तो एक तेरा चरनकूं चाहता ॥७॥

२१६. क्या मांगु कछू अमर नहींरे राम ॥ धु० ॥ जिन सिर खैचके बांधत पागा । सो सिर चुंचन मारत कागा॥१॥ सीर जीन ढाला ते कुमलेला । सो सीर हुवा रगरग ढेला ॥ २ ॥ क्या मांगु मोरे अवगत नाथा । साहेबके चरनपर कबीरका माथा ॥३॥

२१७. आपही खेल खिलाडी साहेब आपही धनकधारी है ॥ तंबू तो असमान बनाया जमीन गलिच्या भारी है ॥ चांद सुरज दो मशाल बनाय तेरी खुदरत न्यारी है। पंचतत्त्वका किया पसारा त्रिगुण माया सारी है ॥१॥ चैतन्य पुरुष आपही बैठे

यही अचंबा भारी है। सुरत नुरतकी चोपट मांडी आप फासा जुक धारी है। फांसे चाहे जैसे जितावे सारी कवण बिचारी है। चार जुगकी चौपट मांडी खेल नर और नारी है ॥२॥ तीन देव जागीं साक भरत है पाप पुण्य अधिकारी है। छके पंजेसे नरद बचावे। बाजी कठणकारी है। सद्गुरु शरन जो नर जावे जमके हात बिकाना है। कहत कबीरा सुन भाई साधु सब देहोंमें ठिकाणा है ॥३॥

२१८. हमतों सदा रंग है लाल। संपत क्या है लंडी माल॥ चार खूंट जागीर हमारी। गले तुलसीकी माल॥ १॥ कामधेनु तो मारी बगलमें। कधी ना पावे हाल॥ अनाज अटा सबकुच मिलता। घी गुड चावल दाल॥ बहुत खजाना पास भरा है। देत लेत गोपाल ॥२॥ सहज दिया तो भिछा लेते। नहीं सीर फोडे चाल॥ स्वामी खातर लिया फकीरी। झूटा माया जंजाल ॥३॥ राजा परजा सबही देखे। बडे बडेके हाल॥ जितनी संपत उतनी बिपत। पावमें बंदावें नाल ॥४॥ दया धरमतो करले बंदा। निकल जावेगा ख्याल॥ एक दिन संपत एक दिन बिपत। क्यौं फुगावे गाल॥ रामनामका डंका बाजत। झ्यांट उखाडे काल॥ कहत कबीरा सुन भाई साधु। खडी नामकी ढाल ॥५॥

२१९. ओही हमारा सांई। और दुजा नहीं कोई ॥ध्रु॥ प्रऱ्हाद बिभीखन नारद पराशर ज्याके धरत है ध्यान। ओही खडा मुरशद मौला देखो बिठ्ठल सुजान ॥१॥ बैकुंठ छांड भीमा किनारे आये सुखके धाम। पुंडलीकसे भूल गया खडा बीटपर आराम ॥२॥ मीराबाईकी जेहर बाटी आपही लगाये होटीं। सावत्याके घुसे पोटीं आये जनीके रोटी ॥३॥ कहत कबीर सुनो भाई साधु। भाव भगतका भुका। आवर किसीकी प्रीत नहीं। मीठा लगे तुलसी बुका ॥४॥

२२०. ज्याके चरनसो पाखान तरे। ओही सांई हमारा है। भरपुर भरा मुरशद मौला। भीमा किनारे ठारा है ॥१॥ कंहू किसोसे बिसमिल्ला। कंहू कीसोसे जद अल्ला ॥धृ०॥ हिंदु मुसलमीन दोन राम रहीम कहते है। हिंदूका घर निमाज रोजा काजी मेहेर

बताते है ॥२॥ मुसलमीन तो न्याहाद बांधी तीरथ बरत करतां है। उनोंके घर ब्रह्मन घुसा वेद पुराना कहता है ॥३॥ दोनो चोर दोनो झुटे बदफैलमों रहते है। कहत कबीर सुनो भाई साधु अब काहेकू रोते है ॥४॥

२२१. नाम रामसे जादा भाई। नाम रामसे जादा ॥धृ०॥ सागर उप्पर फत्तर तारे रघुबीर पावे खेदा। वालाथा सो वाल्मिक हुवा भेट भई नारदा ॥१॥ मारा मारा येही मंतर उनके अंतर भेदा। उलटा ज्याके सुलटा हुवा तरुवर फत्तरभेदा ॥२॥ रामनामकी धूम उठी जब जंगल हुवा मक्का। जो जाने सो पद पावेगा। नहीं काल-का धोका ॥३॥ नामलिया जद राम मिलेगा जमही हुवा राजी। कहत कबीरा सुन भाई साधु बैकुंठ नौबत बाजी ॥४॥

२२२. नरहरिया प्रभु गिरधरिया प्रल्हाद उधारे नरहरिया ॥धृ०॥ रामकृष्ण दोउ नाम बडे है तारन तरन अभयकरीया ॥१॥ वामन रूप छले बलिराजा तीन पाद वसुधाधरिया ॥२॥ खंभ फोर हिर-नाकुसमारे जब प्रल्हाद अभयकारिया ॥३॥ रावनके दस मस्तक छेदे बीस भुजा खंड खंड करिया ॥४॥ जमुनाके नीर तीर धेनु चरावे कर मुरली बन बन फिरिया ॥ ५ ॥ केसी मारे कंस पछारे उग्रसेन पर छत्र धरिया ॥६॥ कहत कबीरा सुनोभाई साधु अधम उद्धारन नरहरिया ॥७॥

२२३. आखोंसे साहेब देखो। वो रसने रामरस चाखो ॥ध्रु०॥ रामनाम छांडके झुटी बाता काहेकू तुम करता है। पुरान कुरान किताब सुनके व्हां क्या कछु मिलता है ॥१॥ हर शिव मौजुद अल्ला छांडके निमाज पुकारे मुल्ला है। जिदर उदर भरपुर सांई सब घट भरा वो क्या बहेरा है ॥२॥ रोजा निमाज पकर राम रहीमसो जानोरे। कहत कबीर सुनो भाई साधु मेरा कहना मानोरे ३

२२४. हमतो फकीर है भाई। तन महेजत बतलाई ॥ध्रु०॥ गुरुनें मुजे फकीर बनाया महेजद कैसी है भाई। फकीरी कैसी तूनें पाई ॥१॥ गुरु ग्यान भंग पिलाया। माहिमें अल्ला बतलाया ॥२॥ अल्ला कैसा है सांई। ठिकाना मुझे बतलाव भाई ॥३॥ अल्ला

सुनेका गोला पछेम दिसेसो मोला ॥४॥ गोलासा रुप कैसा आया । उसकू नाम किने दिया ॥५॥ मायेनें खेल किया । गुरुनें नाम बतलाया ॥६॥ उसका नाम क्या भाई । कहा रहते वो सांई ॥७॥ निर्गुण ब्रह्म राम हमारा । सब जगभजकर है न्यारा ॥८॥ न्यास किदर है भाई । मुजे बतलाव फकेरी सांई ॥९॥ ठाडे बिटपर पंढपुरवाले रहे । पुंडरीक खातर वो आये ॥१०॥ पुंडरीकनें क्या तप कीया । अल्ला फैसा बुलाया ॥११॥ मा बाप वचनसे रह्या । कबीरनें कमालकू दिखाया ॥१२॥

२२५. मेरा कहना मानोजी । वोही राम पछानोजी ॥धृ०॥ बेदशास्तरकी बात बोले । ये तो बडा मगरूर है । कुरान किताब सुनके बाबा । मौजुद अल्ला भरपुर है ॥१॥ हिंदु मुसलमीन दोनो राम रहीम सो जाने है । हिंदु आपना धरम छांड फकीर हुवा दुला दुला कहत है ॥२॥ मुसलमीनमों बडे काजी बांग निमाज पुकारा है । हिंदुपकर मुसलमिन किया किसीसे गुन्हा लगाया है३॥ कहत कबीर सुनो भाई साधु येही पंथ झुटा है । रामबिना और नहीं जानो नहीं तो माथा सोटा है ॥४॥

२२६. कोई कछु कहो हम अटके है । कोई० ॥ध्रु०॥ संसार बिचारके मरिची जल । ये जानको यारो सटके है । कोई० ॥१॥ उलट कमलमें अंमल किया । महबूबके रुबर लटके है ॥२॥ साहेब कबीर झगडेमें पंडत मुल्ला दोनो अटके है । कोई० ॥३॥

२२७. मरगोनें खेत उजारे जतन बिन मरगोनें खेत उजारे ॥ध्रु०॥ पाचोंही कहना पचीस बछेरु वामें तीन चीकोरे । जन० ॥१॥ अपनेरे अपने सुख करे लोभ अब चरत है न्यारे ॥ जन० ॥२॥ चरते है जैसे करबी तुमरिया तरिथ बीरथ पंच हारे ॥जन० ॥३॥ तन मेरी खेतीरे मन मेरा बीजवा गुरुके शब्द रखेवाले ॥ जन० ॥४॥ कहत कबीरा खाने न पायो फीरवी चेत सवेरे ॥ जन० ॥५॥

२२८. मन माने जब तार ॥ प्रभुजी ॥ मन माने जब तार ॥धृ०॥ नदिया गहरी नाव पुरानी । कैसे मैं उतारूं पार ॥१॥ बेद

पुराना सब कुच देखे । अंत न लागे पार ॥२॥ कहत कबीरा सुनो भाई साधु । नाम निरंतर सार ॥३॥

२२९. तुम बिन मेरा न कोई । साहेबजी । तुम बिन मेरा न कोई ॥धृ०॥ एक बन धुंडूं सकल बन धुंडूं बन बन धुंडत रोई ॥ तुम०१ गई गई वो जल भरनेकूं सब सखीयां संग सोई ॥तुम०॥२॥ कहत कबीरा सुन भाई साधु मेरा राम करे सो होई ॥ तुम० ॥३॥

२३०. देना देना दरशन वांको लोभी है दो नैना ॥ धृ० ॥ पंच तत्वका बना है पिंजरा जामे बोले मधु मैना ॥ नैना० ॥१॥ क्या भीतर है बाग बगीच्या छेल छबेली भर देना ॥ नैना० ॥२॥ चुन चुन कलियां सेज बिछाये उपर बैठे दिल चमना ॥ नैना०॥३॥ कहत कबीर सुनभाई साधु हरिके चरन चित लगना ॥ नैना०॥४॥

२३१. हम सोई परम पद जाना है । पंचही तत्व और तीनो गुनमें । बिंबल बिंबल पछाना है ॥१॥ व्हां नहीं चंदा व्हां नहीं सुरज । नहीं रजनी नहीं भाना है ॥२॥ मकर तारसे आत्मा झीना तांहा मेरो मन माना है ॥३॥ व्हां नहीं सिद्ध नहीं साधक । लोक कहेसो दिवाना है । कहत कबीरा चितकें घरमें ॥४॥ पिंड ब्रह्मांड समाना है ॥५॥

२३२. चंदा झलके सब घटमाही । आदी आखा सुजे कछु नहीं ॥ धृ०॥ घटहामें झिलमिल जो उजियारा । दृष्टबिना दिसे आंधियारा ॥१॥ घटहीमें अनुहाद धुरे निशाना । बहिरा शब्द सुने नहीं काना ॥२॥ घटहीमें झीर मीर बरसे खडा । है हजुरा चंदा ॥३॥ कहे कबीर गुरुदया सो पाईये । खोल कपाट दीदार देखाईये ॥४॥

२३३. चंद्र खिलायो है गगनमें रेन चकोर है चेनमें ॥ध्रु०॥ सती तीरीया सतमें राजी तपशी राजी बनमें। अंबुके डालीये कोयल राजी सूम राजी धनमें ॥ चंद्र० ॥१॥ जलभीतरमें मीन राजी मैना राजी जंगलमें । दास कबीर भजनमें राजी जो हाकीम राजी आमलमें ॥ चंद्र० ॥२॥

२३४. साहेबकी कर देख सेवा हर सेवा मीठा मेवा ॥ धृ० ॥

सेवा करे तैं पार उतर गये बिन नावो बिना खेवा ॥१॥ साहेब माली बंदा फुलवारी । बीच बीच सुमरन फुलवा ॥२॥ कहत कबीरा सुनभाई साधो सब खुदरतका ओही देवा ॥३॥

२३५. साधो ये मुरदेको गाममें जुगमें कोई रहे न रहे । काहूको लीजीये नाम ॥ साधो ॥ ध्रु० ॥ चांदबी मर रहे सूरजबी मर रहे मर रही धरती आकाश । चौउद लोक जाये जलतीरन बसे झुटी वांकी आस ॥१॥ एक जोत सरुप ठर रही है जिन्ने सब सृष्टी उपजाय ॥२॥ कहत कबीरा सुन भाई साधु ताकू काल न खाय॥३॥

२३६. गगनके बीच निशाना है ॥ बाबा० ॥धृ०॥ बाहो चंदा डावा सूरज । दोनोके बीच छुपाना है ॥ बाबा० ॥१॥ सुरत सवागन सेज बिछी है । उपर चदर ताना है ॥ बाबा०॥२॥ कहे कबीर सुन भाई साधु । जिन देखा ऊन माना है ॥ बाबा० ॥३॥

२३७. रमते राम फकीर कोई दिन याद करोगे॥ धृ० ॥ आगर चंदनकी धुनी लगाई । चलो देखो है स्थीर ॥१॥ इडा पिंगला अवर सुशुम्ना विरला जाने हे बीर ॥२॥ कहत कबीरा सुनभाई साधु कर साहेबकी फिकीर ॥३॥

२३८. जो दम चाहे सो करले गुजरा । मेरा साहेब दुनयासो न्यारा ॥ धृ० ॥ तुम नहीं किसका कोई नहीं तेरा । झूटा सकल पसारा ॥१॥ दे ले ले ले संग चलेगा । हसले हसाईले येही तमासा ॥२॥ कहत कबीरा मस्त फकीरा । रामनाम तुम कर लेरे साज्या ॥३॥

२३९. हाहा रमता जोगी आयारे बाबु । रमता जोगी ॥धृ०॥ कानोमें कुंडल बभूत लगावे । गळे बीच निर्गुण सैलीरे बाबू ॥१॥ गौड बंगाला मंत्र तुमारो । नाथ भये गिरधारीरे बाबू ॥२॥ कहत कबीरा सुनभाई साधु । अनुहात किंगरी बजावेरे बाबू ॥३॥

२४०. कायानगरमों कायानगरमों बोलता कौन ॥ ध्रु० ॥ आपही माली आपही ख्याली । मालीका चुननेवाला कौन ॥१॥ आपही काजी आपही मुल्ला । काजीका पालनवाला कौन ॥२॥ आपही साधु आपहि पोथी । पोथीका बाचनेवाला कौन ॥३॥ कहत कबीरा सून भाई साधु । साधूका पालनवाला कौन ॥४॥

२४१. किन बहिरीनें बहिर कियारे समजनकूं बेराग दियारे ॥ ध्रु ॥ पंचतत्वकी बीभूत चढावे कानमें कुंडल आलख जगावे ॥१॥ खांदे कांबरिया हातमें झुला निरगुन गले बिच माला ॥२॥ कहत कबीरा सुन मेरी गुनिया । गोपिचंद राजानें जोग कमाया ॥३॥

२४२. उन दरजीका कोय मरम न पाया । बिन धागे जामा अजब बनाया ॥ध्रु०॥ जलकारे कपरा पवन कारे धागा जोरत जोरत तिनरुत बागा ॥१॥ सीस परवास सर मुगत बनाय सारी पाताल परेम उलटाय ॥२॥ उन बिच मोती माणेक लगाय बिच बिच दो रतन जडाय ॥३॥ कहत कबीर ये सुरत जामा न्यारी उन दरजीकी खुदरत प्यारी ॥४॥

२४३. सांवलिया गिरिधारी लाला खबर लेना मेरी । खबर लेना मेरी नहीं तो होयगी तेरी मेरी ॥ध्रु०॥ भोजन देना तो अच्छा देना खासी सिरापुरी ॥१॥ बिडा देना तो अच्छा देना खासी लवंग सुपारी ॥२॥कपडा देना तो अच्छा देना देना भडक जरतारी ॥३॥ घोडा देना तो अच्छा देना उप्पर अबदागिरी ॥४॥ जुरू देना तो अच्छा देना सब संतनकू प्यारी ॥ ५ ॥ बेटा देना तो अच्छा देना जिकीर करेगा तेरी ॥ ६ ॥ बाता करना तो सच्चा करना सबकू लागे प्यारी ॥ ७ ॥ हात पकरकर राह बताना मजल करना पुरी ॥८॥ कहत कबीरा सुनभाई साधु मतकर माया मेरी ॥९॥

२४४. आपही पीर आपही दरगा । आपही काजी जाना है ॥ आपही मुरशद आपही मौला । आप आपसे पछानो है ॥१॥ आपही शेख आपही सैय्यद । आपही पठान दिलमों है ॥ आपही कुरान आपही किताब । आपही आपने तनमों है ॥२॥ आपही फकीर आपही फजतार । आपही सबसे न्यारा है ॥ आपही आंदर आपही भीतर आपही देख न्यारा है ॥३॥ कहत कबीर सुनोभाई साधु । आपही बलकलताला है ॥ नैन उखाड देखो बाबा । जीदर उदर उजाला है ॥४॥

२४५. तनका तनमों दरगा म्याने । सांई बिराजे आकेला है ॥

आपही पुरुख आपही नारी । आपही भये मुरशद मौला है ॥१॥ सब घट राम पछानोरे मेरा कहना मानोरे ॥ धृ० ॥ लख चौऱ्याशी गिरकी म्यानें । अवचट नरतनु पाया ॥ खावे पिवे सुखसे सोवे । आगे जमाना खोया ॥२॥ ताता बहना मामु मिले । बडा भया जिमखाना ॥ जद काल पकड ले जावे । कौन छुडावे बंदखाना ॥३॥ राम भजन हातमों बरची । शांती भयो तेगा रे ॥ कहत कबीर सुनोभाई साधु । काल देखके भागारे ॥४॥

२४६. काया नगर जोगी रम चले । किने देखारे माई०किने देखारे बाबू॥ धृ० ॥ एक अंधेरीसे कोठडी उसमें दिवा ना बत्ती । हात पकड सांई ले चले कोई संग ना साती ॥१॥ उच ताल नीच ताल चौताल माडी बाग लगाया । कच्ची पक्कया कलीया तोडके माली दिलमों फस्ताया ॥२॥ एक जुगत एक कानडा दुजा दुधन धाई । हातमों प्रेमकी बर्ची मुद्रा लागी खेचरी ॥३॥ हाती झुले हाती महेलमें घोडा झुले दरबारमें । पिंजरमें पोपट बोले सांई सांई पुकारे ॥४॥ चंदा सुरज दोनो तारे नैनो नैन लगाई । कहत कबीरा सुनो भाई ये तो दोनो भाई ॥५॥

२४७. जावेगा हमना निरे हंसा ॥धृ॥ राज करता जजराय रुप करती राणी । बेद पढतां पंडत जईये और अभिमानी ॥१॥ चंदाबी जायगा सुरज बी जायेगा जाय धरतरी आकाश । आवेकी अकेले बलहारिया बदन ज्यावें रवी न पानी ॥ २ ॥ पांच तत्त्वका बनावे पिंजर जाहामें बस्तु बिरानी । कहत कबीरा एक भक्तिसे जईये रहजावे नाम निशाणी ॥३॥

२४८ कैसे बोलूं आपहूं गगन धरनी ॥धृ०॥ चंदा नहीं सुरज नहीं नहीं दिन रजनी । छर नहीं आछर नहीं नहीं पवन पाणी १॥ ब्रह्म नहीं बिष्णु नहीं नहीं गौरी गणेशा । तेहेतीस कोटी देवता नहीं नहींरे महिषा ॥२॥ फल नहीं फूल नहीं नहीं बनवेला । शाखा नहीं पत्र नहीं नहीं गुरु चेला ॥३॥ सांस नहीं सुवास नहीं नहीं दुःख तापा । कहत कबीरा सुनभाई साधु आपको तारु आपी आपा४

२४९. ये निज आज रंग है रंग है रंग है ॥धु०॥ वो हरी

सुरत मोहे अछी लगत है ज्यौं बादल धन चंद है ॥ १ ॥ जनम जनमके सब दुःख गये मेरे मनकूं भाव नवा संग है । ॥ २ ॥ कहत कबीरा सुनभाई साधु सारी खुदरतमें सो आपही निसंग है ॥ ३ ॥

२५०. अल्ला तुही तुहीरे मौला तुही तुहीरे ॥ ध्रु० ॥ बागम्यानें तबला बाजे घरमें नहीं कोई । खाली हरिमे चुवे कुडकुडे नाचन लागे डोई ॥१॥ नारद तेरी गांड भरी बे आवरत मागे दान । साठ सहस्र पौंडू बजावे बचे दानोदान ॥२॥ ब्रह्मा तेरी गांड भरीबे पढ गये चारी बेद । सरस्वतीका खेल भया जब ब्रह्मा बेटी चोद ॥३॥ कहत कबीरा सुन भाई साधु ये पद है निर्बानी । ये पदकी कोई करेगा निंदा उसकी नरक निशानी ॥४॥

२५१. दरबंद दरवेशी है ओ बेदरद कसाई। गलेपर छुरिया धरते तुजे मेहेर न आई ॥ध्रु०॥ क्या बकरी और क्या गऊवा और क्या अपनारे जाया । सबकारे लहु एक है तुजे किने फरमाया ॥ दर० ॥१॥ भूकेकू हर भोजन देत है पियासेकूं पानी । उनकी दगाह हक है हम नेक कर जानी ॥२॥क्या जमीन और क्या आसमान क्या दो जुग माया । कहत कबीरा सुनभाई साधु उसकू किने ठराया ॥३॥

२५२. करेगा साहेब होयगा सोही एक तूं एक दुजा न कोई ॥ध्रु०॥ पैदा करनार तो ये करतन लागी बार सुकल संसार जैसी वाडी फुलबोई ॥२॥ यो माली मन बावरे तुई बिना कछु नसरे नेकी बदीकी जुगत कबीरा सब सब जोई ॥३॥

२५३. गोसय्या राम भटकी के आनी कानी फिरे ॥धृ०॥ घटमें गंगा घटमें जमुना घटमें तीरथ करे ॥ भटकी० ॥१॥ घटमें दीवा घटमें सेवा घटमें ध्यान धरे ॥ भटकी० ॥२॥ घटमें लुहा घटमें हरन घटमें घात धरे ॥ भटकी० ॥३॥ घटमें तेल घटमें बत्ती घटमें जोत जले ॥ भटकी० ॥४॥ कहत कबीरा सुन भाई साधु खोजो तो खबर पडे ॥ भटकी ॥५॥

२५४. मैलीसी गोदडीया बाबु धोवा क्यौं नहीं डारीरे ॥धृ०॥

तन करूं तखतां मन करूं पानीरे। अंतको साबु लगाय धोवे गुरु ग्यानीरे ॥ १ ॥ मैलीसी गोधडियां बाबु शीतलसा पाणीरे । आवेगा सुरजंग गुदडी पुरानीरे ॥ २ ॥ जमनाको नीर तीर वहांके निरमल पाणीरे । आवेगो मेरा रसिया धोवेगा गोंठ सुरानीरे ॥३॥ कोरिसी गगरियां बाबू ठंडासा पानीरे । गोदडियां धोवेरे शुद्ध गुरु ग्यानीरे ॥ ४ ॥ कहत कबीरा सुन मेरे प्राणी सत्यकी मोगर मारो बाबू रसी है पुरानीरे ॥५॥

२५५. सुनो साधोजी दुनया अजब तमासा है ॥ध्रु०॥ सद्गुरूनें एक बाग लगाया । प्राण पुरुख व्हां बासा है ॥ डाल डाल फल फूल नियारें। कोयी कोयी बुढा खासा है॥ १॥कवरी कबरी माया जोरी । जोरा लाख पच्यासा है ॥ हिरा रतन पदार्थ जोडे । संग चले नहीं मासा है ॥२॥ चौ सौरथ पहिरे पांच सो पहिरे । पहिरे मलमल खासा है॥ रासीरी साफ चौतारा पहिरे । आखर मट्टी बासा है॥३॥ काहांकी इसातिरिया कांहूंका पुता । काहुको घर घर बासा है ॥ कहत कबीर सुनो भाई साधु । एक नामकी आसा है ॥४॥

२५६. जिया जिन मारो मुवा मत लाना । मास बीना मत आना साधो॥धृ०॥ नदीपार एक बेल बिरछवा । बिरछवाकु पात नहींरे साधो । उस पतवे चरं जात मिरगवा । मिरगकू सीस नहींरे साधो ॥१॥ रंग महेलमों एक धनु खवा धनुखकूं फनस नहींरे साधो। उस धनुख लेके मार मिरगवा । मिरगकू घाव नहींरे साधो ॥२॥ आपने महेलसे निकला पारधी । हाथ लिया धनु बानारे । मारत बान सडा सौबिते मिरगकु घाव नहींरे साधो॥३॥ आरवीन पारबीन चरण चंचू बिन पंखनकी हंसा साधो । उसही हंसकूं मार ले आवे वामें रगत न मांसा साधो ॥४॥ कहत कबीरा सुन भाई साधू ये पद है अलबेला साधो । इस पदका कोई अरथ बतावे । ओही गुरु हम चेला साधो ॥५॥

२५७. गुनका भेद है न्यारा साचो । कोई जानन हाराजी ॥ धृ० ॥ सांई गजराज कुलमंडप । ज्याके मस्तक मोतीजी । और सकल प्राणी भार लदेला । महिसा सुतके गोतीजी ॥१॥

सोई सुंदर ज्याको प्रियाको बस है। आग्या कारन लोपेजी। और सकल सब कुत्ते बिल्ली । सुंदर नाम न शोभेजी ॥२॥ भुजंग जाके माथे लाल है। जाते उजारेमे खेलजी। और सकल श्रावनके कीडे। जगत पायसेरे पीलेजी ॥३॥ सोई सुमर जो जागृत रहियो। जामें धातु निवासाजी। और सकल सब कंकर फत्तर। टाकी आगन प्रकासाजी ॥४॥ कहे कबीर सोईज नुगरा। नाम भजन आदिकारी है। और सकल साहेबकी बाना। देखा तंत बिचाराजी॥५॥

२५८. जिनकी रेन अपार जगतमें। सोही सतनाम प्यारा हो ॥धृ०॥१॥ जैसी कमलनी रहे जलभीतर जलमें करत पसारा हो। उनकी पत नीर नहीं लागे ढकेल दिया जैसा पाराहो ॥ जिनकी० जैसा सतियां चढे सरनपर पियुक बचे न नहीं थारा हो । आपही जळगये कुटुंब उधारे ले चली दोकुल तेरा हो ॥ जिनकी० ॥२॥ जैसा सूर चढे रन उपर जिने बांधा सकल हतियाराहो । उनकी सुरत रहे लरनेकी प्रेम मदन ललकाराहो ॥ जिनकी० ॥३॥ गायन गजिवन लढे जल भीतर ललत लघुत गजरा हो। जबलग सहो न रही डुबनेकी तब सतनाम पुकाराहो ॥ जिनकी० ॥४॥ भवसागर एक नादिया बहेती लख चौऱ्याशी धारा हो। कहत कबीर सुन भाई साधु हंसा उतर गये पाराहो ॥ जिनकी० ॥५॥

२५९ साधो भाई गगन घटा गहरानी ॥ टेक ॥ पश्चिम दिसासे उठी बदरिया पूरब बरसे पानी ॥१॥ चंद्र सूर्य दोऊ ईस बनाई जोती किये नीरबानी। अपनी अपनी और समारी बही न जाय ऐसो पानी ॥२॥ सील संतोसकी करो बावरी ग्यानको बेल लगावो। दूब वास मदुरी उलटावो बोवो हरीकी धानी ॥३॥ चिंता चेतन दोऊ चाकमें बैठे चूक न जाय मेरी बानी। भृकुटीके बान हाथ कर राखो गुरुगम गोला दानी ॥४॥ उपजा खेत रास घर आई आनंद मंगल खानी। राजा वासे कबहूं न बोले निरभय भई किसानी ॥५॥ जिनको सद्गुरु पुरो मिलो है जिन यही मारग जानी। कहत कबीरा सुनभाई साधू रामराम निज बानी ॥६॥

०. साधो भाई घरकी कहियो नहीं माने परगट कहूं के

नहीं छाने ॥ साधो भाई ॥ ध्रु० ॥ सुवत सवेरी उठत अवेरी बखत बेताल भुलावे । सनान करत ओ बालक पटके ऐसी कपट केहलावे साधो० ॥१॥ शौर करे और जुठियां मारे अवसर टुकना गाले । ऐसी बेढंग फिरत धिटाई मन माने वैसा चाले ॥२॥ मनछा मारी बहु बुध भारी सबद गुरुकी काठी । घरही घेरकर भीतर मित्र और चलत नाठी नाठी ॥३॥ निरगुन निंदाके मारी करत बले हा लोक बिच चासा। कहत कबीर सुनो भाई साधो क्यों जलवे घर खासा४

२६१. सुनसुन हो भया हो भया । भालदार मैं पाया ॥ध्रु०॥ लिया रामनाम का भाला । काम क्रोध मार डाला ॥ सु०॥१॥ राम नामका घोडा । ये तो तीन लोकमें बडा ॥२॥ त्रिगुण शिखर पर जाना । व्हां नाम रामका जपना ॥३॥ कहत कबीरा सुनरे प्यारा । चुका ले जनममरनका फेरा ॥४॥

५६२. बंदा साहेबका मैं तो चोपदार उनकाजी ॥ध्रु०॥ रत्न जडित सिंहासन उपर बेठे जगद्गुरुजी । बैठे जगद्गुरु तुमारी बाणी ललकारूंजी ॥ बंदा सा० ॥ रामनामकी लकडी लेके दरवाजे ठारा । दरवाजे ठारा काम क्रोध पिछे दवडाजी ॥ बंदा सा० ॥२॥ कहत कबीरा सुन भाई साधु मैं होऊं हुजूर काजी । मैं होऊं हुजूर कां नौकर सरकार साहेबकाजी ॥ बंदा साहेबका० ॥३॥

२६३. मैं गुलाम मैं गुलाम मैं गुलाम तेरा ॥ तूंचि मेरा सच्चा सांई नाम लेऊं तेरा ॥धृ०॥ रूप नहीं रंग नहीं नहीं बरन छाया । निर्विकार निर्गुनही तूंचि रघुराया ॥ १ ॥ एक रोटी दे लंगोटी द्वार तेरा पावूं । काम क्रोध छोडकर हरी गून गाऊं ॥२॥ मेहेरबान मेहेरबान मेहेर करो मेरी । दास कबीर चरन खडा नजर देख तेरी३

२६४. ढालिबंद नौकर तेरा । विठूजी मैं ढालिबंद नौकर तेरा हरदम मुजरा मेरा ॥ ध्रु० ॥ पांची हतीयार एक बंध बांधूं । थाट माट बहु मेरा ॥१॥ राम नामकी समशेर बांधू राखूं दरवाजा तेरा ॥२॥ सुरत नुरतका कोट बनाऊ येही चाकर तेरा ॥३॥ कहत कबीरा सुनमेरे लाला । हरदम मुजरा मेरा ॥४॥

२६५. मेरा गाडीवाला तूं धीरे गाडी हांकरे ॥ धृ० ॥ गाडी

तेरी रंगी बिरंगी बैल है गुलजाररे । हाकनेवाला छेल छबेला बैठनेवाला लालरे ॥१॥ गाडी अटके रस्तेमें मजल पडी है दूर। ऐसा सद्गुरु कोय नहीं मिलेगा कैची लगाया फेररे ॥ २॥ सुनेकी तो कोठरी रुपेकी जडित आवाररे । तांमे भोंवरा उलट समान अलक-पुरसे निरबानरे ॥ ३ ॥ थानेमेंसे घोडा छुटे कसबी करे पुकाररे । दस दरवाजे बंद हुवा जब निकल खडे आसवाररे ॥४॥ कहत कबीरा सुन भाई साधु । यहि पद है निर्बानरे ॥५॥

२६६. नाक दिया तो सुवास लेनेकू । नैन दिया जग देख-नेकू कान दिया कुच बेद पुराण सुननेकू । मुख दिया भजन मोहनकूं। हात दिया कुच दान करनेकू । पाव दिया तीर्थाटनकूं । कहत कबीरा सुनभाई साधू । येतो दियो नियत कीयो । पेट दियो पत खोवनकूं ॥१॥

२६७. बाबा तेरे चरणकूं आदेस ॥ध्रु०॥ जलबीच गगन धरण बीच थाव । छाय रहे वह देस ॥१॥ का छक छई द्रादिक नाचे पार न पावे सेस ॥२॥ सीव सनकादिक ध्यान धरत है ॥ आच्छर नांव नरेस ॥३॥ कहत कबीर सुनोभाई साधू । जीवरा तुमरी पेस ॥४॥

२६८. बैरागी रामवे बंगला बीरान नहीं चेत ॥ध्रु०॥ ईस-बंगलेमें पांच चोर बसत है । धन लुटत कर हेत ॥१॥ या सुप्रीत भुलमती कीजे । औरकू दुःख देत ॥ २॥ कहे कबीर सुनभाई साधु चेत सके तो चेत ॥३॥

२६९. वाणी तूं रेहेजेरे कागल ज्योतो रखे तारी पुंजी मां कई खातो ॥ध्रु०॥ जो तूं जाणसे तो सरव सापयुछे वहाण जोई बेपार करजोरे । जे कोई तारे शेठे लख्यूं होय ते तूं तारे हृदयीं धर-जेरे ॥१॥ लेखूं सुधूं जोखूं राखजो हिसाब लेजे जमरे । एकही कागल झुठू चलावशे तो नाखशे सरवाले धोई ॥२॥ कागल लखजे कोई विभासी पुन करजे । जमणा हाथरे चार दाहडे तुने निश्चे चालवूं तो कोई नहीं आवशे साथे ॥ वाणी० ॥३॥ आपना शेठनें ताप घणोछे ते ताप कोईये न सेवायरे । कहत कबीर सांभळो भाई साधु कोई सिद्धो आगल धाय ॥ वाणी०॥४॥

२७०. वाहवा साहेबजी क्या खूब ख्याल तुमाराजी ॥ध्रु०॥ गगन उपर बाज उडावे कऊगा तीर चलावे । जद बकरीनें बाघ पछारा उनकूं कौन छुरावे ॥ वाह० ॥१॥ जब चुवेनें बिल्ली पकरी । मुरगी घरघर रोवे । बंदरके घर धूम मची है उंट भिसनी पद गावे ॥ वा० ॥२॥ मूका बहिरा बात चलावे अंधा कुरान वाचे । जब थोटेनें मृदंग बजाया लंगडा क्या खुब नाचे ॥वा०॥३॥ कहत कबीरा उलटी बानी । बिरला कोई येक जाने । सद्गुरु घरका पुरा होय सो येही बात पछाने ॥ वाह०॥४॥

२७१. मुख पान चाबतो पीक उरावतो वांकी मुछ मरोडतो। केथे गये पंची बोलतो ॥ध्रु०॥ चुवा चंदन और अरगजा फुलोमें पंची दहीं तोलतो ॥ केथे० ॥१॥ जनेवीही पेहेनतो जामेही पेहनतो हसी खुसी घुंघट बोलतो ॥ केथे० ॥२॥ बागोमें जातो आंब फल खातो अवसरके काम बिच डोलतो ॥ केथे० ॥३॥ कहत कबीरा सुनो भाई साधु । कमर कटार नहीं खोलतो॥ केथे० ॥४॥

२७२. फकीरी गुजर गई गुजरान । गुजर गई गुजरान ॥ फकी० ॥ कोई दीन रुका कोई दीन सुका कोई दिन तुकडे बिन हैरान ॥ फकी० ॥१॥ कोई दिन हत्ती कोई दिन घोडा कोई दिन पग अनवान ॥ फकी० ॥२॥ कहत कबीरा सुन भाई साधु । क्या झोपडी मैदान ॥ फकी० ॥३॥

२७३. बैरन नींद काहांसे आई । सोई सोई सारी उमर गमाई ॥ध्रु०॥ नींद कहे मैं जमकी दासी येक हात मुद्गल येक हात फांसी ॥ बैरन० ॥१॥ नींद कहे मैं सबसे भारी । ब्रह्मा विष्णु संकर नहीं छोरी ॥ बैरन० ॥२॥ कहे कबीर कोई गुरु पद जागे । उन नगरीकूं डंक न लागे ॥ बैरन० ॥३॥

२७४. तुम गरीबनवाजरे । आपने बंदेंपर मेहेर करो आजरे ॥धृ०॥ तूंही भाग्यवंत तूंही पृथ्वीका पालेरे, ॥ १ ॥ किरपा कर और माया धर मुजपर मिले ये सरियो मेरा काजरे॥२॥ दास कबीर सुन गुरु निरंजन गिराधाररे सुन सिरताजरे ॥३॥

२७५. लेखो क्यौं मौटे। जाके आक परयो॥धृ०॥कुटक करूं तो

कबुना मीटे दुःख सुख वांके करम लेखयो । लेखो० ॥१॥ मैं अवल कचुना चेतयो बीन मंगे मोतीसे समुद्र लेख्यो ॥२॥ कोन जाने ये खोटे और खरे गांठी बांधो परबन बुजायो। लेखो० ॥३॥ कहत कबीरा सुनभाई साधु ये लालुचसे सब काम बिनरयो ॥४॥

२७६. नौबत पर दिया डंका शिपाई बांका ॥धृ०॥ मन पवनका कीया घोडा अकल लगाम मुख जडा । इनाम खोगीर उपर धरा नरतन तारनका। सिया० ॥१॥ आंगपर मेलरकी जालरे सेजका तोप धरा सीरपरेरे । कमरमें हर प्रेम खंजीरे नहीं डरनका। सिपा० ॥२॥ सुवास बंदुक पकरी हाथ सतकी रंजुक पिलायो बहुत ग्यान पलीता लगाई जोत कबीर पार भवनका । सिया०॥३॥

२७७. बाबा सो बालक मे नाई जाकूं बेलोना देरे ॥ बावा सो बालक ॥धृ०॥ बुराई आगुं धूंप पेलाट नवाजे वाकू मुगुट दे छुटे ॥ जाकूं० ॥१॥ ये बचन बडाई क्यां करु बावा तो ऐसे बोलके लुटेरे ॥ जा० ॥२॥ कहत कबीरा मैं संग न छोरु कोटिक तरास लेखलाई ॥जा०॥३॥ तुम पिता मैं पुतर तेहारा अब मोये राखु कठड लगाईरे ॥ जा० ॥४॥

२७८. दो दिनकी जिंदगानी प्रभुदीन। जगमें जीवना थोडारे। रामकी बंदगी करले प्यारे। नाम नबीका लेनारे ॥१॥ दो दिनकी जिनगानी रहांसे । कोई आगे नहीं चलतारे । काल झपेटा झपटे जायगा । जमतम गोता खायरे ॥२॥ तीन हातका कपडा मंगाया । कर कायेकी झोलीरे। चार जनो उठवण लागे। जाय मसाणमें गाडारे ॥३॥ हात पकड तेरी बहीन रोवे। शीर पकड तेरी माईरे । घरकी जोरु तीन दीन रोवे। करे पराई आसरे ॥४॥ जोरू लडके बहीण भानजी । सब पैसेके लोभीरे। जीवका साथी कोई नई यारो । कहता दास कबीरारे ॥५॥

२७९. आप आपकू बुझ नहीं । तनमनकू खोया नहीं । मन मळे सो धोया नहीं । स्नान किया सो क्या हुवा ॥१॥ करणी करे बदकामी । नजर रखे हरामी । बदफैल निकामी । संध्या किया सो क्या हुवा ॥२॥ गोवा किया जंजालका । जो कोई जर जारका ।

आया तीर्थ द्वारका । छापा लिया सो क्या हुवा ॥३॥ कुता हुवा माल का । कठीन कटोरा दिलका । अभय चाड भय लेका । काशी गया सो क्या हुवा ॥४॥ गुरूकू शरन नहीं गया । मा बापशे जुदा रह्या । औरत लेके न्यारा रह्या । गया गया सो क्या हुवा ५ जिनके तो सुबुद्धि नहीं । अंतकालकी शुद्धि नहीं । जबलग गुरुमुख देखा नहीं । जोगी हुवा सो क्या हुवा ॥६॥ लालुचकी बरी बुटी नहीं । हृदयीं दया पोटीं नहीं । भेदभ्रांती तुटी नहीं । पंडत हुवा सो क्या हुवा ७ दया धरम जाने नहीं । सत्करम समजे नहीं। आप आपकू बुज नहीं । संन्यास लिया सो क्या हुवा ॥८॥अहंकार चुडा नहीं । शांतीमों मन गढा नहीं । ब्रम्हरूप मन जडा नहीं । गीता पढे सो क्या हुवा ९जीत पितरकू सुख नहीं ।जननीकू आस नहीं जीस चांडालकू दया नहीं।तरपन किया सो क्या हुवा १०संसार किया जंजाल है । बदफैलका बजार है । कामीन गलेका हार है । कीर्तन कियासो क्या हुवा११दिलमें तो खुप रखी । हृदय करे जिकरकी । गठडी बांधे फिकीरकी । फकीर हुवा सो क्या हुवा१२मांगीन त्यागी नहीं । तीर्था जोत जागी नहीं । उन्मनी समाधी लगी नहीं । साधु हुवासो क्या हुवा१३इस बाबद कबिरा कहे।।जिस रामनामका सवास है आसपास सब राम भरा है । फिर दो हुवा सो क्या हुवा ॥१४॥

२८०. देखो देखो छबी यार दिल हुवा है फकीर ॥ ध्रु० ॥ बैठ रहूं वचन ग्यान महिमें गुन ग्यान गंभीर । करमभरम हम बाहेर जाके बेदरदी बेफिकिर ॥१॥ ज्यातीमें ज्योती मिले मोरी रसया पडगई प्रेम जंजीर । गगन नगारा अनुहात बाजा करूं श्रवन धरूं धीर ॥२॥ जैसा मृगवा भटकत बनमों सुदबुद नहीं शरीर । ये दो नयनो एक समाये लाग न लागे जै तीर ॥३॥ साकी दोहिरा पुरा भेदी लिखगई । संत सुजान ऐसा लिखगई कहे गई दास कबीर ॥ ४ ॥

२८१. पानी बिच खडी दैन्यवानी । बाता बोले हिंदुस्तानी। अब तुम करोजी मेहेरबानी ॥ देव मेरे कपडे मेरे नंदजीके लाला ॥ दे० ॥ तुम तो मथुरा राखनवाला। तुम गोपीपालनवाला ॥ध्रु०॥

सब कपडे लिये छिनकर । ले गये झाडके उप्पर । गवालन कहे कन्हैया चोर ॥१॥ मेरी ननंद है बिजली । छपन्न देसकी चुगली । कन्हैया छोडो मेरी चोली ॥२॥ मेरी सास है जंजाल । उपटे शिरके लंबे बाल । मेरेकू मारे गालो गाल ॥३॥ मेरा मरद है मर्दाना । उसीका शिपायोंका बाना । गोळी मारेगा दिवाना ॥४॥ मैं जातकी बमनी । मेरा सॉवला है गमनीं । नीचे उतारो सारंगपाणी ॥५॥ गवालन कहे मैं क्यां करूं । कपडे बिन दिवानी फिरूं । तेरे मूम्मे शक्कर भरूं ॥६॥ गवालन कहेजी नंदलाल । मत कर मेरे कपडेके हाल । कबीरा कहे सुनो मेरा ख्याल ॥७॥

२८२. भगवतभजन गुन गाऊंगी रमते रामकूं रिझावूंगी॥ध्रु० बन बन जाऊं परत नहीं तोरूं ना मैं डाळ सताऊंगी । डाल डाल बिच साहेब मेरा चुरी चुरी सीस नमाऊंगी ॥१॥ जडी न राखूं बुट्टी न राखूं ना मैं बैद्य करावूंगी । सद्गुरु बैद्य मिले अविनाशी उनसे हात दिखाऊंगी ॥२॥ दरशनके ठारा दरशनकूं बांधू नैनके बान चढावूंगी । पांच मोहोर पचीस बसकर मुजसे मुजरे आवूंगी ३ पांच मुखी गंगाजल लेकर मान गुमान बाहुंगी । सब साधनके रतन बिछाके माथे चाप चढावूंगी ॥ ४ ॥ तीरथ जाऊं मैं जलमें न्हाऊं ना मैं जीव सताऊंगी । कहे कबीर सुन भाई साधु मनही तिलक उगाऊंगी ॥ ५ ॥

२८३. मुलुक संदेसा लाया बे । ताथे मेरा तालबयार सिधार आवे ॥ धृ० ॥ ये काला पेहेरना जंगल चरना । किने तेरा सिंग चराया बे जिनकाबे तेनें बेत उजाडा । तलब उनोडा आयाबे ॥ १ ॥ सामी पार मेरा पीतम ठारा । मैं क्यों आऊं बिच पानीबे । सुरत सुन्नेकी नांव बनावूं तनु करूं खुरबानीबे ॥ २ ॥ आव मेरे बालमा अछेनिक बोलना किनी बरनिने बिर मायाबे । किने भेजी कागद केरी गुदरिया किने मन चितलाया बे ॥ ३ ॥ हंस उडे बग झुरने लागे कायकू अंतन पायाबे । देखो सखिरी एक अजब जनावर उडगया बुरहन आयाबे ॥ ४ ॥ श्रावन मास मेंढा आखाड आयो मेरा पितम अजि अनि आयेबे । कहत कबीरा तन भइरि दिवानी पिया पिछे ये दुःख पाया बे ॥५॥

२८४. सुनो सखीरी मोरी पाडपडोसन तेने मोरो नेहा बिघाडियो तेनें मोरो कंथ बिघाडीयोरी ॥ ध्रु०॥ सुनो ननदिया सुनो सखनिया सुनो नटकी निरगुनी यारी मेरे ललना सुनोरे रसनियां कमनया बिघडी पंची बेहुनीयारी । सुनो० ॥ १ ॥ जो मे पोकारूं राजा रामजीकेआगे तो ये धर पकड मंगारी। मुख मुंडाले नगर सब फिरवूं उलटे गधे चराऊंरी । सुनो०॥२॥ आदि अंतको धरम न ज्यानो कहे तो ये बीर पाढपओरी । घर घर ध्यान मुनड सेथी टालूं ऐसी तोहारी होनरी । सुनो० ॥ ३ ॥ सासकी दुखियां ससरेकी प्यारी खाया पिया जुग हुईरी। ननंद दोहेली और गरबकी माता बेरे आंकी पीड मरत हुईरी । सुनो० ॥४॥ ये मनछा येरे आंदिर बीच गाडू जुग बहुत बढाईरी ॥५॥ कहत कबिरा सुन भाई साधु तब करतुक मिट जाईरी ॥ ६ ॥

२८५. ओ पंथी मेरो बालम कब घर आवूं। मोकूं मेरे बालमाकी लेहेर सोहावे । जागत सारी रेन अब बहावेरे ॥ धृ० ॥ मोर बीन सुने डुंगर बे पिया बीन सुनी सेजबे । जनमही सुनो पियाजी सूर परखे पियाबीन अकेली न रहूं बे १ जागत और चालत फिर फिर सोवत दुजो न पास देखूं कोईरे । मैं अकेली मुझे निंद न आवे दुजी रेन बसत हुईरे ॥२॥ कहत कबीरा सून भाई साधु कोई सदगुरू बालम मिलावेरे । जागत सारी रेन अब बहावे मोकूं मेरे बालमाकी लहेर सेहावेरे ॥३॥

२८६. मेरी जात बरन कुलहीन । कहोजी कैसे तारोगे ॥ध्रु०॥ वंका तारा बंका तारा । तारा सजन कसाई ॥१॥ नामदेवकी छापरी बिछाई । मुई गाय जिवायी ॥ सेना भगतकी चाकरी किये आपबने नापित भाई ॥२॥ वहे जात संसारसागरकी । संविता पार उतरना ॥ आपनी करनी पार उतारी । कह गये ध्रुवप्रल्हादा ॥३॥ ब्रिंदावनकी कुंजगलनमें । भई रामकी भेटी ॥अब तो प्रभुजी कैसी बनेगी । दिये कबीराकूं भेटी ॥४॥

२८७. चरका यंव यंव यंव यंव बोले सुन बे गुजरवाली ॥धृ०॥ चरका तेरा रंगीं बेरंगी पहने लाल गुलाल । कातनवाली छेल

छबीली गुज गूज डाले ताल ॥१॥ समदीके घर समदी जावे बहन घर जो भाई। घरकूं आग लगाकर तटया उन्ने देह जगाई ॥२ कहत कबीरा सुन भाई साधु ये पद है निरबानी। ये पदकी कोई निंदा करे उनकूं नरक निशानी ॥३॥

२८८. पियु जल भरन मोरी जाये भला। जल भरतही मैं लाज मरतहूं मेरो आगन पिया पन घट खनवा ॥ पियु० ॥१॥ पनिया भरत मोरी सुध बिसरानी तुट गये नवसेरो हार ॥ पियु०॥ ॥ २ ॥ सिरपर गडुलो गडुपर गुडुली मोरी हो धन हिरा रतन जरतार। कहत कबीरा सुन मेरे गुनियां आब किती पल करोगे पुकार ॥ पियु० ॥३॥

२८९. बुंदसे भिजे मोरी सारीरे मैं कैसी आवूं ॥ धृ०॥ जिनके पिया परदेश सिधारे सो क्यौं जिवे बिचारीरे ॥ बुंद ॥१॥ आंखुवाली दाली पपयारे बोले कोमल बोलत कारीरे ॥ बुंद०॥२॥ जिनी जिनी बुंदना बरसयो मेहा रुम जुम बरस तारीरे ॥ बुंद॥३॥ कहत कबीरा सुनभाई साधु पियाकी गत है न्यारीरे ॥ बंद०॥४॥

२९०. बनमें भूली परीरे बंजारनी। अकेली भूली परीरे बंजारनी ॥ ध्रु०॥ पिया छोड दरावके चलगयो मैं अकेली निरधारनी ॥ बन० ॥१॥ ना तरुवरना कोकिला वा रखी अकेली जुहुरत कामनी ॥ बन० ॥२॥ मेरे पियानें कदर न जानी। सारी रेन अकेली दरावनी ॥ बन० ॥ ३ ॥ कहत कबीरा सुनोभाई साधु पिया प्रेमकी गत हरावनी ॥ बन० ॥४॥

२९१. खेल गुमायो बालपनोमें तरुणपना रही सोय ॥धृ०॥ अब क्यौं मुख बतलावूं पियाकूं मैं बैठी जोबन खोय॥ खेल०॥१॥ अब तनु बुढ्ढो भयोरे मैं वां बेठी वां खोय ॥ खेल० ॥२॥ अब रूप रंग कछु रहेयो नहीं तनमें जीव कुसुंबो धोय ॥ खेल० ॥३॥ कहत कबीरा सून भाई साधु फेर ऐसी चटक न होय ॥ खेल० ॥४॥

२९२. अब दहिं ले तूं अब दहिं ले। दहिं ले॰ दाधियां ले-श्याम ॥ ध्रु० ॥ कोरे कोरे मटकीमें दहियां समावे ॥ अब चख ले तूं अब चख ले। दहिंज खावे श्याम ॥ अब० ॥१॥ ब्रिंद्रामनमें

गौंवा पुकारे, अब सुन ले तूं। अब सुनले, सुना ले श्याम ॥ अब०॥ ॥२॥ गगनमंडल बिच गुरुरा अघुला। अब झुल ले झुलाले श्याम ॥अ०॥३॥ कहत कबीरा सुन भाई साधुजन। अब मिल ले तूं, अब मिल ले, मिला ले श्याम ॥ अब० ॥४॥

२९३. कन्हया क्या कहेना तुजकू। मुज है जाना मथुरेकू ॥धृ. भर रस्तेसे मुजे अडाता। क्या तेरी बलजोरी। चक्कामका सबही खाया। फोडी मोरी घगरी ॥१॥ सबही गवालन मिलके जाऊं। आगे तोडूं बाल। कंस पास फिराद जाऊं। तुम नंदके लाल ॥२॥ कहत कबीरा सुनो गवालन। दे जोबन का दान ॥ बनसीवाला मुजे अडाता। क्यौं करती अपमान ॥३॥

२९४. भाई हमकूं जाना पियाजीके देस ॥ ध्रु० ॥ सोवत सोवत उठ न सक्ति चुरियोनें चुनखाया सेत ॥ भाई० ॥१॥ सास बुरी मेरी ननंद हटेली कैसा कर बनेगा हेत ॥ भाई० ॥ २ ॥ कहत कबीरा सुनभाई साधु वोही हमारा देस ॥ भाई०॥३॥

२९५. येरी भाई मोरी गगरीया फोरी ॥ध्रु०॥ पल घटको नहींरे भरंवसा छांड चली पनीयारी ॥ येरी०॥१॥ एक भरगई दुजी भरनेकूं आई अब मेरी भरनेकी बारी ॥ ये० ॥ कहत कबीरा सुनभाई साधु। गोबंदकी गत न्यारी ॥ येरी०॥३॥

२९६. लगगई या प्यारी। सीताराम जाने ॥ धृ० ॥ सिरपर घडा घडेपर झारी चाल चलत गत न्यारी। लग० ॥१॥ गोरे आंगपर दुलड बिराजे चरन कमल बलहारी। कग० ॥२॥ कहत कबीरा सुन मेरे गुनियां बैकुंठ करन हम हारी। लग० ॥३॥

२९७. रामकी दिवानी नामकी दिवानी। अब वही हो मैं तो रामकी दिवानी ॥धृ०॥ कोरा कोरा घरावो गंगाजल पानी ओ नीर पीये सो अंतर जानी ॥ नाम० ॥१॥ फुटगये घडा बिघडगये पानी उडगेय हंसा काया कुमलानी ॥२॥ आवे लस्कर पिछे लगे देहरानी जाहां देखूं ताहां साहेब निशानी ॥३॥ कहत कबीरा सुन भाई साधो जानी ना अंतर ओ नैना और आबानी ॥४॥

२९८. हरी संग लागु बैरागन होऊंगी ॥ ध्रु०॥ दंड कमंडलु

कटी मृग छाला । राम भजन गळा तुळसीके माला ॥ हरी०॥१॥ काया मोरी कंथा मन मोरे जोगी । श्यामसुंदर जन वो रस भोगी ॥२॥ कहत कबीरा अंतकी बारी । राम बिना दुःख कोण निवारी ३.

२९९. जसोदा मैया काहेन मंगल गावे ॥ टेक ॥ पूरन ब्रह्म सकल अविनासी सो तेरी धेनु चरावे ॥१॥ कोटि कोटि ब्रह्मांडके भरता जप तप ध्यान न आवे । न जानो यह कौन पुन्य है जसोमति गोबंद खेलावे ॥२॥ शिवसनकादि आदि ब्रह्मादिक निगम नेती जस गावे । शेष सहस्र मुख रटत निरंतर जो जाको पार न पावे. सुंदर बदन कमलदल लोचन गौधनके संग आवे । मात जसोदा करत आरती कबिरा दरसन पावे ॥४॥

३००. रुनझुन रुनझुन गोविंद आवे । हरिके हाथ लकुट मुख मुरली बजावे ॥ टेक ॥ दुर खेलनजी न जाओ प्यारे ललना सांझ भई घर आवो प्यारे ललना ॥१॥ कौनके अंगनामें तुलसीको बिरवा । कौनके अंगनामें खेले प्यारे ललना ॥२॥ देवकीके अंगनामें तुलसीको बिरवा जसोदाके अंगनामें खेले प्यारे ललना ॥३॥ देवकीके छया बलरामजीके भैया । नंदरायजीके कुवर कन्हैया प्यारे ललना ॥४॥ जमुनाके नीर तीरे धेनु चरावे । गोअनके संग विहरत आवे प्यारे ललना ॥५॥ मोरमुकुट पीतांबर सोहे कानन कुंडल झलकत आवे प्यारे ललना ॥६॥ मात जसोदा करत आरती सुरनर मुनि जस गावे प्यारे ललना ॥७॥ कहत कबीरा मैं रोखना भवना तीन लोक रमी आये प्यारे ललना ॥८॥

आरती.

३०१. जय जय आरती रामजी तुमारी प्राणनाथ रघुनाथ मुरारी ॥ध्रु०॥ छत्र धरत है लछुमन भरता । आरती करत है कौसल्या माता ॥१॥ मोर मुकुट गला बैजयंती माला । मेघांबर तनु शाला दुशाला ॥२॥ सुक नारद मुनी सादर गावे । भरत शत्रुघन चवर डुलावे ॥३॥ सन्मुख ठाडे हनुमंत बीरा । आरती करत है दास कबीरा ॥४॥

कमाल.

१. शामसुंदर देखो बिटपर बिठ्ठल खडा पंढरपुरमों । शंख-चक्रगदापद्म बिराजे बैजयंती माल गलमों ॥१॥ भीमाकिनारे ठाडे करपर रखे कर जिन्ने । नामादरजी नाम पुकारे केशव भयो तन्में ॥२॥ मिले गोपाल करे जो मेला आपआपने मनमों । घोष गजर बडा भया सिद्ध मिले उसमों ॥३॥ ऐसा देखो मुरशद मौला फेर जनम नहीं जनमों । कहत कमाल सुनो भाई साधु भयो उजाला दिलमों ॥४॥

२. वोही सांई हजर मौला खडा पंढरपुरवाला है । दुबले भगत दोनो भये उनोसे करो बोलवाला है ॥१॥ दखनम्यानें नामा दरजी उनोका बंदा बिठ्ठल है । और सेवा कछु न जाने अंदर भीतर केशव है ॥२॥ जुतरम्यानें भयो कबीरा रामचरणका बंदा है। उनोका पूत कहे कमाल दोनोका बोलबाला है ॥३॥

३. देखो दिलमों आपने यारो मुरशद मौला । भीमाकिनारे ठारा है उनोका करो बोलबाला ॥१॥ भंडी चंडी काहेकू पूजे भय्या भया दिवाना। आपने दिल राम छांडकर फत्तर काहेकू रखना ॥२॥ ग्यान ध्यानसे आवे घरसे नहीं जंगलका काज । निशिदिनी गावो मनमों ध्यावो येही रखा शिरताज ॥३॥ साधु संतसे प्रीत लगावो और न जानो बात । कहे कमाल सुनो भाई साधु भजनमोही नहीं जात ॥४॥

४. बिठू सांई देखो छत्रपती राज रखुमाबाई ॥धृ०॥ ठाडे भीमाके तीर बिठु साहेब पीर क्या सुरत खूब बनी है राम ॥१॥ मोर मुगुट पितांबर गला तुलसी माल है राम ॥२॥ शंख चक्र गदा पद्म बिराजे खडा है बैकुंठ धाम ॥३॥ कहे कमाल सुनो भाई साधु वोही सब घट भरा है राम ॥४॥

६. रूप नहीं नाम नहीं निर्गुन जाको कहते है । भक्त न काज सगुन भयो भीमा किनारे रहते है ॥१॥ एकहि जानो दोबी जानो ये तो सबसे न्यारा है । दसबी ज्यानो पच्चास जानो अंदर भरपूर है ॥२॥ भयो उजाला नैन भरके आतम जोती लगी तनमों। भागा दूर भया भरपूर गावो आपने दिलमों ॥३॥ कहत कमाल सुन भाई साधु वैकुंठ बडा ये जगमों । बीटपर पाव कटपर कर वोही ध्यान धरो मनमों ॥४॥

७. जनमका सारथक करो । दिलमों सुरत धरो ॥धृ०॥ दखन म्यानें भयो बैकुंठ भीमा किनारे सच्चारे । शंख चक्र गदा पद्म बिराजे ओर तुलसी बुकारे ॥१॥ नर और नारी मेला मिले टाल मृदंग खूप गाना है । बरत करे एकादशीके बैकुंठ मिले एक खिनारे ॥२॥ साधु वो संत गाचत नाचत नहीं आपआपनी सूद रे । भजन प्रताप सबही भूले रात ना दिन भये धुंद रे ॥३॥ कहत कबीर सुनो भाई साधु एक बार जाके देखोरे । जनम मरन आपो- आप भागे । जमसे मारो मेखरे ॥४॥

८. ग्यान ध्यान भरपूर बलि तो वेद शास्तर और किताब कु- रान । जिदर उदर सांई खडा रोजो निमाज अब काहां रखो जान ॥१॥ साधु राम काहेकू सोस करे । काहेकू जंगल फिरे ॥धृ०॥ चार जुगमों जो कलिजुग सुखसे भयो मिठारे । खावो पीवो मौजा करो राम भजन भरो हाठारे ॥२॥ तेरा मेरा काहेकू कहता साधु संतसे मानो रे । भजन परताप ना डरो जमकू येही कहना पछानोरे ॥३॥ सांई सब घट मुरशद मौला जो चाहे सो देता है । वोही छांड अंधा भये फत्तर कांहेक पुजता है ॥४॥ कहत कमाल सुनोभाई साधु । यही पंथ अच्छा है । नामबिना कछु ना तरे वोही साला कच्चा है ॥५॥

९. मुरख मनुजा कायकू गरव करे । पलख म्यानें नरतनु आवे कछू मनमें बुझ धरे ॥धृ०॥ नैन बुझे जटा बढावे जंगल काहेकू बैठे है । सुनले बावा रामभजनबिना मुगत नहीं फेर चो-

न्यायशी आती है ॥२॥ बहुत जनम गिरकी म्यानें ये नरतनुसे पाया है । चार पेहेर संसारबजार चार पेहेर नींद गया है ॥३॥ आगे बावडी पिछे कुवा उपर सैतान है । दोनो बिचमें कैसा भागे सोही बडा मर्दान है ॥४॥ सुनले बावा काहेकू डुबता आगे बडा मुष्कल है । जात ना देखे गोत ना देखे सब माया जंजाल है ॥५॥ कहे कमाल सुनो भई साधु येही पछाने बिरला है । लाखो जिवडे देख यारो । मुरशद मौला न्यारा है ॥६॥

१० इतना जोग कमायके । साधु क्या फल तुजे पाया ॥ जंगल जाके खाक लगाये । फेर चौऱ्याशीं आया ॥१॥ राम भजन आच्छारे । दिलमों रखो सच्चारे ॥ ध्रु ॥ जोग जुगतकी गत है न्यारी । जोग जहर का प्याला ॥ जीने पावे उने छुपावे । वोही रहे मतवाला ॥२॥ जोग कमायके बाबू होना । येतो बडा मुष्कल है ॥ दोनो हात निकल गये । फेर सुधरन मुष्कल है ॥३॥ सुखसे बैठो आपने मेहलमों । राम भजन अच्छा है ॥ कछू काया झीज नहीं । कछु खरच नहीं ध्यान धरो सोई सच्चा है ॥४॥ कहत कमाल सुनो भाई साधु । सबसे पंथ न्यारा है ॥ बेद शास्तरकी बात येही । जमके माथा फत्तर है ॥५॥

११. काहेकू बन बन जाता । काहेकू त्यज घर और संसार ॥ रामनामबिना और न जानो । एकही नाम और कछू नहीं सार॥१॥ बेदशास्तर पुरान किताब कुरान । सबही देखे उनोका बात ॥ अंदर भीतर मुरशद मौला । भरपुर भरा है आपने सात ॥२॥ अब कांहा देखे मंतर जंतर । और जोग जुगतकी बात ॥ साधु संतसे प्रीत लगावे । भजन करो दिनरात ॥३॥ कहत कमाल सुनोभाई साधु । येही सब सिद्धांत ॥ नामबिना मुगत नहीं । काहेकू जंगल जात ॥४॥

१२. अभागी काहेकू बन बसाया । सच्चा छांड छुटा पकरे काहेकू धूल लगाया ॥१ आपने तनमें सबही भरपूर । काहेकू जंगल जावे ॥२॥ शिर मुंडावे बभुत चढावे । चमरा काहेकू वोढावे ॥३॥गांडलंगोटी हातमों कठु । उनोसे क्या फल पावे ॥४॥ जो-

गजुगतकी बात न जानो। फिराफिर गोता खावे ॥५॥ कहत कमाल सुनोभाई साधु। आया वैसा जावे ॥६॥

१३. खूब जोग बनाया काहेकू जग भुलाया ॥धृ०॥ माला मुद्रा आसन बिछाना। गांजा और मिठा खाना है ॥ उपरकी तो खुब बनी। अंदर भया दिवाना है ॥१॥ पुरान शास्तर किताब पढावे। कुरानोके बाता है ॥ रामभजनबिना सबही खाली। काहेकू जुती खाता है ॥२॥ तीरथ बरत सबही करके। भया बडा सिद्धा ॥ सिद्धनकी तो बात न जाने। भया साला गद्धा ॥३॥ जंतर मंतर टाना टोना। सबही भूल भूलाना है ॥ ढोंग धत्तुरा सब कुच जाने। राम न जाने दिवाना है ॥४॥ कहे कमाल सुनोभाई साधु। सबही पसारा झूटा है ॥ आपनी दिलमों आपही देखे। नहीं तो शिर मारे जम सोटा है ॥५॥

१४. कोन कहेगा साधु। काफर कोन कहेगा साधु॥धु०॥ गले बांधे डोरे गोफ सुनेरी। काल कुफरका आदु ॥ घी खिचडी खूप खाये मलीदा। क्यों न पडे लडडु॥१॥ शाल दुशाल वोढे रुमाल। माला और मुद्रा ॥ जटा बढाकर खूप बैठा। बालपनोका गद्धा ॥२॥ कहे कमाल सुनो भाई साधु। ये तो फजीत खोर ॥ अंतरकी तो ज्योत न जागी। क्या जाने जोग और ॥३॥

१५. ये नरतनु खुब पाया। आखर आकेला तूं गया ॥१॥ तीरथ न जाने बरत न जाने। न जाने संध्या और सनान ॥२॥ जपही न जाने तपही न जाने। न जाने और किसोका ध्यान ॥३॥ कहत कमाल सुनो भाई साधु। अब कैशी खेचू कमान ॥४॥

१६. आखया धुंद मत्त क्यौं करे। काहेकू भटकत फिरे ॥१॥ घर बैठे व्हां करो चाकरी। राम नामसो प्रीत धरो ॥ २ ॥ माला मुद्रा गांड लंगोटा। काहेकू जटा जूठा धरो ॥३॥ आसन कडासन और मृगछाला। संतपग निर्बाण धरो ॥ ४ ॥ कहत कमाल सुनो भाई साधु। जनम मरन दूर करो ॥५॥

१७. हरिनाम बोलो हरिनाम बोलो। चुप ग्यानसो काहेकू भोलो ॥१॥ आंदर भीतर भरपुर शांती। जिदर उदर पुरन है

ज्योती ॥२॥ बेद पढत है पुरान । सुनत है कुरान किताब वोही दूर धरो ॥३॥ कहत कमाल सुनो भाई साधु । अब तुम एक माग धरो ॥४॥

१८. भटकत कांहेकू फिरे । साधुराम भटकत कांहेकू फिरे ॥ध्रु०॥ आपने दिलमों गंगा जमुना । सच्चा व्हांमे स्नान करे ॥१॥ आपने दिलमों माला मुद्रा । दया शांति जप ध्यान करे ॥२॥ आपने दिलमों आसन कडासन । काम क्रोधकी धुनी जरे ॥३॥ कहत कमाल सुनो भाई साधु। आपने दिलमों राम स्मरे ॥४॥

१९. अभागी काहेकू गरव करे । काहेकू भटकत फिरे ॥१॥ तीरथ बरत जंतर मंतर । काहेकू जप करे ॥२॥ सच्चा छांडकर झुटा पकरे । काहेकू कडु धरे ॥३॥ राम भजन तो भुलगया । काहेकू और ध्यान धरे ॥४॥ कहत कमाल सुनो भाई साधु । भवजंजाल कबु न तरे ॥५॥

२०. तीरथ बरत बहुत देखे । मनमें बुझ पाया नहीं ॥ बेद पुरान कुरान पढे । मुरशद मौला भया नहीं ॥ १ ॥ आपने तनमों दील लगाके । राम रहीमसे पछानोरे ॥ दया क्षमा और शांति पकरके । बावा संतचरन पछानोरे ॥२॥ काहेकू मृगजल देखके । सुख माने सो गैला है ॥ कवन किसेका देख बावा । आखेर ज्यावे आकेला है ॥ ३ ॥ रामनाम भजनबिना न चुके फेरी । चुप कहां करता शिनरे ॥ बहुत जनमकी होना कमाई । येही सुधारन कहाई ॥४॥ कहत कमाल सुनोभाई साधु । रामभजनमों अच्छा है ॥ येही बानी हमे पकरी । ना सुनो सो कच्चा है ॥५॥

२१. तीरथ जाऊं तो न देखे तीरन । बरत करे सो न देखे चरन ॥१॥ अब काहेकू जप और ध्यान । मनमोंही बैठा है राजाराम ॥२॥ जोग जुगतकी न जानो बात । खाली कोन करे किसो पसारो हात ॥३॥ कहत कमाल सुनो भाई साधु । साधू होके ना होना भोंदु ॥४॥

२२. आया कहां जाना कहांसे आपने दिल बुझ रखना । जनम जनम गिरकी म्यानें बहुरी जुती खाना ॥१॥ हुशार रहना राम

नाम जपना बे ॥धृ०॥ लख चौऱ्याशीं गिरकीं म्यानें ये नरतनु पाया । राम भजनबिना झुट दिवाने खाया पिया सोया ॥२॥ मेरा मेरा करके यारो सब अंधेरा भया । चुवा बिल्ली पकड ली जा-वे वैसा जमने किया ॥३॥ सुखसे कारन आपनी जोरू बाल बच्चा खजाना । आप मरे पाछे रहे कोई नहीं आपना ॥४॥ कहे कमाल सुनो भाई साधु येही बचन निका है । सुनना होय सो सुनले बावा नहीं तो आगे धक्का है ॥५॥

२३. काहांसे आया काहां जाना । ये सुद नहीं रखे मनमों ॥ मेरा मेरा कर कर यारो । आखर जावे मट्टीमों ॥१॥ धन औरत नाता पुती । सुख देखे सपनमों ॥ जद जम काल पकड ली जावे । आकेला ज्यावे जंगलमों ॥२॥ कहत कमाल सुनो भाई साधु । राम जपो तुम मनमों ॥ झुटी काया झुटी माया । भुर जायगी खिनमों ॥३॥

२४. ये तनु किसोकी किसोकी । आखर बस्ती जंगलकी ॥धृ०॥ काहेकू दिवाने सोस करे । मेरी नाता और पुती ॥ ये तो सब झुट पसारा । राम करो आपना साती ॥१॥ बरखकी छाया सुखसे मिठी । एक घडीकी साती ॥ खाये पिये सुखसे बैठे । फेर उठके चले जाती ॥२॥ कहत कमाल सुनो भाई साधु । सपन भया राती ॥ खिनमों राजा खिनमों रंक । ऐसी रहा चलती ॥३॥

२५. लखचौऱ्याशी गिरकी म्यानें अवचट नरतनु पाया । राम भजनाबिना खाली ज्याकर क्या तुज पाया ॥१॥ कोन किसोका देखे यारो कुई नहीं आपना साती । जद काल जम पकर ली जावे मा बाप सब रोती ॥२॥ औरत दौलत सुखके कारन महेल मुलुख खजाना । रामभजनबिना खाक भई आखर मट्टी मिल जाना ॥३॥ कहे कमाल सुनो भाई साधु बारबार नहीं आवे । ये नरतनु जा-यगी फेर चौऱ्यायशी आवे ॥४॥

२६. सुनो सुनो साधू राम मत भूलो । अंदरकी गठडी खोलो ॥ ध्रु० ॥ लखचौऱ्याशी गिरकी म्यानें । अवचित नरतनु पाया ॥ रामभजनबिना खाली जाके । आप आपसे खायो ॥१॥ आपही

जवान । आपही हुवा बुड्ढा ।। तीनो काल आपहि देखो । आपहि हुवा मूढा ।।२।। जनममरनकी रसिया काटो । राम नाम है मिठा ।। संसार जंजाल दूर करो । नहीं तो जम मारे सोटा ।।३।। कहे कमाल सुनो भाई साधु । मै सब संतनका छोरा ।। पाव पकर सीस नमाऊ । येही पंथ हमारा ।।४।।

२७. सुनो बावा दुनयाकी मौज बुरी है । फीर फीर आवे फेरी है ।। ध्रु० ।। मा पेटसो पैदा हुवा । रोवे कोहं बच्चा है ।। सोहं छांड कोहं पकारा । नेकी बदला सच्चा है ।।१।। जद अल्लानें ये दुनयामों । तुजकु मेहेर बताया ।। भुल गया उस नामसे । मेरा मेरा कहने लगा ।।२।। जोरू मेरी बच्चा मेरा । मेरी घर जिंदगानी ।। कौन किसोका नहींरे बावा । आखेर जावे जमखानी ।।३।। राम नामाबिना कछू नहीं सच्चा । सुनले मूरख बानी ।। खाया पिया सुखसे सोया । जम निकालेगा पानी ।।४।। कहत कमाल सुनो भाई साधू । भजन करो निर्बानी ।। साधू संतसे प्रीत रखो । क्या राजा राव रानी ।।५।।

२८. ये नरतनु बहुत जनमसे पाया । देखो बावा आखर बुरा फल खाया ।। ध्रु० ।। मुरशद मौला जाने नहीं पीर पैगंबर पछाना नहीं जन्म काहेकू धरे ।।१।। काशी बनारस तीरथ करकर मनमोंहि आसन पुरे ।।२।। ब्रह्म ग्यान बहुत पढाके संसार सोस करे ३ येही जनमसे करले कमाई साधुसंत पगज धरे ।।४।। नाहक जमाना मुफत गोता भटकत काहेकू फिरे ।।५।। आब कितना ये नरतनुका अभागी सोस करे ।।६।। पलख म्यानें जद काल ली जावे पाछे रोव मरे ।।७।। कहत कमाल सुनोभाई साधु रामचरण ध्यान धरे ।।८।। बहुरी बहुरी जनम मरन फेरा आप दूर करे ।। ९ ।।

२९. देखो ये चमडेकी झोपरी । आंदर बैठे बैठे न्हार ।। जबलग दिवाल भरपुर बहीलो । तबलक रहना हुशार ।।१।। तीनो कालमों झोपरी बनी । सुखसे भयो आराम ।। कुई काल ऐसा आवे। बुजगये अब कहा राम ।।२।। चांद सुरोज दोनो बसे । और बसे रख न्हार ।। एकही भागा दोबी भोगे । पिछे रह्या अंधार ।।३।। कहत

कमाल सुनो भाई साधू । येतो बडा जंजाल ॥ लाखो झोपरी खाक भई । कीसे नई उजाल ॥४॥

३०. ये तन जायगी जायगी । कछु नहीं नहीं रहेगी ॥धृ०॥ चवदा चौकड्या लंकनाथसे । देखो नाती और पुती ॥ एक खिनमों खाक भई । नहीं दिवाने बत्ती ॥१॥ छप्पन कोटी यादव भैले । संमिदरके बासी ॥ पलख म्यानें खाक भये । देखो बुरी बात ऐसी ॥२॥ कौरव पांडव दोनो भाई । आठरा क्षोनी मिले जमात ॥ जुवाबाजी खेले यारो । मरे आठरा दिनोके आत ॥३॥ कहे कमाल सुनो भाई साधु । सच्चा जानो बात । रामबिना सबही ज्याने । खालीं काहेकू करना मात ॥४॥

३१. बार बार ये नरतनु नहीं आवनेकी येही सूद रखो मनमों । ग्यान ध्यान हरीका भजन संत सेवा रखो तनमों ॥१॥ वोही जानु सच्चा साचा गुरुका बच्चा ॥ ध्रु० ॥ लख चौऱ्याशी गिरकी म्याने अवचट नरतनु पाया ! राम भजन बिना खाली जाये मट्टीसे मट्टी मिलाया ॥ २ ॥ बडा बाजार देखके मृगजल व्हांसे क्यौं भुल पाया । जोरु लरके महेल खजीना सबही झूट कमाया ॥३॥ कोन किसोका साला भाई । कोन किसोका साती ॥ जद जम काल आये बुलावन आपे आप भाग जाती ॥४॥ कहे कमाल सुनो भाई साधु । बुरेसे जग भुला है ॥ आपही डुब सबही डुबावे । वैसा सुख गैला है ॥५॥

३२आऊट हातका बीरख लगाया । दोनो शाखा उनकू ॥१॥ रामनाम का फल बी आये । चाखे ना कुई उनकु । बेद पुराना सुने कुराना । भुलगये आपआपकू ॥२॥ आपना बरख आप लगाया आपही फल चाखो । कहे कमाल सुनो भाई साधु । आपने दिलमें देखो ॥३॥

३३. साहेबका ध्यान धरो । संसारबजार दूर करों ॥ धृ० ॥ दो दिनकी काया माया दो दिनकी गुजरानी । साधुसंतकी सेवा करो येही पकरो बानी ॥१॥ एक खिनमों सबही जावे । चार जुग ये तनमों । काया जावे माया जावे काहेकू रोवे दिलमों ॥ २ ॥

जंगल जावे फत्तर जावे जावे सबही आकार । कहत कमाल सुनो भाई साधु भये सबही अंधार ॥ ३ ॥

३४. काहेकु डुबते सुनले गव्हार । नहीं तेरा जनम बारोहीवार ॥ ध्रु० ॥ आपने खातर बडा खजाना । बहुत जुलम कमाया । बाप लरके आजे नाता पुतीसो सुख पाया ॥ १ ॥ निशिदिनीं गुंगा भया दिवाना । रामनाम नहीं लेवे । कुत्तेसरिखा पेट भराये । जंगल जाकर सोये ॥२॥ कहे कमाल सुनोभाई साधु । नाम जपना अच्छा है । साधु दूर करो जनम खेपा है ॥ ३ ॥

३५. ये तनका नहीं भरोसाबे । आखर जावे आकेलाबे ॥ध्रु०॥ हात्ती घोडे मंदर माडी । देखो महेल ओर खजाना । मेरी जोरू मेरा लरका । उसमें भया दिवाना ॥१॥ कुई किसोका नहीं खोवा । सब पैसेसे मीठा । जबलग पैसा तबलग भाई । फेर कहते झूटा २ बहना माई ताता मामु । साले और सगे मिलते । खाना खाते मेजवानमें कहते । वही तो बुरा कहजाते ॥३॥ कहत कमाल सुनो भाई । करो नामसे लूट । येतो सारा झूट पसारा । तुम न जावो ये बाट ॥ ४ ॥

३६. औरत आगे बंदर सरिखा कुदया मारे । क्या फल उनोसे पाया । देखो भाई जहरखा कुवा । आगे भरपुर ठाडा भया ॥१॥ काहेकू अंध भैयता है । जनममरन गोता खाता है ॥ध्रु०॥ वहुत जनम कमाई करकर । ये नरतनु पाया है । भजन न जाने सेवा न जाने । आया वैसा गया है ॥२॥ कोन किसोका भाई बहान काका और मामु है । आपने गाठ जबलग पैसा । तबलग सब पछाने है ॥३॥ बरखकी छाया अच्छा देखे । मुशाफर आके बैठा है । पलख म्याने खाया पिया आपना रहा सो गया है ॥४॥ कहत कमाल सुनोभाई साधु क्या फल उनोसे पाया । रामभजन बिना खाली सुख । व्हां सूख धुल पाया ॥५॥

३७. दौरोरे भाई दौरो संतचरन लीपट सुख मंगाव । झुटा पसारा छांडके बावा । सच्चा पकरो भाव ॥१॥ राम नामका भजन करो । येही अच्छा धाम । संसार बजार देखके यारो ना रहो बेफाम

॥२॥ आगले मरे उनोसे रोना । येतो बुरा काम । जीतना देखे उतना जावे । अरिचल राजाराम ॥३॥ ये तनु अच्छा बहुत जनमसो कमाया भजन बिना खाली गया । फिरफिर जुती खाये ॥४॥ कहे कमाल सुनो भई साधु । राम भजनबिना सुख नहीं । वेदशास्त्राको आधार । कैसा देखो उतार ॥५॥

३८. ये संसारका सुख झुटा । आखर शिरमों खावे सोटा ॥ध्रु०॥ बडे बडे तो भाग गये । तुम रहेना हुशार । दो दिनका सबही बजार । मत भुलो भूलनहार ॥ १ ॥ गुरुबचन सुनके गोपीचंदनें सब मुलुख छोडा । जोगी होकर राम नामसे । सुखकर चित जडा ॥२॥ हनुमानजी बंदर होके राम चरनमों मिला । एक पलखमों लंका जलाके । द्रोणागिरी ले चला ॥३॥ बालकपनमों माता मारे । ध्रुवनें सब राज छोडा । जद नारदकी मेहर भया । अढळ पदसो चढा ॥४॥ कहत कमाल सुनो भाई साधु । येही बानी पकरो । सुने तो फेर जनम । बहुरी बहुरी मरो ॥५॥

३९. देखे उतना जावे बाबा । काहेकू रोताहै । बहु जनमसे गिरकी म्यानें ये जनम आवे हातारे ॥ १ ॥ हुशार रहो तनमों । झुटा छांड सचा पकरो । आपही आपने दिलमों ॥२॥ एकही मरगये दोवी मरगये । मरगये लखचौऱ्याशीं । छप्पन कोटी वोही मरगये । पडे कालके फाशी ॥ ३ ॥ पीर मरगये पैगंबर मरगये । मरगये सहस्र आठ्यांशीं । तेहतीस कोटी देवता मरगये । झाड फत्तर जंगल बासी ॥ ४ ॥ कहत कमाल सुनोभाई साधु । काहेकू करता ठक बाजी । तुम राम जपो बाबू सुखसे रहो राजी ॥५॥

४०. येही संतनकी बानी । साधुराज येही संतकी बानी ॥ध्रु.॥ दवलत औरत पसम बराबर । मस्त भया निर्बानी । जगमों आके ऐसा रहना । क्या राजा क्या रानी ॥१॥ परधन लेख थूक बराबर जैसा गंगापानी ॥२॥ भजन पुजन और दया धरम तीर्थाटन ढैलानी । संपत नहीं तो हात जोरकर दे लोटाभर पानी ॥३॥ झुटी काया झूटी माया । दो दिनकी गुजरानी । साधुसंतसे प्रीत रखकर आखया मतकर कानी ॥४॥ कहे कमाल सुनो भई साधू भजन

करो निर्वानी ॥५॥ मै आपना दील ऐसा समजो विरला जाने ग्यानी ॥६॥

४१. आपने दिलमों आपहि समजो । आगे बडा कुवा है ॥ देखत देखत नैन बुझाके । काहेकू अंदर डुबता है ॥१॥ राम भजो तुम राम भजो । आपने दिलका गरब त्यजो ॥धृ०॥ ये जनमका सारथक बावा । आपहि आप करना है । जंगल जाके काहेकू बैठे । राम पच्छाना सो अच्छा है ॥२॥ बहुत जनम लेकर बावा नरतनुसे आया है । साधु संतकी सेवा न जाने। आगे पंथ बुरा है ॥३॥ कहे कमाल सुनो भाई साधु । येही ग्यानकी भाखा है । कुरान किताब सबही देखे । मुरशद मौला निका है ॥४॥

४२. कमलमुखसे राम भजो । और जंजाल सबहि त्यजो ॥१॥ रामाबिना कछु नहीं खाली । काहेकू जंतर मंतर चुप खाली ॥२॥ एक हरीनाम भयो पूरन काम । बेद और शास्तर सब झुटा दाम ॥३॥ जोग जुगत खाक लगावे । ढोंग धत्तुरा काहेकू दिखावे ॥४॥ जंगल जाके क्या तुम देखे । फत्तर पानी और क्या चोखे ॥५॥ कहत कमाल सुनो भाई साधु । साधु होकर ना होना भोंदु ॥६॥

४३. ये दुनयामों बडी मौज देखे । उनोका फल हमे नहीं चाखे ॥धु०॥ माबापसे पूत भया उनोसे कहे अच्छा है । धूल पडो अच्छेपनमों रहे गुरुविना कच्चा है ॥ १ ॥ जंतर मंतर ढोंग धत्तुरा । खूप दिखावे जगमों । रामनामाबिना जग नहीं । कौन पुछे उस ढंगमों ॥२॥ ताल बिताल कुरान पुरान बडा भया अतम ग्यान । भंग अफीम गांजा दारू जुवाबाजी मस्त भया निर्बान ॥३॥ कहे कमाल सुनोभाई साधू उनसे ना कहो सुजात । साधु संतसे प्रीत नहीं मुरगीका गोता खात ॥४॥

४४. देखबे आगे आखया न झांके । प्रभुजीके चरन मनमोंही राखे ॥ १ ॥ दिन दिन काहे करत है धंद । क्यौंरे ना कहे राम गोविंद ॥ २ ॥ काहेकू जंगल जाता बच्चा । आपना दिल रखोरे सच्चा ॥ ३ ॥ बेदही जाने शास्तरही जाने । रामचरनही मनमों पछाने ४ कहे कमाल सुनोभाई साधु गुरुबचनें हमे शीस बांधे ५॥

४५. ये दिगर मनमों भरा भरपुर । कब लेवेगी उगोकी खबर ॥धृ०॥ चंद और सुरज भटकत फिरे नव लाख देखो तारे । खंडन मंडन आपेआप जावे पिछे कौन रहे बिचारे ॥ १ ॥ शून्यमों बस्त बस्त आगे शून्य दोनो देखे देख न्यारे । झुरमुर झुरमुर ज्योत दिखावे । वोही आकेला आकेलोरे ॥२॥ जद आपनी राहा आपै देखे । आपही मुरशद बना है । आपही काजी आपही दरगा आपही रहा बनाई है ॥३॥ कहत कमाल सुन भाई साधु रामनाम सो मीठा है । झुटा पसारा तजकर बावा । माया सब बजार है ॥४॥

४६. नजरबिना देखे आतम ज्योती । मेरे दिलमों भयो मोती ॥ध्रु०॥ त्रिकुट शिखरमों बैठे आराम द्विदल और दश दलका धाम । नजर बिना नहीं ज्योती तब भयो बेफाम ॥१॥ मुरशद मौला भरपुर जीदर उदर भयो उजाल । बेद शास्तर किताब पुराना सब छांड दिया जंजाल ॥ २ ॥ आपना दिलमों आपही मुरशद आपही भयो काजी । कहत कमाल सुनो भाई साधु आप आपसे भयो पाजी ॥३॥

४७. दया धरम रखो मनमों । शांती पकरो ये तनमों ॥ध्रु०॥ आपही पीर आपही मौला आपही काजी दिलमों । कुरान किताब पुरान देखें आपही आपने मनमों ॥१॥ आपहि अल्ला आपहि आकेला आपहि बुझो दिलमों । आपहि दरगा आपहि महेजद आपहि पुकारे बनमों ॥ २ ॥ कहे कमाल सुनो भाई साधु आपहि गुरुका चेला । जिदर उदर आपही देखे । मौजुद ठाढा अल्ला ॥३॥

४८. अंदर भीतर भई भरपूर । देखो सबही उजाला । लख लखाट ज्योती भयो । अंदर भीतर गैब मौला ॥१॥ दश दिलके म्याने द्विदल । गुरुनें मुज दिखाया । सहसदल खेदके जानो । बावा येही जोग कमाया ॥२॥ अष्टदल द्वादश षोडश । पंचदस्र वोही सब देखे । कहे कमाल सुनोभाई साधु । रामबिना और नही हमे चाखे ॥३॥

४९. सुख सब हमे त्यागा । मिठा राम लगा है ॥१॥ आसन मुद्रा सबही ज्यानो । फल कछु नहीं पाया ॥२॥ बेद जानो शास्तर जानो । नाहक जमाना खोया ॥३॥ कुरान जानो किताब जानो । भरपुर अल्ला भया ॥४॥ तीरथ जानो कडासन जानो । शांती-मों मन छिनही भया ॥५॥ कहत कमाल सुनो भाई साधु । आया चैसा गया ॥६॥

५०. हम यवन तुम तो हिंदु बडा शास्तर पाला ॥१॥ हिंदु-में बम्मन बडा बेद और शास्तर सुनाये । आपही बेटी बेचे गधा । आपहि घरमों खिलाये ॥२॥ मुसलमीनमों काजी बडा । कुरान किताब दिखाये । बकरी मारे भिस्त नहीं जाने मुरगिका गोता खाये ॥३॥ कहे कमाल सुनो भाई साधो नर महेसा बोलो । जनम जनम आके यारो । जम घर जाके बहेलो ॥४॥

५१. पीर पैगंबरकी बानी । यारो बस्त भयो निर्वानी ॥ धृ०॥ राजा रंक दोनो बराबर । जैसे गंगाजल पानी । मान करो कुई सूपर मारो । दोनो मीठा बानी ॥१॥ कांचन नारी जहरसम देखे । न पसरे व्हा पानी । साधुसंतसे शीस नमावे । हात जोरकर नि-र्बानी ॥ २ ॥ कहत कमाल सुनो भाई साधु । येही हमारी बानी । येही ग्यान मनमों राखो । और कछु न जानी ॥ ३ ॥

५२. है कोय ऐसा मुर्शद मौला । घरमें खुदा बतावेगा ॥ १॥ ध्रु० ॥ पंचतत्त्वके दर्गा भीतर । दिल तकिया बिछावेगा । मन मुकामे मुजें बिठाकर । बिस्मिल्ला कलमा पढावेगा ॥ १ ॥ अरष खुरष दिधार जो रामोहरम मेरा दिखावेगा । चवदा तबकके अंदर सुलाके । मेरा झुला झुलावेगा ॥ २ ॥ बावन हरफके मायने बताकर भेद भरमकूं मिटावेगा । उसके अंदर मुजे ले जाके । किताबके बयान दिखावेगा ॥ ३ ॥ कहे कमाल कबीरका बालक । मन किताब सुनावेगा । मेरा चेहरा मुजे बताके नूर नबी मिला-वेगा ॥ ४ ॥

५३. अभागी काहेकू बैठा सुम । करो राम नामकी धुम ॥१॥ खावत पिवत सुखसे सोवत । मेरा मेरा कर कर भया घुम ॥२॥

पोथी पुराना देखे कुराना । सुन सुन भया सुम ॥३॥ कहत कमाल सुनो भाई साधु । नित करो रामनामकी धुम ॥४॥

५४. राम सुमरो राम सुमरो राम सुमरो भाई । कनक कांता तजकर बावा आपनी बादशाही ॥१॥ देश बिदेश तीरथ बरत ये कछु नहीं काम । बैठे जगा सुखसे ध्यावो अखिल राजाराम ॥२॥ कहे कमाल इतना बचन पुरानोका सार । झूटा सच्चा आपनो दिलमों । आपही आप पछान हार ॥३॥

५५. संतके चरन झटे । जंजाल सब काल कटे । त्रिभुवनका नाम लुटे । ऐसे मलंग फकीर ॥१॥ बोधके मैदान खडे । शमदमसे आके लढे । आनंद तक चढे । ऐसे मलंग फकीर ॥२॥ लिया संतनका दुमाल । मेरा तुटा भव जंजाल । कहत कमाल कंगाल । ऐसे मलंग फकीर ॥३॥

५६. और कछु मैं न जानो जानो एकही राम । साधुसंतसे सीस नमाऊं गाऊं अविचल नाम ॥१॥ लेवरे भाई राम नाम मिठाई । जनम मरन दोनो मिटे भयो सुख निर्बानी ॥२॥ भवजंजाल उतार करके अखंड गज निशानी । नारद और प्रल्हाद गनका आजामेळ निर्बानी ॥३॥ राम मिठाई लेवरे भाई काहेकू फेर फेरी । कहे कमाल सुनोभाई साधु । मेट गये चौऱ्याशी फेरी ॥४॥

५७. साधूराम फीर काहेकू आते । आपने दिलमें बुझ रखों काहेकू गोता खाते ॥१॥ पंच तत्वके दरगा म्याने । राम रहीम बैठे है । एक बरख दोनो शाखा । फल आवे मीठे है ॥२॥ आदिनाथ चाखे माछिंद्र चाखे । गोरख चाखे सचा है । उतर देशमों कबीर चाखे । दखन चाखे वोही अच्छा है । कहे कमाल सुनो भाई साधु और चाखे सो मुकत है । गनका चाखे आजामेल चाखे । उनोसे बेद बखानत है ॥४॥

सूरदास.

१. देखे मैं छबी आज अति बिचित्र हरिकी ॥ ध्रु० ॥ आरुण चरण कुलिशकंज । चंदनसो करत रंग । जंघ जुगुली खंब कदली । कटी जोकी हरिकी ॥ १ ॥ उदर मध्य रोमावली । भवर उठत सरिता चली । वत्सांकित हृदय भान । चोकि हिरनकी ॥२॥ दसनकुंद नासासुक । नयनमीन भवकार्मुक । केसरको तिलक भाल । सोभा मृगमदकी ॥ ३ ॥ सीस सोभे मयुरपिच्छ । लटकत है सुमन गुच्छ । सूरदास हृदय बसे । मूरत मोहनकी ॥ ४ ॥

२. श्रीराधा मोहनजीको रूप निहारो ॥ध्रु०॥ छोटे भैया कृष्ण बडे बलदाऊ चंद्रवंश उजिआरो ॥श्री०॥१॥ मोर मुकुट मकराकृत कुंडल पितांबर पट वारो ॥ श्री० ॥२॥ हलधर गीरधर मदन मनोहर जशोमति नंद दुलारो ॥ श्री० ॥३॥ शंख चक्र गदा पद्म बिराजे असुरन भंजन हारो ॥ श्री० ॥४॥ जमुनाके नीर तीर धेनु चरावे वोढे कामर कारो ॥ श्री० ॥५॥ निरमल जल जमुनाजीको किनो नागनाथ लीयो कारो ॥ श्री० ॥ ६ ॥ इंद्र कोप चढे व्रज उपर नखपर गीरवर धारो ॥ ७ ॥ कनक सिंघासन जदुवर बैठे कोटि भानु उजिआरो ॥ श्री० ॥८॥ माता जशोदा करत आरती बार बार बलिहारो ॥ श्री० ॥९॥ सूरदास हरिको रूप निहारे । जीवन प्रान हमारो ॥ श्री० ॥१०॥

३. राधे कृष्ण कहो मेरे प्यारे भजो मेरे प्यारे जपो मेरे प्यारे ॥धृ०॥ भजो गोविंद गोपाळ राधे कृष्ण कहो मेरे ॥ प्यारे० ॥१॥ कृष्णजीकी लाल लाल अखियां हो लाल अखियां । जैसी खिलीरे गुलाब ॥ राधे ॥२॥ सिरपर मुगुट बिराजे हो बिराजे । बंसी शोभे रसाल ॥ रा० ॥३॥ पितांबर पटकुलवाली हो पटकुलवाली । कंठे मोतियनकी माल ॥ रा० ॥४॥ शुभ काने कुंडल झलके हो कुंडल झलके । तिलक शोभेरे ललाट ॥ रा० ॥५॥ सूरदास चरण बलिहारी हो चरण बलिहारी । मैं तो जनम जनम तिहारो दास ॥६॥

४. नंद दुवारे एक जोगी आयो शिंगी नाद बजायो। सीश जटा शशि बदन सोहाये अरुण नयन छबि छायो ॥ नंद० ॥ध्रु०॥ रोवत खिजत कृष्ण सांवरो रहत नहीं हुलरायो। लीयो उठाय गोद नंदरानी द्वारे जाय दिखायो ॥ नंद० ॥१॥ अलख अलख करी लीयो गोदमें चरण चुमि उर लायो। श्रवण लाग कछु मंत्र सुनायो हसी बालक कीलकायो ॥ नंद० ॥२॥ चिरंजीव सुत महरी तिहारो हो जोगी सुख पायो। सूरदास रमि चल्यो रावरो संकर नाम बतायो ॥ नंद० ॥३॥

५. देख देख एक बाला जोगी द्वारे मेरे आया हो ॥ ध्रु० ॥ पीतपीतांबर गंगा बिराजे अंग विभूती लगाया हो। तीन नेत्र अरु तिलक चंद्रमा जोगी जटा बनाया हो ॥१॥ भिछा ले निकसी नंदरानी मोतीयन थाल भराया हो। ल्यो जोगी जाओ आसनपर मेरा लाल दराया हो ॥ देख० ॥२॥ ना चईये तेरी माया हो अपनो गोपाल बताव नंदरानी हम दरशनकु आया हो ॥३॥ बालक ले निकसी नंदरानी जोगीयन दरसन पाया हो। दरसन पाया प्रेम बस नाचे मन मंगल दरसाया हो ॥४॥ ॥ देख० ॥४॥ देत आसीस चले आसनपर चिरंजीव तेरा जाया हो। सूरदास प्रभू सखा बिराजे आनंद मंगल गाया हो ॥५॥

६. बासरी बजाय आज रंगसो मुरारी। शिव समाधि भूलि गयी मुनि मनकी तारी ॥ बा० ॥ ध्रु० ॥ बेद भनत ब्रह्मा भुले भूले ब्रह्मचारी। सुनतही आनंद भयो लगी है करारी ॥ बास० ॥१॥ रंभा सब ताल चूकी भूमी नृत्य कारी ॥ यमुना जल उलटी बाहे सुधि ना सह्मारी ॥ बासु० ॥ २ ॥ श्रीबृंदाबन बन्सी बजी तीन लोक प्यारी। ग्वाल बाल मगन भयी व्रजकी सब नारी ॥ बास० ॥३॥ सुंदर श्याम मोहन मूरती नटवर वपु वारी। सूरकिशोर मदन मोहन चरण कमल बलिहारी ॥४॥

७. जागो पीतम प्यारा लाल तुम जागो बन्सिवाला। तुमसें मेरो मन लाग रह्यो तुम जागो मुरलीवाला ॥ जा० ॥ ध्रु० ॥ बनकी चिडीयां चौं चौं बोले पंछी करे पुकारा। रजनि बित और भोर

भयो है गरगर खुल्या कमारा ॥१॥ गरगर गोपी महि बिलोवे कंकणका ठिमकारा । दहिं दूधका भऱ्या कटोरा सावर.गुडाय डारा ॥ जा० ॥२॥ धेनू उठी बनमें चली संग नहीं गोवारा । ग्वाल बाल सब द्वारे ठाडे । स्तुति करत अपारा ॥ जा० ॥३॥ शिव सनकादिक और ब्रह्मादिक गुन गावे प्रभु तोरा । सूरदास बलिहार चरनपर चरन कमल चित मोरा ॥ जा० ॥४॥

८. एशी भक्ति मोहे भावे उद्धवजी एशी भक्ति० । सरबस त्याग मगन होय नाचे जनम करम गुन गावे ॥उ०॥ धृ० ॥ कथनी कथे निरंतर मेरी चरन कमल चित लावे ॥ मुख मुरली नयन जल धारा करसें ताल बजावे ॥ उ० ॥ १ ॥ जहां जहां चरन देत जन मेरो सकल तिरथ चली आवे । उनके पदरज अंग लगावे कोटि जनम सुख पावे ॥ उ० ॥२॥ उन मुरति मेरे हृदय बसत है मोरी सूरत लगावे ॥ बलि बलि जाऊं श्रीमुख बानी सूरदास बलि जावे ॥ उ० ॥ ३ ॥

९. ग्वालिनि तें मेरी गेंद चोराई ग्वालिनी तें मेरी गेंद चोराई । खेलत गेंद परी तोरे अंगना अंगिया बीच छिपाई ॥धृ०॥ काहेकी गेंद काहेकी धागा कौन हात बनाई । फूलनकी गेंद रेशमका धागा जशोमति हाथ बनाई ॥१॥ झुटे लाल झूट मति बोलो अंगिया तकत पराई । जो मेरी अंगियामें गेंद जो निकसे भूल जावो ठकुराई ॥ ग्वा० ॥२॥ हस हस बात करत राधे संग उतसं जशोदा आई । सूरदास प्रभु चतुर कनैया एक गये दो पाई॥ग्वा०॥३

१० नेक चलो नंदरानी उहां लगी नेक चलो नंदरानी ॥धृ०॥ देखो आपने सुतकी करनी दूध मिलावत पानी ॥ उ० ॥१॥ हमरे शिरकी नयी चुनरिया ले गोरसमें सानी ॥ उ० ॥२॥ हमरे उनके करन बाद है हम देखावत जबानी ॥ उ० ॥३॥ तुमरे कुलकी ऐशी बतीया सो हमारे सब जानी ॥ उ० ॥४॥ पिता तुमारे कंस घर बांधे । आप कहावत दानी ॥ उ०॥५॥ यह व्रजको बसवो हम त्यागो आप रहो राजधानी ॥ उ० ॥६॥ सूरदास उखर उखरकी बरखा । थोरे जल उतरानी ॥ उ० ॥७॥

११. देखो माई हलधर गिरधर जोरी ॥ ध्रु ॥ हलधर हल मुसल करधारे गिरधर छत्र धरोरी ॥ देखो० ॥१॥ हलधर ओढे पित पितांबर गिरधर पीत पिछोरी ॥ दे० ॥२॥ हलधर केहे मेरी कारी कामरी गीरधर ने ली चोरी ॥ दे० ॥३॥ सूरदास प्रभुकी छबि निरखे भाग बडे जीन कोरी ॥ दे० ॥४॥

१२. नेननमें लागि रहे गोपाल नेननमें० ॥ ध्रु० ॥ मैं जमुना जल भरन जात रही भर लाई जंजाल ॥ ने० ॥१॥ रुनक झुनक पग नेपुर बाजे चाल चलत गजराज ॥२॥ जमुनाके नीर तीर धेनु चरावे संग लखो लिये ग्वाल ॥ ने० ॥३॥ बिन देखे मोही कल न परत है निसादिन रहत बिहाल ॥४॥ लोक लाज कुलकी मरजादा निपट भ्रमका जाल ॥ ने० ॥५॥ बृंदावनमें रास रचो है सहस्त्र गोपि एक लाल ॥ ने० ॥६॥ मोर मुकूट पितांबर सोभे गले वैजयंती माल ॥ ने० ॥७॥ शंख चक्र गदा पद्म बिराजे वांके नयन बिसाल ॥ ने० ॥८॥ सूरदास हरिको रूप निहारे चिरंजीव रहो नंद लाल ॥ ने० ॥९॥

१३. दरसन बिना तरसत मोरी अखियां ॥ ध्रु० ॥ तुमी पिया मोही छांड सीधारे फरकन लागी छतियां ॥ द० ॥१॥ बस्ति छांड उज्जड किनी व्याकुल भई सब सखियां ॥ द० ॥२॥ सूरदास कहे प्रभु तुमारे मिलनकूं ज्युजलंती मुख बतिया ॥ द० ॥३॥

१४, सावरे मोकु रंगमें बोरी बोरी सांवरे मोकुं रंगमें बोरी बोरी ॥ ध्रु० ॥ बहीयां पकर कर शीरकी गागरिया । छिन गागर ढोरी । रंगमें रस बस मोकूं किनी । डारी गुलालनकी झोरी । गावत लागे मुखसे होरी ॥ सा० ॥ १ ॥ आयो अचानक मिले मंदिरमें । देखत नवल किशोरी । धरी भूजा मोकुं पकरी जीवनने बलजोरी । माला मोतियनकी तोरी ॥ सा० ॥२॥ तब मोरे जोर कछु न चालो । बात कठीन सुनाई । तबसे उनकु नेन दिखायो मत जानो मोकूं भोरी । जानु तोरे चितकी चोरी ॥ सा० ॥ ३ ॥ मरजादा हमेरी कछु न राखी कंचुबोकी कस तोरी । सूरदास प्रभु तुमारे मिलनकू मोकू रंगमें बोरी । गईती मैं नंदजीकी पोरी ॥ सा० ॥४॥

१५.हमसे छल कीनो काना नेनवा लगायके॥ध्रु०॥जमुनाजलमें जीपें गेंद डारी कालि नागनाथ लाये। इंद्रको गुमान हर्ये। गोवरधन धारके ॥ ह० ॥१॥ मोर मुगुट बांधे काली कामरी खांदे। जमुनाजीपें ठाडो काना बासरी बजायके ॥ ह० ॥२॥ देवकीको जायो काना आधि रेन गोकुल आये। जशोदा रमायो काना माखन खिलायके ॥ ह० ॥३॥ गोपि सब त्याग दिनी कुबजा संग प्रीत कीनि। सूर कहे प्रभु दरुशन दीजे मोरी व्रजमें आयके ॥४॥

१६. हमारो चीर दीयो गिरधारी ॥ ध्रु० ॥ लेकर चिर कदंम चडी बैठो हम जल बिच उघारी ॥ ह० ॥१॥ तेरा चीर सखी जबही मिलेगा। जलसें हो जावो न्यारी ॥ ह० ॥२॥ जलसे न्यारी हम किस विध होवे तुम पुरुख हम नारी ॥ ह० ॥३॥ एक सखि मन रिस भई है जलसे निकस गयी बारी ॥ ह० ॥४॥ सूर दास मथुराके बासी तुम जिते मैं हारी ॥ ह० ॥५॥

१७. जमुनाके तीर बन्सरी बजावे कानो ॥ ज० ॥ ध्रु० ॥ बंसीके नाद थंभ्यो जमुनाको नीर खग मृग धेनु मोहि कोकिला अनें किर ॥ बं० ॥१॥ सुरनर मुनि मोह्या रागसो गंभीर। सुन सुन मोहि गोपि भूली आंग चीर ॥ बं० ॥२॥ मारुत तो अचल भयो धरी रह्यो धीर। गौवनका बच्यां मोह्यां पीवत न खीर ॥बं०॥३॥ सूर कहे श्याम जादु कीन्ही हलधरके बीर। सबहीको मन मोह्या प्रभू सुख सरीर ॥ बं० ॥४॥

१८. मधुरीसी बेन बजायके। मेरो मन मोह्यो सांवरा ॥धृ०॥ मेरे आंगनमें बांसको वेडलो सिंचो मन चित्त लायके। अब तो वेरण भई बासरी मोहन मुखपर आयके ॥ सां० ॥१॥ मैं जल जमुना भरन जातरी मारग रोक्यो आयके। बनसीमें कछु अचरज गावे। राधेको नाम सुनायके ॥ सां० ॥२॥ घुंघटका पट ओडे आवे सब सखियां सरमायके। कहां कहेली सहेली सासु नणंदी घर जायके ॥ सां० ॥३॥ सूरदास गोकूलकी महिमा कबलग कहूं बनायके। एक बेर मोहे दरशन दीजो कुंज गलिनमें आयके ॥ सां॥४

१९. काहू जोगीकी नजर लागी है मेरो कुंवर कन्हिया रोवे

॥ धृ० ॥ धर धर हात दिखावे जशोदा । दूध पीवे नहि सोवे । चारो डांडी सरल सुंदर । पलनेमें जु झुलावे ॥ मे० ॥१॥ मेरी गली तुम छिन मति आवो । अलख अलख मुख बोले । राई लवण उतारे यशोदा सुरप्रभूको सुवावे ॥ मे० ॥२॥

२०. शाम नृपती मुरली भई रानी ॥धु०॥ बन ते ल्याय सुहागिनी किनी । और नारी उनको न सोहानी ॥१॥ कबहु अधर आलिंगन कबहु बचन सुनन तनु दसा भुलानी ॥२॥ सूरदास प्रभु तुमारे सरनकु । प्रेम नेमसे मिलजानी ॥३॥

२१. मुरली कुंजनीनी कुंजनी बाजती ॥धृ०॥ सुनीरी सखी श्रवण दै अब तुजेही बिधि हरिमुख राजती ॥१॥ करपल्लव जब धरत सबैलै सप्त सूर निकल साजती ॥२॥ सूरदास यह सौती साल भई सबहीनके शीर गाजती ॥३॥

२२. तुमको कमलनयन कबी गळत ॥धृ०॥ वदन कमल उपमा यह साची ता गुनको प्रगटावत ॥१॥ सुंदर कर कमलनकी शोभा चरन कमल कहवावत ॥२॥ और अंग कही कहा बखानै इतनेहीको गुन गवावत ॥३॥ शाम नम अडत यह बानी बढ श्रवण सुनत सुख पवावत । सूरदास प्रभु ग्वाल संघाती जानी जाती जन वावत ॥४॥

२३. रसिक सीर मोर हेरी लगावत गावत राधा राधा नाम ॥धु ॥ कुंजभवन बैठे मनमोहन अली गोहन सोहन सुख तेरोई गुन ग्राम ॥१॥ श्रवण सुनत प्यारी पुलकित भई प्रफुल्लीत तनु मनु रोम रोम सुखराशी बाम ॥२॥ सूरदास प्रभु गिरीवर धरको चली मिलन गजराज गामिनी झनक रुनक बन धाम ॥३॥

२४. फुलनको महल फुलनकी सज्या फुले कुंजबिहारी । फुली राधा प्यारी ॥धृ०॥ फुलेवे दंपती नवल मनन फुले फुले करे केली न्यारी ॥१॥ फुली लता वेली विविधी सुमन गन फुले आवन दोऊ है सुखकारी ॥२॥ सूरदास प्रभु प्यारपर बारत फुले फलचंपक बेली नेवारी ॥३॥

२५. कायकूं बहार परी । मुरलीया ॥ कायकू ब० ॥धु०॥

जेलो तेरी ज्यानी पग पछानी । आई बनकी लकरी मुरलिया ॥काय०॥१॥ घडी एक करपर घडी एक मुखपर । एक अधर धरी। मुरलिया ॥ काय० ॥२॥ कनक बासकी मंगावूं लकरीयां । छिलके गोल करी । मुरलिया ॥ काय ॥३॥ सूरदासकी बाकी मुरलिये। संतनसे सुधरी । मुरलिया ॥ काय० ॥४॥

२६. सुदामजीको देखत श्याम हसे सुदामजीको देखत० ॥ ॥ ध्रु० ॥ हम तुम मित्र है बालपनके अब तुम दूर बसे ॥ सुदामजी ॥१॥ फाटीरे धोती टुटी पगडीयां । चालत पाव घसे ॥ सुदा०॥२॥ भामिजीने कछु भेट पठाई । पोवे तीन पसे ॥ सुदा० ॥३॥ सूरदास प्रभु तुह्मारे मिलनसे कंचन मेल बसे ॥ सुदामजी०॥४॥

२७. महाराज भवानी । ब्रह्म भुवनकी रानी ॥ ध्रु० ॥ आगे शंकर तांडव करत है । भाव करत शुलपानी ॥ महा० ॥१॥ सुरनर गंधर्वकी भिड भई है । आगे खडा दंडपानी ॥ महा० ॥२॥ सुरदास प्रभु पल पल निरखत । भक्त वत्सल जगदानी ॥ महा०॥३॥

२८. हरि जनकू हरिनाम बडो धन हरि जनकु हरिनाम ॥ ॥ ध्रु०॥ बिन रखवाले चोर नहिं चोरत। सुवत है सुख धाम॥ब०॥ ॥१॥ दिन दीन होते सवाई दोढी । धरत नहीं कछु दाम ॥ ब० ॥ ॥२॥ सूरदास प्रभु सेवा जाकी। पारससुं कहां काम ॥वडो०॥३॥

२९. ऐसे संतनकी सेवा कर मन ऐसे संतनकी सेवा ॥ ध्रु०॥ शील संतोख सदा उर जिनके नाम रामको लेवा ॥१॥ आन भरो सो हृदय नहि जिनके । भजन निरंजन देवा ॥ क० ॥२॥ जीन मुक्त फिरे जगमाहीं । ज्यु नारद मुनी देवा ॥३॥ जिनके चरन कमलकुं इच्छत। प्रयाग जमुना रेवा ॥ कर० ॥४॥ सूरदास कर उनकी संग । मिले निरंजन देवा ॥ कर० ॥५॥

३०. जयजय नारायण ब्रह्मपरायण श्रीपती कमलाकांत ॥ध्रु० ॥ नाम अनंत कहां लगी बरनूं शेष न पावे अंत । शिव सनकादिक आदि ब्रह्मादिक सूर मुनिध्यान धरत ॥ जयजय० ॥१॥ मच्छ कच्छ वराह नारसिंह प्रभु वामन रूप धरत । परशराम श्रीरामचंद्र भये लीला कोटी करत ॥ जयजय ० ॥२॥ जन्म लियो वसुदेव दे-

बकी घर जशुमती गोद खेलत । पेस पाताल काली नागनाथ्यो फणपें नृत्य करत ॥ जयजय० ॥३॥ बलदेव होयके असुर संहारे कंसके केश ग्रहत । जगन्नाथ जगमग चिंतामणी बैठ रहे निश्चत ॥ जयजय० ॥४॥ कलियुगमें अवतार कलंली चहुं दिशी चक्र फिरत । द्वादशस्कंध भागवत गांता गावे सूर अनंत ॥ जयजय० ॥५॥

३१. जनम सब बातनमें बित गयोरे ॥धृ०॥ बार बरस गये लडकाई । बसे जोबन भयो । त्रिश बरस मायाके कारन देश बिदेश गयो ॥१॥ चालीस अंदर राजकुं पायो बढे लोभ नित नयो । सुख संपत मायाके कारण ऐसे चलत गयो ॥ जन० ॥२॥ सुकी त्वचा कमर भई ढिली, ए सब ठाठ भयो । बेटा बहुवर कह्यो न माने वुड ना शठजीहू भयो ॥ जन० ॥३॥ ना हरी भजना ना गुरु सेवा ना कछु दान दियो । सूरदास मिथ्या तन खोवत जब ये जमही आन मिल्यो ॥ जन० ॥४॥

३२. देखो ऐसो हरी सुभाव देखो ऐसो हरी सुभाव । बिनु गंभीर उदार उदधि प्रभु जानी शिरोमणी राव ॥धृ०॥ बदन प्रसन्न कमलपद सनमुख देखत है जैसे । बिमुख भयेकी कृपावा मुखकी फिरी चितवो तो तैसे ॥ दे० ॥१॥ सरसो इतनी सेवाको फल मानत मेरु समान । मानत सबकुच सिंधु अपराधहि बुंद आपने जान ॥ देखो० ॥२॥ भक्तबिरह कातर करुणामय डोलत पाछे लाग । सूरदास ऐसे प्रभुको दये पाछे पिटी अभाग ॥ दे० ॥३

३३. सब दीन गये बिषयके हेत सब दिन गये० ॥ गंगा जल छांड कूप जल पिवत हरि तजी पूजत प्रेत ॥धु०॥ जानि बुजी अपनो तन खोयो केस भये सब स्वेत । श्रवण न सुनत नैनन देखत थके चरनके चेत ॥ सब० ॥१॥ रुंधे द्वार शब्द छष्ण नहि आवत चंद्र ग्रहे जैसे केत सूरदास कछु ग्रंथ नहीं लागत । अंब कृष्ण नामको लेत ॥ सब० ॥२॥

३४. मन तोये भुले भक्ति बिसारी मन तो ये भुले भक्ति बिसारी शिरपर काल सदासर सांधत देखत बाजीहारी ॥ मन० ॥धृ०॥ कौन जनमतें सकृत कीनो मनुख देहधरी । तामे नीच करम रंग

रच्यो दुष्ट बासना धरी ॥ मन० ॥१॥ बालपनें खेलनमें खोयो जोबन गयो संग नारी । वृद्ध भयो जब आलस आयो सर्वस्व हार्यो जुवारी ॥ मन० ॥२॥ अजहुं जरा रोग नहीं व्यापो । तहाँलो भजलो मुरारी । कहे सूर तूं चेत सवेरो अंतकाल भय भारी ॥ मन० ॥३॥

३५. बेर बेर नहीं आवे अवसर बेर बेर नहीं आवे । जो जान तो करले भलाई जन्मोजन्म सुख पावे ॥ बरे० ॥१॥ धन जोबन अंजलीको पाणी वखणतां बेर नहीं लागे । तन छुटे धन कोन कामको काहेकूं करनी कहावे ॥ बेर बेर०॥२॥ ज्याको मन बडो कृष्ण स्नेहकूं झूठ कबहुं नहीं आवे । सूरदासकी येही बिनती हरखी निरखी गुन गावे ॥ बेर बेर० ॥३॥

३६. केत्ते गये जखमार भजनबिना ॥ केत्ते गये० ॥ धृ०॥ प्रभाते उठी नावत धोवत पालत है आचार ॥ भज० ॥१॥ दया धर्मको नाम न जाण्यो ऐसो प्रेत चंडाल ॥ भज० ॥२॥ आप डुबे औरनकूं डुबावे चले लोभकी लार ॥ भज० ॥३॥ माला छापा तिलक बनायो ठग खायो संसार ॥ भज० ॥४॥ सूरदास भगवंत भजन बिना पडे नर्कके द्वार ॥ भज० ॥५॥

३७. क्यौंरे निंदभर सोया मुसाफर क्यौंरे निंद्भर सोया ॥धृ०॥ मनुजा देहि देवनकु दुर्लभ जन्म अकारत खोया ॥मुसा० ॥१॥ घर दारा जोबन सुत तेरा वांमे मन तेरा मोह्या ॥ मु० ॥२॥ सूरदास प्रभु चलेही पंथकु पिछे नैनुं भरभर रोया ॥मु०॥३

३८. जय जय श्री बालमुकुंदा । मैं हूं चरण रजबंदा ॥धृ०॥ देवकीके घर जन्म लियो जद । छुट परे सब बंदा ॥च०॥१॥मथुरा त्यजे हरि गोकुळ आये । नाम धरे जदुनंदा ॥ च० ॥२॥ जमुनातीरपर कूद परोहै । फनपर नृत्यकंरदा ॥ च० ॥३॥ सूरदास प्रभु तुमारे दरशनकू । तुमही आनंदकंदा ॥ च० ॥४॥

३९. निरधनको धनि राम ॥ हमारो० ॥धृ०॥ खान न खर्चेत चोर न लूटत । साथे आवत काम ॥ ह० ॥१॥ दिन दिन होत सवाई दौढी । खरचत को नहीं दाम ॥ हम० ॥२॥ सूरदास प्रभू मुखमों आवत । औरसको नहीं काम ॥ हमारो० ॥३॥

४०. अद्भुत एक अनुपम बाग ॥ध्रु० ॥ जुगल कमलपर गजवर क्रीडत तापर सिंह करत अनुराग ॥१॥ हरिपर सरवर गिरीवर गिरपर फुले कुंज पराग ॥२॥ रुचिर कपोत बसत ताउपर ताउपर अमृत फल ढाल ॥३॥ फलवर पुहूप पुहुपपर पलव तापर सुक पिक मृगमद काग ॥४॥ खंजन धनुक चंद्रमा राजत ताउपर एक मनीधर नाग ॥५॥ अंग अंग प्रती वोरे वोरे छबि उपमा ताको करत न त्याग ॥६॥ सूरदास प्रभु पिबहूं सुधारस मानो अधरानिके बड भाग ॥७॥

४१. तबमें जानकीनाथ कहो ॥ ध० ॥ सागर बांधु सेना उतारो । सोनेकी लंका जलाहो ॥१॥ तेतीस कोटकी बंद छुडावुं बिभिसन छत्तर धरावूं ॥२॥ सूरदास प्रभु लंका जिती । सो सीता घर ले आवो । तबमें जानकीनाथ०॥३॥

४२. कमलापती भगवान । मारो सांई कम० ॥ ध्रु० ॥ राम लछुमन भरत शत्रुघन । चवरी डुलावे हनुमान ॥१॥ मोर मुगुट पितांबर सोमे कुंडल झलकत कान ॥२॥ सूरदास प्रभु तुमारे मिलनकुं । दासाकु वांको ध्यान । मारू सांई कमलापती० ॥३॥

४३. उधो मनकी मनमें रही ॥ ध्रु० ॥ गोकुलते जब मथुरा पधारे । कुंजन आग देही ॥१॥ पतित अक्रूर कहांसे आये । दुखमें दाग देही ॥२॥ तन तोलाभर ना रही उधो । जल बल भस्म भई ॥३॥ हमरी आख्या भर भर आवे । उलटी गंगा बही ॥४॥ सूरदास प्रभु तुमारे मिलनकू । जो कछु भई सो भई ॥५॥

४४. नारी दूरत बयना रतनारे ॥ध्रु०॥ जानु बंधु कुसुमन बिसाल पर सुंदर शाम सीली मुख तारे । रहीजु अलक कुटील कुंडलपर मोतन चितवन चितै बिसारे । सिथील भौंह धनु गये मदन गुण रहे कोकनद बान बिखारे । मुंदेही आवत है ये लोचन पलक आतुर उधर तन उधारे । सूरदास प्रभु सोई धौं कहो ऐसीको बनिता जासो रति रहनारे ॥१॥

४५. अति सुख सुरत किये ललना संग जात समद मन्मथ ोरे । राती उनीदे अलसात मरालगती गोकल चपल रहत

कछु थोरे । मनहू कमलके को सते प्रीतम ढुंडन रहत छपी रीपु दल दोरे । सजल कोप प्रीतमै सुशोभियत संगम छबि तोरपर ढोरे। मनु भारते भवरमीन शिशु जात तरल चितवन चित चोरे । बरनीत जाय कहांलो बरनो प्रेम जलद बेलावल ओरे । सूरदास सो कोन प्रिया जिनी हरीके सकल अंग बल तोरे ॥१॥

४६. रैन जागी पिया संग रंग भीनी ॥ध्रु०॥ प्रफुल्लित मुख कंज नेन खंजरीटमीन मेन मिथुरी । रहे चुरन कच वदन ओप किनी ॥१॥ आतुर आलस जंभात पुलकीत अतिपान खाद मद । माते तन मुधीन रही सीथल भई बेनी ॥२॥ मांगते टरी मुक्ता हल अलक संग अरुची रही ऊरग । नसत फनी मानो कंचुकी तजी दिनी ॥३॥ बिकसत ज्यों चंपकली भोर भये भवन चली । लटपटात प्रेम घटा गजगती गती लिन्ही ॥४॥ आरतीको करत नाश गिरीधर सुठी सुखकी राशी । सूरदास स्वामीनी गुन गने न जात चिन्ही ॥५॥

४७. खेलिया आंगनमें छगन मगन किजिये कलेवा । छीके ते सारी दधी उपर तें कढी धरी पहीर । लेवूं झगुली फेंटा बांधी लेऊं मेवा ॥१॥ गवालनके संग खेलन जाऊं खेलनके मीस भूषण ल्याऊं । कौन परी प्यारे ललन नीसदीनकी ठेवा ॥ २ ॥ सूरदास मदनमोहन घरही खेलो प्यारे । ललन भंवरा चक डोर दे हो हंस चकोर परेवा ॥३॥

४८. काना कुबजा संग रिझोरे । काना मोरे कारि कामरियां ॥धृ०॥ मैं जमुना जल भरन जात रामा । मेरे सिरपर घागरियां ॥ का०॥१॥ मैं जी पेहरी चटक चुनरिया । नाक नथनियां बेसरियां ॥ का० ॥२॥ ब्रिंदाबनमें जो कुंज गलिनमो । घेरलियो सब ग्वालनिया ॥ का० ॥३॥ जमुनाके निरतीर धेनु चरावे । नाव नथनीके बेसरियां ॥ का० ॥४॥ सूरदास प्रभु तुमरे दरसनकु । चरन कमल चित्त धरिया ॥ ला० ॥५॥

४९. कोण गती ब्रिजनाथ । अब मोरी कोण गति ब्रिजनाथ ॥ धृ० ॥ भजनबिमुख अरु स्मरत नहीं । फिरत विषया साथ॥१॥

हुं पतीत अपराधी पूरण । आचरु कर्म विकार ॥२॥ कामक्रोध अरु लोभ चिलवत । नाथ तुमही बिकार ॥३॥ अब चरण सरण लपटाणो । राखीलो महाराज ॥४॥ सुरदास प्रभु पतीतपावन । सरनको ब्रीद संभारं ॥५॥

५०. चोरी मोरी गेंदया मैं कैशी जाऊं पाणीया ॥धृ०॥ ठाडे किसनजी जमुनाके थाडे । गवाल बाल सब संग लियो । न्यारे न्यारे खेल खेलके । बनसी बजावे पट्मोहे ॥ चो० ॥१॥ सब गवालनके मनको लुभावे मूरली खूब ताल सुनावे । गोपि घरका धंदा छोडके । श्यामसे लिपट जावे ॥ चो० ॥२॥ सूरदास प्रभू तुमरे चरणपर । प्रेम नेमसे भजत है । दया करके देना दर्शन । अनाथ नाथ तुमारा है ॥ चो० ॥३॥

५१. मधुर धुनी बाजे हो सुन सजनी ॥ ध्रु० ॥ ब्रिंदाबनमें रास रचो है । नंदन सुख नंद सदनी ॥ म० ॥१॥ जहां तहां श्रवण परही मृगनयनी । चंद्र चलत गजगामिनी ॥ म० ॥२॥ सुत मति छोड भई बहु व्याकूळ । बिसर गई कूल रजनी ॥ म० ॥३॥ सूरदास आसा दरशनकी । सब भई नागरभजनी ॥ म० ॥४॥

५२. खेलने न जाऊं मैया ग्वालिनी खिजावे मोहे । पीत बसन गुंज माला लेती है छुडायके ॥ खे० ॥ ध्रु० ॥ कोई तेरा नाम लेके लागी गारी मोकु देण । मैभी वाकुं गारी देके आयहुं पलायके खे० ॥१॥ कोई मेरा मुख चुंबे भवन बुलाय केरी । कांचली उतार लेती देती है नचायके ॥ खे० ॥२॥ सूरदास तो तलात नमयासु कहत बात । हांसे उठ मैया लेती कंठ लगायके । खेलनेन जाऊं ० ३॥

५३. बाला मैं जागी जस गाया । धन्य जशोदा तेरे तनकू । जीनी ऐसा सुत जाया ॥१॥ गुनबी बडा छोटा जिनी जानो । आलख पुरुख घर आया २ ज्याको ध्यान धरत सुरनर मुनी । निगम नीखोज पाया ॥३॥ जोहे सो लिजो रावली करो आपनी दया । देऊ आसीस कृपा करो सुतको बाटे । देउ सूरदास अविचल काया ४

५४ कमलनयन घनश्याम तनु । कमलनयन घनश्याम तनु ॥ ध्रु० ॥ चंद्रानन रघुराज बिराजे । हस्तकी कांचन बान धनु ॥१॥

सुंदर नाकी कविंदु सुधारस । कुंदरदनु अति रम्य मनू ॥ २ ॥ सूरदास प्रभु रविकुल मंडन । मनमोहे वाके चरनधनू ॥३॥

५५. अंतरकी आखिया खोलो । कांचन नारीसो ना भूलो ।१॥ सब घटमों राम है कर देखो । प्रेम मगनमों डोलो ॥२॥ संगत बैठो साधु संतनकी । अमृत बानी बोलो ॥३॥ सूरदास प्रभु तीन लोकपर आपे आपहि डोलो ॥४॥

५६. शरन आयोकी लाज तुमकू । शरन आयोकी लाज तुमकू १ कामी क्रोधी पतीत उद्धार । कीनो सब काज तुमकू ॥२॥ दीना-नाथ अनाथकु सारा । भक्तवत्सल महाराज तुमकू ॥३॥ सूरदास प्रभु हरिगुन गांवत । साचा गरिबनवाज तुमकू ॥४॥

५७. क्या माल मस्तानी डुनयावे । मत करना जुग चैनावे ॥१॥ जो नर बैठे तकीया देखे । खावे नागर पान बे॥२॥जान ज्यावे अगाव पोहचे । पाछे रहे तोही ज्यावे बे ॥३॥ सूरदास प्रभु भया दिवाना । हरि नामका जप करनावे ॥४॥

५८. उद्धवजी भीजके लागे ठगारो सगारो प्रेमगारो ॥धृ०॥ हास हास बात करत मुख मिठी आनंद कपटी कारो । जमुनाको नीर तीर धेनु चरायो कारी कंबर वारो ॥१॥ उन नगरीया कोस बरस बरस मोठा गाठ गाठ रस न्यारो ॥२॥ हरगुनकी बादल भरल्यायो आप भयो बनज्यारो ॥ ३ ॥ सूरदास प्रभू तिहारे मिलनकू । ये ब्रिजके रखवारो ॥४॥

५९. पानीया भरन जहां जाऊं ननंदया । ताहां बसे ब्रिज-राज कन्हैया ।।धृ०॥ जमुनाके नीर तीर धेनु चरावे । हात लकरी-या खांदा कमलीया ॥१॥ बनसी बजाकर हर लीनो । भूल परी करत मोरी मय्या ॥२॥ ग्वाल बाल संग बन बहे रतहै । सूरदासके नाथ गुसय्या ॥३॥

६०. वो हरई बाजे मधुर मुरलीया । कैसे धरुनियां धीर ॥१॥ कहुं कुंजन कंदु गीरीवर गौवन । कहूं जमनाके तीर ॥ २ ॥ सौ कालाद्री थकीत व्हये गयेली । उलट बहे सब नीर ॥३॥ उप-हासी करे व्रजिके लोक सब । मन न रहत मोरो स्थीर ॥४॥ सूर-दास बलहारी मोहन । लीख नहीं जात आहीर ॥५॥

६१. भृगुको कुटेल छुटेल भीलणीको दासी बस भई यौ ताकू कहां करूं मैया ॥ध्रु०॥ गुजेरीके चोर चोरी करत है ठौर ठौर आदेनी को जाय छावक पीविया ॥१॥ माजी को खवय्या कोरे चावलके चबय्या । राजरीतका जाने भीकको मंगय्या ॥ २ ॥ दीनको मजूर हुजूर संतनको । सूरदास कहे बल बल जय्या ॥३॥

६२. मैं बिरहानी बैठी जागु सब जग सोवे ॥ ध्रु० ॥ वहांबी रहत मैं एसी देखी । तरसबन मोती पोवे । यह तन मडा पुरजा-पुरजा व्याकुल बदन न होवे ॥ २ ॥ दिव नहीं भूक रेन नहीं निंद्रा । तारागन तनसो खोवे । सूरदास प्रभु तुमरे मीलनकू बाग मन न होवे ॥३॥

६३. पीया आब तो आयो मोरे बलजाऊ मैं तोरे ॥ध्रु०॥ आवध बीधि ते आनंद बीत मरदे । उतियन सो मन जोरे ॥२॥ सूरदास प्रभू आरज करतहूं । ये दाऊ कर जोरे ॥३॥

६४. माई लाज गई उर आजहून छुव्यो । बिरहा मदन तन लुव्यो ॥ धृ० ॥ नैन बहकर नाकर प्रभुजी । मानु सिंधु सीर फुव्यो ॥२॥ साबरा कनैया गोकुलको बासी । रगड झगड दध लुव्यो । सूरदास मोहे जानपहे ॥ ब्रिजको बांस मोह लुव्यो ॥३॥

६५. तूं गरीबनवाज मैं गरीब तेरो । दिन जानी सरन आयो राखो मोहे न्यारो ॥ ध्रु० ॥ द्रोपदिकी लाज राखी गजको कायो केरो । आजामेल पतित तान्यो राम नाम उरयो ॥१॥ पतित पावन ब्रीद जान मन लीन हेरो । सुरदास आंधरो मे जनम जनम चेरो २

६६. पलक लखन दे मोरीरे । पपय्या पलक लखन दे मोरी रे ॥ ध्रु० ॥ सुन पावेगी कईयक बिरहानी । डारेगी पाख मरोरी ॥१॥ निस बासुर हुयी हुयी उठेरू । काहेकु निंद बहुरी ॥२॥ सूरदास तुमरे मिलनकु । हरी चरनापरवारीरे ॥ ३ ॥

६७. पीहूं पीहूं कर बोल ॥ पपय्या ॥ टे० ॥ हमारा पीहा पर-देश गवन किया तरसावत कीरे काल ॥१॥ येरी पियारीरे चाचहीं राजराऊ । मोतियन मुंगाजी मोल ॥२॥ जो कोई पिहुकू आन मिलावे । देऊंगी लाख करोर ॥३॥ सूरदास प्रभू कबहु मिलेगे । अंतर गांठ न खोल ॥४॥

६८. यरी पियारी तोरी पीयाकू बरज ॥ धृ० ॥ मैं सोतिथी आपने रंगमहेलमों । ओ आयो आपनी गरज ॥१॥ मोरिरी आगन काठे कुल जरत है । तोरे पियाकू मोरी काहेकी गरज ॥ २ ॥ सूरदास प्रभु माधुकी मूरत । हात जोरके करत आरज ॥३॥

६९. गिरिधर गोविंद गोपाल लाल ॥१॥ धेनु चरावत आवत कन्हया । कर मुरलीधर लाल ॥२॥ माता जसोदा लेत है बलय्या । मुखपर नंदहि लाल ॥३॥ सूरदास प्रभु तिहारे मिलनकू । मोर मुगुट गाहि लाल ॥४॥

७०. अंबर देवो मुरारी । आब मेरो अंबर देवो मुरारी ॥१॥ अंबर छांड पीतांबर देवो । जलसे हो जाऊं न्यारी ॥२॥ संगकी सयलीया दूर निकस गयी । हम शीर घागर भारी ॥३॥ सूरदास प्रभु तुमरे मिलनकु । तुमरे चरन हम बलहारी ॥४॥

७१. झगरनी ते बहु होत खिजाई । कंचन हार दिये न मोती तंतुही आन दिखाई ॥१॥ बेसी तु नार छेडी बालको जाती बैरी भराई । शत संजम तरिथ बरत कीने । तब ये संतती पाई ॥२॥ करो बीदाय जाउं हो घरको । काली सांझकी आई । सुरदास प्रभु गोकुल प्रकटे । भक्तनको सुखदाई ॥३॥

७२. मधुर धुनी बाजे है । मधुर धुनी बाजे है ॥ धृ० ॥ विंद्राबनमों रास रचे है । नंदन सुख नंद सदनी । सजनी जहां तहां श्रवन पदही मृग नयनी । चंद्र चलत गजगमनी॥२॥सुत पती छोड भयो तन व्याकुल । बिसर गई कुलरजनी ॥३॥ सूरदास प्रभु आशा दरशनकी । सब भई नागर भजनी ॥४॥

७३. चलो राधे तोहे शाम बुलावे ॥धृ०॥ कुंजबनमों ठाडे माधव । राधे तेरो जस गावे ॥१॥ रात अंधेरी होत है प्यारी । इतनी बेर राधे काहेकू लगावे ॥२॥ सोला सहस्र गोपीनकी दौर । वो सुन प्रेम अधिक लगावे ॥३॥ सूरदास प्रभु तीहारे मिलनकू । तोहे बुलावन मोहे पठावे ॥४॥

७४. भज मन साहेब मोहन लाल । भज मन साहेब मोहन लाल ॥धृ०॥ कानमें कुंडल मुकुट बिराजे । उपर वोढे शाल ॥१॥

मृगमद छाती तिलक लगायो । गले बीच मोहन माल ॥२॥ व्रिंदा बनमों मुरली बजावे । कन्हयाजी नंदलाल ॥ ३ ॥ सूरदास प्रभु भक्तनको बत्छल । निरमल गावे ख्याल ॥४॥

७५. मिलने सुदामजी आये । जाके कहिये समाचार ॥ ध्रु०॥ फाटे तुटे कपडे हमारे । मैं तो दुर्बळ तेरो दास ॥१॥ मुष्टी एक तांदूळ लाइये । लाइये बगल छुपाय ॥२॥ हस बोली राणी रुक्मिणी कोण लगे तुह्मारो भ्रात ॥३॥ बालपणके मित्र हमारे । भणता एक निशाळ ॥४॥ सुरदास प्रभुचरण बालिहारी । मैं तो जनम जनम तेरो दास ॥५॥

७६. मधुबिन तुम कैसे रहत हैरे ॥ध्रु०॥ तुम तो मोहन बनसी बजावत । शाखा ठैर खडेरे । प्रीतबी लोकलाज नहीं तुमको फुलत फेर परे ॥१॥ ग्वाल बाल गोपियनके सुत बिरहा वियोगनरे । करत पुकार गोपिका बावा नयनमें नीर भरे ॥२॥ जमुना शाम भई शामाबिन जलके जीवन जरे । सूरदास प्रभू सूरशामबिन आ दुःख दूर करे ॥३॥

७७. जमुना तट बन्सी बाज रही । ब्रिजमोहन छेल छबिलेकी ॥ध्रु०॥ तन सुंदर काछे कछनीरे । सीर सोभे मुकुट छबिलेके ॥१॥ घुमी घुमी तान ठौर तननन । पग बाजत घुंगरु छननन । अधर चमके मानो । दामीनी दशन ॥२॥ पसु चरि न सके न उडे पंची बछु पीवत न छरे । थकीत खग मृग । चलि सकत न सिंधुपवन रवीरथ । बनसी बाजी मुरहर तिलकी ॥३॥ पग ध्यावत सूरदास हृधय । पदकंज मधु पयुख मोहनके । गोपी घायाल घुमी घुमी घुम रही बनसी बाजी कहर कटेलेकी ॥४॥

७८. घुमडी आये बदरा शाम बिना ॥ध्रु०॥ सोवत सपनोमें मैं देखे शामको । भरी आयो मैं न उतर गयो कुजरा ॥ १ ॥ मथुरा नगरकी चतुर मालनिया । हामको हार शामको गजरा ॥२॥ मथुरा शेवती यहां लिख भेजो । बाजत बाजत हो गई फजरा ॥३॥ सूरदास प्रभु येहि कहत है । गोकुळ तजो फिर मीट गयो झगरा ॥४॥

७९. मुकट परवारी याजी नागर नंदा ॥ध्रु०॥ आप तो जाय

द्वारामती छायो । हामकू बतायो घरधंदा ॥१॥ आप तो जाय कुबजा संग राघे । हामकू जोग ली संदा ॥२॥ सब सखियनमें ऐसो बिराज्यो । ज्युंतारनमें चंदा ॥३॥ पेठ पतालकाजी नाग नाथ्यो । फन पर निरतकरंदा ॥४॥ सूरदास प्रभू तुमरे दरसकु । चरण कमल रज बंदा ॥५॥

८०. करमगती टारे नाह टरे ॥ टे० ॥ गुरु बसे पठे ज्ञाता पंडीत । रच पच लगन धरे ॥१॥ सीताहारन मरन दशरथको । बन बन राम फिरे । पंडुसुतके आप सारथी उन हुवे बिपत परे ॥२॥ दुरवासाको शाप दिवायो । जदुकुल प्रलय करे ॥३॥ जीन आपना नही कियो आप बतको । जीनसे कछु चरे ॥४॥ सुरदास होनी सो हो गयी । कडकर साच करे ॥५॥

८१. आब तुम देखो सखी बडो भागी मोर ॥ध्रृ०॥ उड उड पंख हरीपे परत है । बोलत है घनघोर ॥१॥ इन पंखनको मुगुठ बन्यो है । सीर धरे नंद कीसोर॥२॥ सीतल जल जमुनाजीको पीवे। नित उठ करत कलोल ॥३॥ बडो भागी है नंद जसोदा । पुरन पुरन कीयो जोर ॥४॥ सुरदास प्रभु गोकुल सब वो । हरि भयो माखन चोर ॥ ५ ॥

८२. छांडोजी गल क्यौं शाम भोर भयो अंगने ॥ ध्रृ० ॥ मुखको तंबोल फिको नैन सके अंजने । दीपहाकी लाय फीकी चंद हाके चंदने ॥१॥ चिरिया चुंचा न लगि पछि चाले चुंगने । पनिहरि पनघटकु चाली हमबी जावे जमुने ॥२॥ सूरदास मदन मोहन नैन दीसे ठेंगने । कृष्णजीके कुंडल उपर । राधाजीके कंगने ॥३॥

८३. मद भरे मत वारे नयन खोले क्यौं न पलके । देख प्यारी तो आपने घरसे आई लाही लारी भरके ॥१॥ मुख तो सो पुरान । चंद्र ऐसी आई बनके ॥२॥ आधरनकी लाली ल्याई लालन मोती ललके । चलती है गजेंद्र चाल शिसफुल उलके ॥३॥ हुं हूंतो तिहारी प्यारी लालज रोम रोम हरके । सुरदासके सलुमें शाम देखो नैन भरके ॥४॥

८४. देखो अदभुत अविगतकी गत कैसे रूप धरी होयसो ।

तीन लोक ज्याके उदरमों सो इनकी कोनपे रहायवो ॥धृ०॥ जिनके नाल रुद्र ब्रह्मादिक सकल जोग व्रत साधेवो । ताके नाल पकर नंदरानी काटत गासे बांधतवो ॥१॥ जिनके मुख सनकादिक तपकीयो सकल चतुर येही टानीवो । सो मुख चुंबे मेरी जशोदा दुधकारन लपटानीवो ॥२॥ जीन भुजबल प्रह्लाद उद्धारे हिरन्यकश्यपु मनु फारे हो । सो भुज पकर गोपिका गोप ठारे वो यदु दुलारेवो ॥३॥ जिन कानन गजकी आपदा सुन गरुडासन बिसरायवो । तिन काननसे निकट जशोदा हलरावे गुन गावेवो ॥४॥ विश्वंभर पोखन सब सुमरत माखन काज आ रहयावो । सो ठाकुर है सुरदासको गोकुल गोप विहारीवो ॥५॥

८५. जनम सुतनको होतही आनंद । भयो नंदही राय । महोत्सव आजी कियो । भयो मन न रहाय ॥१॥ ब्रिप्र बैदिक बोलके ग्रह करे आश्नान बठाया । जानी मंगल पेहरी भुकन स्वाति बचन पढाया ॥२॥ जातक करम करा सो पितर देव पुजाया । करी आलंकृत द्विज टिको दोन लाख दीनो गाया ॥३॥ सात पर्वत तोळ निके कर रत्न बोध मिलाय । करी कनक अंबरनी आवृत दीये । सुरदास विप्र बुलाय ॥४॥

८६. जसोदा नारु न छेदन देहो । मनीमे जडीतहार । ग्रीवाको बहे आजहो लाहो ॥१॥ और निको है । आनिक गेहे मेरे एक गेहो तेरो । मीटी जोगयो । संताप जमनको । देख्यै नंद दुलारो ॥२॥ बोहत दिननिकी आसा लागी । झगरनी झगरो कीनो । मनमेंबी हासत नंदरानी । तब हार हियेको दीनो । ज्याके नारु आदि ब्रह्मादिके । सकल बिश्व संसार । सूरदास प्रभु प्रगटे गोकुलमें हारनके भूभार ॥४॥

८७. ठाडे किसनजी जमुनाके तीर । गवाल बाल सब संग लींवे । न्यारे न्यारे खेल खिलावे । बनसी बजावे पट मोहे ॥१॥ चोरी मारी गेंदया कैसी जाऊं पानीया ॥ध्रु०॥ सब गवालनको मन भुलावे । मुरलीको खुब तान सुनावे । गोपी घरधंदा छांडहि देवे शामसे लीपट जावे ॥२॥ सूरदास प्रभु तुमारे चरनपर । प्रेम नेमसे भजता है । दया करके देना दर्शन । अनाथ दास तुमारा है ३

८८. गोविंद नामको अधार । लोभी मन भजले बारंबार ॥ध्रु० पीपा तारे सुदामा तारे आवर नरसींगके कारज सारे । स्तंभ फोड हारनाकुश मारे । नरसींग धरे अवतार ॥१॥ दुःशासनको मान घटायो । श्री द्रौपदीके चीर बडायो । जल बुडत गजराज । उभारे छिनमो लीयो अवतार ॥२॥ गोविंद नाम सदा सुखदायी । जिन-सो मरो प्राणी गत पाई । सुरदास प्रभु आद गद लीला लीला अपरम पार ॥३॥

८९. मनकी मनमें रही उधोजी मनकी मनमें रही ॥ध०॥ गो-कुल सुद्दारि मथुरा सुधारे । ब्रिजकु देन दिई । आल्लर छर काहांसे आये । दुःखकी डाग सही ॥१॥ बाप गठीको काहां करीये उधौ । बचन प्रमान नहीं । हामारा नेम ऐसे झूरत है । उलठी गंग बही ॥२॥ ईत गोकुल ईत मथुरा नगरी बीचमें जमुना बही । आपही माधव पार उतार गये । मेघ धमयत रही ॥३॥ रंग तरति भरियो नाव रह्यो सजनी । जलवी मिलकसी । हामरे तो भनी बाहे पडेगी । जो होई कष्ट मही ॥४॥ आपन जाये दुवारकामें छाये । कुबजासे ते प्रीत करी । सुरदास प्रभु तुमरे मिलनकू । आव तो उधोजी आब-कही । ऐसी बिदुर न कही ॥५॥

९०. उधोजी आब कही ऐसी बहुर न कहियो । जो हामकू जिवा ऐसा होतो । बिन बोल्याही रहयो ॥ध्रु०॥ हारि पर बलो बेर बिचसो । जीख जीख जोग पढायो । हामतो जरब खाय भई है । बहुर मसान जगाई यो ॥१॥ हमारो प्राण प्रभू घात होत है । तुम जानत हो उदासी । या जीवन सुमरन भला है । लेहे करवत कासी । एक समै ब्रिंदाबन मोहन । करन फूल पहरावे । आब केसे । पहेरू काठकी मुद्रा । मधुकर हात पढाये ॥३॥ कहांरी हामकू । आन मिलायो के ले जावो साथ ॥४॥ सुरदास गोपी प्रान तजत । दोस तुमारे हात ॥५॥

९१. ऐसोरि छेल गुमानीय तेरो ॥ धृ० ॥ बार बार लडका संग आवे । बोलत आठी पठी बानी । काल करा कोई मानस मारे । बरज्योकू न जसोदा रानी ॥१॥ मैं जमुना जल भरन

जातही । मुखपर करत सनानी । पुछ देखोरी मोरी संगकी सह-लीने । मैं तो कहां तल ज्यानी ॥२॥ आवन देरी सखी ऊन लालकू । तुम घर जावो श्यानी । सुरदास कहे जसवंत राणी नेम बांधके वाकु तानी ॥३॥

९२. भृगीको कुठील झुटेल भीलनिको दासी वस भयो । वाको काहां करू मैं यारी ॥ध्रु॥ गुजरीको चोर चोरी करे ठौर ठौर यही रणीं को जायो । ओ तो छाछको पीवैय्यारी ॥१॥ भाजी को खवैय्या कोरे तांदुळको चेबैय्या । राजरीतका हा जाने भीकको मँगय्यारी ॥२॥ आप तो जाय दुबार कामें छाये । मेरे मन ऐसी आवे पकडल्या वोवैरीयारी ॥३॥ जीनको मजुर हाजुर सब संत-नको । सूरदास ऐसे कहे । बल बल जैय्यारी ॥४॥

९३. नंद राणी नेढो ठा जावो मंदर वेग चलोरी । चली चली जात हो धामसा मैं नव चितकी पेरी ॥ ध्रु० ॥ बंदर बालक दधी खाजे बीच आंबकी मोहरी ॥१॥ वृजकी सखी उमग चल आयी नाचत वोही बोहरी । ब्रह्मा शिव सनकादिक आये नारद नांव धऱ्योरी ॥२॥ सोर न सीख धरी सथीयन पर मोतियन चोक पुरोरी । नायन धायन फीरे चावमें आंगणा ढोल गुरयारी ॥३॥ पाय पदम पीतांबर सोहे कानें कुंडल हेरी । कंठ कंजन बैजंती शोभे सीरपर मुगुट धरयेरी ॥४॥ देवनके आनंद भये है आसुर न सोग परयोरी । सुरदास प्रभु औतर आये वृजको बडोरी ॥५॥

९४. मोसे न कोन कुटील खल कामी ॥ध्रु०॥ तुमसे कहां छीपी करू । ना मैं सबके आंतर जानी ॥ध्रु०॥ जीन तन दीयो ताही वीसरायो । ऐसो नैन हरामी । हरिकी भक्ति छांड वो मुखनकी नीसिद्धि निरखत गुलामी ॥१॥ तज संत संग बचन मिथ्या सब सुनि सुनि भरत हे हामीं । भरभर उदर भिछेको धावत । जैसे सुकर ग्रामीं ॥२॥ कपटी कुर भरो दुरमतिसो । सब पतीतनमें नामी । सुरदास प्रभु आधम उधारन । सुनीयो श्रीपति स्वामी ॥३॥

९५. द्ढ हीन चरण न केरो । भरुसो द्ढ हीन चरण न केरो ॥ ध्रु० ॥ श्रीवल्लभनखचंद्रचकोरिबिना । सब जुगमें अंधेरो ॥ १ ॥ साधन और नहीं आ कलीमां । हरीनामसे होत निवेडो ॥२॥ सुरदास कहे दो दिन आंधळो । बिना मुलको चेरो ॥३॥

९६. कोई मेरे काम न आयो । श्रीहरीबिना कोई काम न आयो । आ जुठी मायाके लिने । रतनसे जनम गुमायो ॥ ध्रु० ॥ कंचन कलस चित्रविचित्र । रची रची भूवन बनायो । तामे तंतक्षण ग्रही काढयो । एक पलक रहने नहीं पायो ॥१॥ घरतरीया कहे मैं संग चलुंगी । धुत धुत धन खायो । अंतसमे छुपी घर भीतर। ठग एक न पोंचायो ॥२॥ सो सुकृतकर एक सुत जायो । बोतही लाड लडायो । काढ लियो कटिको धागो । आगनसु बदन जलायो ३अधम उद्धारण गनका तारण । सोई प्रभू क्यौं ते बिसरायो । ना लियो नाम रह्यो मन धोका । सुरदास पस्तायो ॥४॥

९७. क्यौं ते वहांसे वहाणूं । घेला प्राणी क्यौं ते वहासे वहाणूं ॥ ध्रु० लाडीने लावुं पुत्र परणावूं । कालनी वात न जाणूं ॥१॥ बाळिराजा कहे लेउ इंद्रासन । जगत कीधां नवाणूं ॥२॥ काया जुठी ने माया जुठी । जुठू ते घर केरुं नाणूं ॥३॥ सूरदास कहे तमे हरीकु भजील्यो । ओंचितु आवशे आणूं ॥४॥

९८. काळनो शो रे उधारो । घेला प्राणी काळने शोरे उधारो ॥ ध्रु० ॥ राज मुकी राम वन पधार्या । चौद लोकनो करनारो १॥ आपी उधारो ने वळती विचारे । एवा वेहेता मनने वारो ॥२॥ सो कईआ ते तो सुभट कहेवाया । तेनो साथे थयो संहारो ॥३॥ सुरदास कहे तमे हरीने भजील्यो । नहीं आवे एवो वारो ॥ ४ ॥

९९. नाथ केसो गजको बंध छुडायो । एही अचरत मोए आयो ॥ ध्रु० ॥ गज ओर ग्राह लडत जलभीतर । लडत लडत गज हार्यो । जब पुर सुंढ रही जलउपर । तब हरीनाम पोकार्यो ॥ नाथ० ॥१॥ शबरीके बोर सुदामाके तांदुळ । रुचि रुचि भोग लगायो । दुर्योधनको मेवोही त्याग्यो । भाजी विदुरघर पायो ॥ नाथ० ॥२॥ वेठ पाताळ काळिनाग नाथ्यो । फेणपर नरत

करायो । गिरी गोर्धन करपर धर्यो । नंद घेर लाल केहवायो ॥ नाथ०॥३॥ अगासुर मार्यो बकासुर मार्यो । दावानल पान करायो । स्थंभ फोडी हिरणाक्ष मार्यो । नरसंग नाम धरायो ॥ नाथ० ॥४॥ आजामिल गजगनका तारी । द्रौपदीको चीर पुरायो । पयपान करतां पुतना मारी । कुबजाको रुप बनायो ॥ नाथ० ॥५॥ कौरव पांडवको जुध रचायो । कोरव कुमारको उठायो । दुर्योधनको मान घटायो । मोये भरुसो आयो ॥ नाथ० ॥६॥ सब सखियन मिलि कंगन बांध्यो । रेशम गांठ बंधायो । छुटे नहीं राधाजीको कंगन । केसे ए धनुष्य उठायो ॥ नाथ० ॥७॥ खोल कोटडीं वादल धायो । गरुडकु नाज संतायो । छुटे नहीं राधाजीको कंगण । ए बल काहांरे छुपायो ॥ नाथ० ॥८॥ जोगी जाको ध्यान धरत है । ध्यान धरत नहीं आयो । सुरदास प्रभु तुम्हारे मिलनकू । जसोदाकी धेनु चरायो ॥ नाथ० ॥९॥

१००. राखो तैसें रहूं । जेसे हरी राखो तेसे रहूं॥धृ०॥कोई दिन भोजन दोरे कृपा करी ।कोई दिन भुख सहू१ कोई दिन चडत तुरंग गजभारी । कोई दिन भार बहू ॥२॥ कमलनयन घनश्याम मनोहर । अनुचर भयो मे रहू ॥३॥ सुरदास प्रभु भक्त कृपानिधि । तमारे चरण सहू ॥४॥

१०१. सुंदर भेख बन्यो गोपाळा । सुंदर गाऊं सखा संग शुं ॥ धृ० ॥ सुंदर पंथ हरी अवनी । सुंदर मुरली शब्द रसाळा ॥१॥ सुंदर लोक सकळ व्रज सुंदर । सुंदर नंद जसोदाके लाला ॥२॥ सुंदर भोजन बचन गती सुंदर । सुंदर हलधर कृष्ण कृपाळ ॥३॥ सुंदर गोपी चितवन सुंदर । गुण माधवके रही बिचारा ॥४॥ सुरदास प्रभु सबबीध सुंदर । सुंदर शाम सुभग अवतारा ॥५॥

१०२. साचो कलजुग आयो अब तो साचो कलजुग आयो । पुत्र पिताको कह्या न मान्यो करे अपने मन भायो ॥धु०॥ स्त्री पातिव्रत्य धर्म ना पाळ्यो निरखत पुरुष परायो । संन्यासी धन सांचन लागे हरी सुमरन बिसरायो ॥१॥ राजा कपटी रयत दुःख पावे चह्मन बहोत भटकायो । वासु वरखा अलप होत है सब

जुग पापसे छायो ॥२॥ ब्रीज बिंद्राबन मथुरानगरी कालंद्री नीर सुकायो । सुरदास प्रभू तुमारे भजनविना मोहेकु क्यूं जीवायो ॥३॥

१०३. कृष्ण कहेतां शुं बेसे नाणुं मूर्ख तने कृष्ण कहेतां ॥ध्रु०॥ मिथ्या लेहेर मनगमती करे छे तेमां नहीं ठाम ठेकाणुं ॥१॥ खातो ना होय तो मांदो कहिये जोइए बशेरनुं भाणुं ॥२॥ दाम न बेसे ने हाड न भागे गातां गोविंदजीनुं गाणुं ॥३॥ कहे सुरदास तमे हरिने भजिल्यो ओचितु आवशे ओणुं ॥४॥

१०४. आवत कुंवर कन्हया वनथकी आवत कुंवर कन्हया ॥धृ०॥ मोर मुगुट मकराकृत कुंडल मधुरीसी वेणु बजैया ॥१॥ सभा मंडळमध्य बिराजत हरी हलदर दो भइया ॥२॥ सुरदास प्रभू गौ गोवाळ संग नाचत थ-थ-थ थैया ॥३॥

१०५मंदीर देख डरे सुदामजी मंदीर०॥ध्रु०॥पहेले द्वार गजराज बिराजत दुसरे अश्व खडेरे । तिसरे द्वार विश्वकर्मा बैठे रतन जडाव जडेरे ॥१॥ यहां तिमेरी राम मदैया इतके भुप उतरे रे । सुरदास प्रभू आपणे जनके दुःख दरिद्र हारेरे ॥२॥

१०६. नहीं कंसन घर जाये किसनजी ॥ध्रु०॥ उनके घरकी रसोई न लिये अपने हात पकाये ॥१॥ काज तिहारो दधी माखन सब हम इह भोग लगाये ॥२॥ तुमबिन हमकुं कोई नहीं पुछे हम गरीब समजैये ॥३॥ सुरदास प्रभु येही बखत है ब्रीजकी लाज निभैये ॥४॥

१०७. राधे तोरे नयन नहीं के बान ॥ध्रु०॥ शशीपर कदली कदलीपर कमल तापर रहे हार ठान ॥१॥ हारपर कनक कनकपर कलसी मुख शशी कीर भान ॥२॥ सुरदास प्रभू ऐसा छबिका हय मीलये शाम सुजान ॥३॥

१०८.उद्धवजी चलो विदुर घर जाये ॥ध्रु॥ शबीरीके बेर सुदामजीके चावल रुचि रुचि भोग लगावे ॥१॥ बडे बडे मंदिर कोन कामके भाव अदर नहीं पावे ॥२॥ सुरदास प्रभु तुम्हारे दर्शनकू । कायकूं बैर लगावे ॥३॥

१०९. बाजे बाजे रे शाम तोरे पैंजनया ॥ध्रु०॥ पित्त छगोल्या

लसत आंगोपर हाथ कुटील लसतनया ॥१॥ जसोमती सुतकू चलन शिकावे लावे आंगोलया दोजनया ॥२॥ ब्रीदाजीबनके कुंजगलीनमो तोह नचावत ग्वालनया ॥३॥ सुरदास प्रभु तुमारे दरशनकू नीशिदिनि धरत ध्यानया ॥४॥

११०. को पत राखे मेरी शामबिना को पत राखे मेरी ॥धृ०॥ अंधको अंध दुष्ट दुःशासन आणी सभा मध्य घेरी ॥१॥ महा मती हीन भया ए राजा पकर लाई जुवेरी ॥ २ ॥ भीष्म द्रोण कर्ण दुर्योधन कीनहु न पाछी फेरी ॥३॥ जो बिश्वास आस मेरे मनमें कहूं करुणा मैं तेरी ॥ ४ ॥ आई साहाय करो करुणा तुटत राखे आबेरी ॥५॥ तजी खगराज आतुर उठ धाये जेसे गजकी बेरी ॥६॥ सुरदास प्रभु भक्तके काज करी अबरकी ढेरी ॥७॥

१११. राण भरोसा तेरा अब मोरे राम भरोसा तेरा ॥धु०॥ सुन कर साखी शरण तदी आयो कर तजीय मन मेरा ॥१॥ वाघ अजामिळ गनका उधारी शरण आये बहु तेरा ॥२॥ सुआसु तपसु नाम लेत है उनका किया निवेडा ॥३॥ ग्राह ग्रहो गज डुबन लाग्यो ग्रहो नामका भेरा ॥ ४ ॥ सुनत पोकार बार नहीं लागी चक्र सु किया निवेरा ॥५॥ जन प्रऱ्हाद बांधे हिरणाक्ष काढी खड्ग गयो तेरा ॥६॥ ऐसी साखी कहा लग कहीए ब्रीद बडा हरी तेरा ॥ ७ ॥ मनशा बांछा और करमका सुरदास चरणका चेरा ॥८॥

११२. बीगरी किने बनांई नाथ मोरे बीगरी कीने बनाई॥धृ०॥ रामही बिगरा लछमन बीगरा बीगरी सिता माई । अंजनीका सुत यंवकर बीगरा क्षणमों लंका जलाई ॥१ ॥ रावण मारा बीभिखन थापा अहिल्येकू उद्धारीरे । इंद्रजीतका शीर उडाया । फीर गई राम दुहाईरे ॥२॥ बनी बनीका सब कोई साथी दीन बनीका कोई नहींरे । भरी सभामों लज्या राखे दीनानाथ सवाईरे ॥३॥ लाखा द्वारमों पांडव बैठे गुप्त आग लगाईरे । चक्र मारके धरणी फोडी अगमनकी राह बताई रे ॥४॥ मीरा बीगरी कर्मो बीगरी बीगरा सज्जन कसाईरे । सुरदास प्रभू यंव कर बीगरा हरीचरण धुम मचाईरे ॥५॥

११३. दीन बेदीनसो भाईरे बोलो राम ही राम ॥धृ०॥ कमलापत ले जायो तुजे वैकुंठ धाम । बहोर होयगा फेर कर रहो मुकाम ॥१॥ धुरु प्रल्हाद बीभिषण नारद हनुमान । उनकी कीरत गावे सुन आपने कान ॥२॥ व्यास रुक्मांगद अंबर्री ओ तो हरी-के प्राण । उनके उनके पाछे फिरत है भगवान ॥३॥ ये नरदेह पाक अपनेकु सुदार । मत कर औरतकी निंदा हित जान गव्हार ॥४॥ सुरदास शिकलावे तुजे बारोबार । कर सेवा सद्गुरुकी भव जल उतरेगा पार ॥५॥

मिराबाई.

१. कान्हा बनसरी बजाय गिरधारी । तोरि बनसरी लागी मोकों प्यारी ॥ ध्रु० ॥ दहीं दुध बेचने जाती जमुना । कानानें घागरी फोरी ॥ काना० ॥१॥ सिरपर घट घटपर झारी उसकूं उतार मुरारी ॥ काना० ॥२॥ सास बुरीरे ननंद हटेली । देवर देवे मोको गारी ॥ काना० ॥३॥ मीरा कहे प्रभू गिरिधर नागर । चरनकमल बलहारी ॥ काना० ॥४॥

२. हरि गुन गावत नाचूंगी ॥ धृ० ॥ आपनें मंदिरमों बैठ बैठकर । गीता भागवत बाचूंगी ॥१॥ ग्यान ध्यानकी गठडी बांधकर । हरीहर संग मैं लागूंगी ॥२॥ मीराके प्रभु गिरधर नागर । सदा प्रेमरस चाखूंगी ॥३॥

३. झूलत राधा संग । गिरिधर झूलत राधा संग ॥ धृ० ॥ अबिर गुलालकी धूम मचाई । भर पिचकारी रंग ॥ गिरि० ॥१॥ लाल भई बिंद्राबन जमुना । केशर चूवत रंग ॥ गिरि० ॥२॥ नाचत ताल अधार सुरभर । धिमी धिमी बाजे मृदंग ॥ गिरि० ३ मीराके प्रभू गिरिधर नागर । चरनकमलकू दंग ॥ गिरि० ॥४॥

४. कृष्ण करो जजमान ॥ प्रभु तुम ॥ ध्रु० ॥ जाकी कीरत बेद बखानत । सांखी देत पुरान ॥प्रभु० ॥१॥ मोर मुकुट पतांबर सोभत । कुंडल झळकत कान ॥ प्र० ॥२॥ मीराके प्रभु गिरिधर नागर । दे दरशनको दान ॥ प्र० ॥३॥

५. तुम बिन मेरी कौन खबर ले । गोवर्धन गिरिधारीरे ॥धृ०॥ मोर मुगुट पीतांबर सोभे । कुंडलकी छब न्यारीरे ॥ तुम० ॥१। भरीं सभामों द्रौपदी ठारी । राखो लाज हमारीरे ॥ तुम० ॥२॥ मीराके प्रभु गिरिधर नागर । चरनकमल बलहारीरे ॥ तुम० ॥३॥

६. हातकी बिडिया लेव मोरे बालम । मोरे बालम साजनवा ॥ धृ० ॥ कत्था चूना लवंग सुपारी बिडी बनाऊं गाहिरी । केशरका तो रंग खुला है मारो भर पिचकारी ॥१॥ पक्के पानके बिडे बनाऊं लेव मोरे बालमजी । हांस हांसकर बाता बोलो पडदा

खोलोजी ॥२॥ मीराके प्रभु गिरिधर नागर बोलत है प्यारी। अंतर बालम यारो दासी हो तेरी ॥३॥

७. पग घुंगरूरे पग घुंगरू बांधकर नाचीरे ॥धृ॥ मैं अपने तो नारायकी । हो गयी आपही दासीरे ॥१॥ विषका प्याला राजाजीनें भेजा । पीवत निरा हासीरे ॥२॥ लोक कहे मीरा भईरे बावरी । बाप कहे कुलनासीरे ॥३॥ मीराके प्रभु गिरीधर नागर । हरिचरनकी दासीरे ॥४॥

८. किन्ने देखा कन्हया प्यारा की मुरलीवाला ॥धृ॥ जमुनाके नीर तीर गंवा चरावे । खांदे कंबरिया काला ॥१॥ मोर मुकुट पितांबर शोभे कुंडल झळकत हीरा ॥२॥ मीराके प्रभु गिरीधर नागर । चरन कमल बलहारा ॥३॥

९. शाम मुरली बजाई कुंजनमों ॥ध्रु०॥ रामकली गुजरी गांधारी । लाल बिलावल भयरोमों ॥१॥ मुरली सुनत मोरी सुदबुद खोई । भूल पडी घरदारोमों ॥१॥ मीराके प्रभु गिरिधर नागर। वारी जाऊं तोरो चरननमों ॥२॥

१०. माई मैनें गोविंद लीन्हो मोल ॥धृ०॥ कोई कहे हलका कोई कहे भारी । लियो है तराजू तोल ॥ मा० ॥१॥ कोई कहे ससता कोई कहे महेंगा । कोई कहे अनमोल ॥ मा० ॥२॥ ब्रिंदा-बनके जो कुंजगलीनमों । लीयो है बजाके ढोल ॥ मा० ॥३॥ मीराके प्रभु गिधिधर नागर । पुरव जनमके बोल ॥ मा० ॥४॥

११. राधा प्यारे दे डारोजी बनसी हमारी । ये बनसीमें मेरा प्रान बसत है वो बनसी गई चोरी ॥१॥ ना सोनेकी बन्सी ना रुपेकी । हरहर बांसकी पेरी ॥२॥ घडी एक मुखमें घडी एक करमें घडी एक अधर धरी ॥३॥ मीराके प्रभु गिरिधर नागर। चरनकमलपर वारी । राधा प्यारे दे ॥४॥

१२. मोरी लय लगी गोपालसे मेरा काज कोन करेगा । मेरे चित्त नंद लालछे ॥धृ०॥१॥ ब्रिंदाजी बनके कुंजगलिनमों । मैं जप धर तुलसी मालछे ।२। मोर मुकुट पीतांबर सोभे । गला मो-तनके माल छे ॥३॥ मीराके प्रभु गिरिधर नागर । तुट गई जंजाल छे ॥४॥

१३. दीजो हो चुनरिया हमारी । किसनजी मैं कन्या कुंवारी॥धृ॥ गौलन सब मिल पानिया भरन जाती । वहांको करत बलजोरी॥१॥ परनारीका पल्लव पकडे । क्या करे मनवा बिचारी ॥२॥ बिंद्राबनके कुंजबनमों । मारे रंगकी पिचकारी ॥३॥ जाके कहती यशवदा मैया। होगी फजीती तुह्मारी ॥४॥ मीराके प्रभू गिरिधर नागर । भक्तनके है लहरी ॥५॥

१४. हरि तुम कायकूं प्रीत लगाई ॥धृ०॥ प्रीत लगाई पर दुःख दीनो । कैशी लाज न आई ॥ ह० ॥१॥ गोकुल छांड मथुराकु जावूं । वामें कौन बढाई ॥ ह० ॥२॥ मीराके प्रभु गिरिधर नागर । तुमकूं नंद दुवाई ॥ हरि० ॥३॥

१५. पिहुकी बोलिन बोल ॥पपैय्या॥धु०॥ तै खोलना मेरा जी डरत है । तनमन डावा डोल ॥ पपैय्या० ॥१॥ तोरे बिना मोकूं पीर आवत है । जीवरा करुंगी मैं मोल ॥ पपैय्या० ॥२॥ मीराके प्रभु गिरिधर नागर । कामनी करत कीलोल ॥ पपैय्या० ॥३॥

१६. चरन रज महिमा मैं जानी । याहि चरनसे गंगा प्रगटी । भगिरथ कुल तारी ॥ चरण० ॥१॥ याहि चरनसे बिप्र सुदामा । हरि कंचन धाम दिन्ही ॥ च० ॥२॥ याहि चरनसे अहिल्या उधारी । गौतम घरकी पट्टरानी ॥ च० ॥३॥ मीराके प्रभु गिरिधर नागर । चरनकमलसे लटपटानी ॥ चरण० ॥४॥

१७. बन्सी तूं कवन गुमान भरी ॥धृ०॥ आपने तनपर छेदपरंये बालाते बिछरी ॥१॥ जात पात हूं तोरी मय जानूं तूं बनकी लकरी ॥२॥ मीराके प्रभु गिरिधर नागर राधासे झगरी बन्सी ॥३॥

१८. लाज रखो तुम मेरी प्रभूजी लाज रखो तुम मेरी ॥धृ०। जब बैरीनें कचरी पकरी । तबही मान मरोरी ॥प्रभूजी०॥ १॥ मैं गरीब तुम करुनासागर । दुष्ट करत बलजोरी ॥ प्रभुजी० ॥२॥ मीराके प्रभु गिरिधर नागर । तुम पिता मैं छोरी ॥ प्रभुजी० ॥३॥

१९. बागनमों नंदलाल चलोरी ॥ अहालिरी ॥ धु० ॥ चंपा चमेली दवना मरवा । झूक आई टमडाल ॥ च० ॥ बागमों जाये

दरसन पाये । बिच ठाडे मदन गोपाल ॥ च० ॥२॥ मीराके प्रभू गिरिधर नागर । वांके नयन बिसाल ॥ च० ॥३॥

२०. मोरी आंगनमों मुरली बजावेरे । खिलावना देवूंगी ॥धृ० नाच नाच मोरे मन मोहन । मधुर गीत सुनावुंगी ॥२॥ मीरा कहे प्रभु गिरिधर नागर । हरिके चरन बल जाऊंगी ॥४॥

२१. मैतो तेरे भजन भरोसे अबिनासी ॥ मैतो० ॥ध्रु० ॥ तीरथ बरतते कछु नहीं कीनो । बन फिरे है उदासी ॥१॥ मै तेरे०॥ जंतर मंतर कछु नहीं जानूं । बेद पठो नहीं कासी ॥२॥ मैतो तेरे। मीराके प्रभु गिरिधर नागर । भई चरणकी दासी ॥३॥

२२. काना चालो मारा घेर कामछे । सुंदर तारूं नामछे ॥ध्रु०॥ मारा आंगनमों तुलसीनु झाड छे । राधा गौळण मारूं नामछे ॥१॥ आगला मंदिरमा ससरा सुवेलाछे । पाछला मंदिर सामसुमछे ॥२॥ मोर मुगुट पितांबर सोभे । गला मोतनकी मालछे ॥३॥ मिराके प्रभु गिरिधर नागर । चरन कमल चित जायछे ॥४॥

२२. जमुनाजीको तीर दधी बेचन जावूं ॥ध्रु०॥ येक तो घागर सिरपर भारी दुजा सागर दूर ॥१॥ कैसी दधी बेचन जावूं एक तो कन्हेया हाटेला दूजा माखन चोर ॥ कैसी०॥२॥ येक तो ननंद हटेली दुजा ससरा नादान ॥३॥ है मिरा दरसनकुं प्यासी। दरसन दिजोरे महाराज ॥४॥

२४. कुबजानें जादु डारा । मोहे लीयो शाम हमारारे कुबजा० ॥धृ०॥ दिन नही चैन रैन नहीं निद्रा । तलपतरे जीव हमारारे ॥१॥ कुबा० ॥ निरमल नीर जमुनाजीको छांड्यो । जाय पिवे जल खारारे ॥२॥ कु०॥ इत गोकुल उत मथुरा नगरी । छोड्यायो पिहू प्यारा ॥३॥ कुबजा०॥ मोर मुगुट पितांबर शोभे । जीवन प्रान हमारा ॥४॥ कुबजा० ॥ मीराके प्रभु गिरिधर नागर। बिरह समुदर सारा ॥५॥ कुबजानें जादू डारारे ॥ कुब० ॥

२५. तोती मैना राधे कृष्ण बोल। तोती मैना राधे कृष्ण बोल। ॥ध्रु०॥ येकही तोती धुंढत आई। लकट किया अनी मोल ।

तोती मै० ॥१॥ दाना खावे तोती पानी पीवे । पिंजरमें करत कल्लोल ॥ तो० ॥२॥ मीराके प्रभु गिरिधर नागर । हरिके चरण चित डोल ॥ तो० ॥३॥

२६. देखोरे देखो जसवदा मैय्या तेरी लालना । तेरा लालना मैय्यां झुले पालना ॥धृ०॥ बाहार देखे तो बारारे बरसकु भितर देखे मय्यां झुले पालना ॥१॥ जमुना जल राधा भरनेकु निकली । पकरत जोबन मैय्यां तेरा लालना ॥२॥ मीराके प्रभु गिरिधर नागर । हरिका भजन नीत करना ॥ मय्यां० ॥३॥

२७. जसवदा मैय्यां नित सतावे कनैय्यां । वाकु भुरकत क्या कहूं मैय्यां ॥ धृ० ॥ बैल लावे भीतर बांधे । छोर देवत सब गैय्यां । जसवदा मैय्यां० ॥१॥ सोते बालक आन जगावे । ऐसा धीट कनैय्यां ॥२॥ मिराके प्रभु गिरिधर नागर । हरी लागुं तोरे पैय्यां ॥ जसवदा० ॥३॥

२८. कालोकी रेन बिहारी । महाराज कोण बिलमायो॥ धृ० ॥ काल गया ज्यां जाहो बिहारी । अही तोही कौन बुलायो ॥१॥ कोनकी दासी काजल सार्यो । कोण तने रंग रमायो ॥२॥ कंसकी दासी काजल सार्यो । उन मोहि रंग रमायो ॥३॥ मीरा कहे प्रभु गीरधर नागर । कपटी कपट चलायो ॥४॥

२९. सखी मेरा कानुंडो कलिजेकी कोर है ॥ धु० ॥ मोर मुगुट पितांबर शोभे । कुंडलकी झकझोल ॥ स० ॥१॥ सासु बुरी मेरी नणंद हटेली । छोटो देवर चोर ॥स०॥२॥ ब्रिंद्राबनकी कुंज गलिनमें । नाचत नंद किशोर ॥ स० ॥३॥ मीरा कहे प्रभु गीरधर नागर । चरणकमल चितचोर ॥ स० ॥४॥

३०. सांवरो रंग मिनोरे । सांवरो रंग मिनोरे ॥ धु० ॥ चांदनीमें उभा बिहारी महाराज ॥ काथो चुनो लविंग सोपारी । पानमें कछु दिनो ॥ सां० ॥२॥ हमारो सुख अति दुःख लागे । कुबजाकूं सुख कीनो ॥सा०॥३॥ मेरे अंगन रुख कदमको । त्यांतल उभो अति चिनो ॥ सा० ॥४॥ मीरा कहे प्रभु गिरधर नागर । नैननमें कछु लीनो ॥ सां० ॥५॥

३१. जल भरन कैशी जाऊंरे। जशोदा जल भरन ॥ ध्रु० ॥ वाटेने घाटे पाणी मागे मारग में कैशी पाऊं ॥ य० ॥१॥ आणिकोर गंगा पलीकोर जमुना। बिचमें सरस्वतीमें नहावूं ॥ य ॥२॥ ब्रिंद्राबनमें रास रच्चा है। नृत्य करत मन भावूं ॥ य० ॥३॥ मीरा कहे प्रभु गिरघर नागर। हेते हरिगुण गाऊं ॥ य० ॥४॥

३२. कान्हो काहेकूं मारो मोकूं कांकरी कांकरी कांकरी कांकरीरे ॥ ध्रु० ॥ गायो भेसो तेरे अबि होई है। आगे रही घर बाकरीरे ॥ कानो० ॥१॥ पाट पितांबर काना अबही पेहरत है। आगे न रही कारी घाबरीरे ॥ का० ॥२॥ मेडी मेहेलात तेरे अब होई है। आगे न रही वर छापरीरे ॥ कान० ॥३॥ मीरा कहे प्रभु गिरधर नागर। शरणे राखो तो करूं चाकरीरे ॥ कान० ॥४॥

३३. जान्यो मैं राजको बेहेवार उधवजी मैं ज्ञान्योही राजको बेहेवार। आंब कटावो लिंब लगावो बावलकी करो वाड ॥ ओ०॥ ॥१॥ चोर वसावो सावकार दंडावो नीती धरमरस बार ॥ ओ०॥ ॥२॥ मेरो कह्यो सत नहीं जाणयो कुबजाके किरतार ॥ ओ० ॥ ॥३॥ मीरा कहे प्रभु गिरघर नागर अद्वंद दरबार ॥ ओ० ॥४॥

३४. मेरे तो आज साचे राखे हरी। साचे सुदामा अति सुख पायो द्रारिद्र दूर करी ॥ मे० ॥ साचे लोधि कहे हरी हाथ बंधाये मारखाधी ते खरी ॥ मे० ॥ २॥ साच बिना प्रभु स्वप्नामें न आवे मरो तप तपस्या करी ॥ मे० ॥३॥ मीरा कहे प्रभू गिरधर नागर। बल जाऊं गडी गडीरे ॥ मे० ॥४॥

३५. कोईकी भोरी बोलो मइंडो मेरो लूंटे ॥ ध्रु० ॥ छोड कनैया ओढणी हमारी। माट महिकी काना मेरी फुटे ॥ को० ॥१॥ छोड कनैया मैयां हमारी। लड मानूकी काना मेरी तूटे ॥ को०॥२ छोडदे कनैया चीर हमारो। कोर जरीकी काना मेरी छुटे ॥ को०॥ ॥३॥ मीरा कहे प्रभु गिरधर नागर। लागी लगन काना मेरी नव छूटे ॥ को० ॥४॥

३६. कायकूं देह धरी भजन बिन कायकु देह धरी। गर्भवासकी त्रास देखाई वाकी पीठ बुरी ॥ भ० ॥१॥ कोल बचन करी

बाहेर आयो अब तूम भूल परि ॥ भ० ॥२॥ नोबत नगारा बाजे। बधत बधाई कुटूंब सब देख ठरी ॥ भ० ॥३॥ मीरा कहे प्रभु गिरधर नागर । जननी भार मरी ॥ भ० ॥४॥

३७. रडतां क्यौं नहींरे हरिनाम । तेरे कोडी लगे नहीं दाम ॥ नरदेहीं स्मरणकूं दिनीं । बिन सुमरेवे काम ॥१॥ बालपणें हंस खेल गुमायो । तरुण भये बस काम ॥२॥ पाव दिया तोये तिरथ करने । हाथ दिया कर दान ॥३॥ नैन दिया तोये दरशन करने । श्रवण दिया सुन ज्ञान ॥४॥ दांत दिया तेरे मुखकी शोभा । जीभ दिई भज राम ॥५॥ मीरा कहे प्रभु गिरधर नागर । है जीवनको काम ॥६॥

३८. कारे कारे सबसे बुरे ओधव प्यारे ॥धृ०॥ कारेको विश्वास न कीजे अतिसे भूल परे ॥१॥ काली जात कुजात कहीजे । ताके संग उजरे ॥२॥ शामरूप कीये भ्रमरो । फुलकी बास भरे ॥३॥ मीरा कहे प्रभु गिरीधर नागर । कारे संग बगरे ॥४॥

३९. माई तेरो काना कोन गुनकारो । जबही देखूं तबही द्वारहि ठारो ॥ध्रु०॥ गोरो बावो नंद गोरी जशु मैया । गोरो बलिभद्र बंधु तिहारे ॥ मा० ॥१॥ कारो कारो मतकर ग्वालनी । ये कारो सब व्रजको उज्जारो ॥ मा० ॥२॥ जमुनाके नीरे तीरे धेनु चरावे । मधुरी बन्सी बजावत वारो ॥ मा० ॥ ३॥ मीरा कहे प्रभु गिरिधर नागर । चरणकमल मोहि लागत प्यारो ॥मा०॥४॥

४०. आज मेरो भाग जागो साधु आये पावना ॥धृ०॥ अंग अंग फूल गये तनकी तपत गये । सदगुरु लागे रामा शब्द सोहामणा ॥ आ० ॥१॥ नित्य प्रत्यय नेणा निरखु आज अति मनमें हरखू । बाजत है ताल मृदंग मधुरसे गावणा ॥ आ०॥२॥ मोर मुकुट पीतांबर शोभे छबी देखी मन मोहे । मीराबाई हरख निरख आनंद बधामणा ॥ आ० ॥३॥

४१. जो तुम तोडो पिया मैं नहीं तोडूं । तोरी प्रीत तोडी कृष्ण कोन संग जोडूं ॥धृ०॥ तुम भये तरुवर मैं भई पखिया । तुम भये सरोवर मैं तेरी मछिया ॥ जो० ॥१॥ तुम भये गिरि-

वर मैं भई चारा । तुम भये चंदा हम भये चकोरा ॥ जो तु० ॥२॥ तुम भये मोती प्रभु हमे भये धागा । तुम भये सोना हम भये स्वागा ॥ जो तु० ॥३॥ बाई मीरा कहे प्रभु ब्रजके बाशी । तुम मेरे ठाकोर मैं तेरी दासी ॥ जो०॥४॥

४२. मन अटकी मेरे दिल अटकी । हो मुकुटकी लटक मेरे मन अटकी ॥धृ०॥ माथे मुकुट कोर चंदनकी । शोभा है पीरे पटकी ॥ मम०॥१॥ शंख चक्र गदा पद्म बिराजे । गुंजमाल मेरे है अटकी ॥ मन८ ॥२॥ अंतर ध्यान भये गोपीयनमें । सुध न रही जमुना तटकी ॥ मन० ३॥ पात पात ब्रिंदावन धुंडे । कुंज कुंज राधे भटकी ॥ मन० ॥४॥ जमुनाके नीर तीर धेनु चरावे । सुरत रही बनशी बटकी ॥ मन० ॥५॥ फुलनके जामा कदमकी छैया । गोपी-यनकी मटुकी पटकी ॥ मन० ॥६॥ मीरा कहे प्रभु गिरिधर ना-गर । जानत हो सबके घटकी ॥ मन अटकी० ॥७॥

४३. भोलानाथ दिगंबर ये दुःख मेरा हरोरे ॥ ध्रु० ॥ शीतल चंदन बेल पतरवा मस्तक गंगा धरोरे ॥ १ ॥ अर्धांगी गौरी पुत्र गजानन चंद्रकी रेख धरोरे ॥ २ ॥ शिव शंकरके तीन नेत्र है अद्भुत रूप धरोरे ॥ ३ ॥ आसन मार सिंघासन बैठे शांत स-माधी धरोरे ॥ ४ ॥ मीरा कहे प्रभुका जस गावत शिवजीके पैयां परोरे ॥ ५ ॥

४४. चालो मन गंगा जमुना तीर गंगा जमुना तीर ॥ धृ० ॥ गंगा जमुना निरमल पानी शीतल होत सरीर ॥ १ ॥ बन्सी बजावत गावत काना संग लीये बलवीर ॥ २ ॥ मोर मुगुट पितां-बर शोभे कुंडल झलकत हीर ॥ ३ ॥ मीरा कहे प्रभु गिरिधर नागर चरनकमलपर शीर ॥ ४ ॥

४५. नाथ तुम जानतहो सब घटकी । मिरा भक्ति करे प्रगट-की ॥ ध्रु० ॥ ध्यान धरी प्रभु मीरा संभारे पूजा करे अट पटकी । शालिग्रामकूं चंदन चढत है भाल तिलक बिच बिंदकी ॥ १ ॥ राम मंदिरमें मिराबाई नाचे ताल बजावे चपटी । पाऊमें नेपुर रुमझुम बाजे । लाज संभार गुंगटकी ॥ २ ॥ झेर कटोरा राणाजिये भेज्या

संत संगत मिरा अटकी । ले चरणामृत मिराये पिधुं होगई अमृत बटकी ॥ ३ ॥ सुरत डोरीपर मीरा नाचे शिरपें घडा उपर मटकी । मीराके प्रभु गिरधर नागर सुरति लगी जै श्रीनटकी ॥ ४ ॥

४६. **राम रतन धन पायो** मैया मैं तो राम० ॥ धृ० ॥ संत संगत सद्गुरु प्रतापसे भाग बडो बनी आयो । खरच न खूटे वांकू चोर न लूटे दीन दीन होत सवायो ॥ मैं० ॥ १ ॥ नीर न डुबे वांकू अग्नि न जाले धरणी धरयो न समायो ॥ मैं० ॥ २ ॥ नामको नाव भजनकी बतियां भवसागरसे तार्यो ॥ मैं० ॥ ३ ॥ मीराबाई प्रभु गिरिधर शरने । चरनकमल चित्त लायो ॥ मैं०॥४॥

४७. **हरिनाम बिना नर ऐसा है** । दीपकबीन मंदिर जैसा है ॥ धृ० ॥ जैसे बिना पुरुखकी नारी है । जैसे पुत्रबिना मातारी है । जलबिन सरोवर जैसा है । हरिनामबिना नर ऐसा है ॥ १ ॥ जैसे सशीबिन रजनी सोई है । जैसे बिना लौनकी रसोई है । घरधनी बिना घर जैसा है । हरिनामबिना नर ऐसा है ॥ २ ॥ ठुठर बिन वृक्ष बनाया है । जैसो सूम संचरी नाया है । गिनका घर पूतर जैसा है । हरिनाम बिना नर ऐसा है ॥ ३ ॥ मीराबाई कहे हरिसे मिलना । जहां जन्ममरणकी नहीं कलना ॥ बिन गुरूका चेला जैसा है । हरिनामबिना नर ऐसा है ॥ ४ ॥

४८. **क्यां करूं मैं बनमें** गई घर होती । तो शामकू मनाई लेती ॥ धु० ॥ गोरी गोरी बईया हरी हरी चुडियां । झाला देके बुलालेती ॥ १ ॥ अपने शाम संग चौपट रमती । पासा डालके जीता लेती ॥ २ ॥ बडी बडी अखिया झीणा झीणा सुरमा जोतसे जोत मिला लेती ॥३॥ मीराबाई कहे प्रभु गिरधर नागर चरनकमल लपटा लेती ॥ ४ ॥

४९. **अब तो मेरे रामनाम** दुसरा न कोई ॥ धृ० ॥ माता छोडी पिता छोडे छोडे सगा भाई । साधु संग बेठ बेठ लोकलाज खोई ॥ १ ॥ संत देखी दाडे आई जगत देखी रोई । प्रेमका आसु डाल डाल अमर वेल होई ॥ २ ॥ मारगमें दोई तारण मीले संतराम दोई । संत हमारे शिश उपर राम हृदय होई ॥ ३ ॥

अंतमेसे तंत काढयो पिछे रही सोई । राणे मैं लिया विषका प्याला पिईने मगन होई ॥ ४ ॥ अब तो बात फेल गई जाने सब कोई । दासी मीराबाई गिरधर नागर होनारी सो होई ॥ ५ ॥

५०. होरी खेलनकू आई राधा प्यारी हाथ लिये पिचकारी ॥ धृ० ॥ कितना बरसे कुंवर कन्हैया कितना बरस राधे प्यारी ॥ १॥ सात बरसके कुंवर कन्हैया बार बरसकी राधे प्यारी ॥हाथ० ॥ २ ॥ अंगली पकड मेरो पोचो पकड्यो बैयां पकड झक झारी ॥ हाथ० ॥ ३ ॥ मीरा कहे प्रभु गिरधर नागर तुम जीते हम हारी ॥ ४ ॥

५१. मोहन आवनकी कोई किजोरे । आवनकी मन भावनकी ॥ कोई० ॥ धृ० ॥ आप न आवे पतिया न भेजे ए बात ललचावनकी ॥ १ ॥ बिन दरशन व्याकुल भई सजनी जैशी बिजलीयां श्रावनकी ॥ को० ॥ २ ॥ क्या करूं शक्ति जाऊं मोरी सजनी पांख होवे तो उडजावनकी ॥ को० ॥ ३ ॥ मीरा कहे प्रभु गिरधर नागर इच्छा लगी हरी बतलावनकी ॥ ४ ॥

५२. मत डारो पिचकारी । मैं सगरी भिजगई सारी ॥ धृ० ॥ जीन डारे सो सनमुख रहीयो । नहीं तो मैं देउंगी गारी ॥१॥ भर पिचकारी मेरे मुखपर डारी । भीजगई तन सारी ॥ मत० ॥२॥ लाल गुलाल उडावन लागे । मैं तो मनमें बिचारी ॥ मत० ॥३॥ मीरा कहे प्रभू गिरधर नागर । चरनकमल बलहारी ॥ मत०॥४॥

५३. राधाजीको लागे ब्रिंदाबन नीको ॥ धृ० ॥ ब्रिंदावनमें तुलसीको वडलो जाको पानचरीको ॥ रा० ॥१॥ ब्रिंदावनमें धेनु बहोत है भोजन दूध दहींको ॥ रा० ॥२॥ ब्रिंदावनमें रास रची है दरशन कृष्णजीको ॥३॥ मीरा कहे प्रभू गिरधर नागर । हरिबिना सब रंग फिको ॥४॥

५४. मेरी लाज तुम रख भैया । नंदजीके कुंवर कनैया ॥धृ०॥ बेस प्यारे काली नागनाथो । फेणपर नृत्य करैया ॥ मे० ॥१॥ जमुनाके नीर तीर धेनु चरावे । मुखपर मुरली बजैया ॥२॥ मोर मुगुट पीतांबर शोभे । कान कुंडल झलकैया ॥ मे० ॥३॥ ब्रिंदाव-

नके कुंज गलिनमें नाचत है दो भैया ॥ मे० ॥४॥ मीरा कहे प्रभू गिरधर नागर । चरनकमल लपटैया ॥५॥

५५. मन मोहन दिलका प्यारा ॥ध्रु०॥ माता जसोदा पालना हलावे । हातमें लेकर दोरा ॥१॥ कबसे अंगनमों खडी है राधा । देखे किसनका चेहरा ॥२॥ मोर मुगुट पितांबर शोभे गळा मोतनका गजरा ॥३॥ मीराके प्रभु गिरिधर नागर । चरन कमल बलहारा ॥४॥

५६. **काना तोरी घोंगरीया पहरी** । होरी खेले किसन गिरधारी ॥१॥ जमुनाके नीर तीर धेनु चरावत खेलत राधा प्यारी॥२ आली कोरे गंगा वोली कोरे जमुना बीचमो राधा प्यारी ॥३॥ मोर मुगुट पीतांबर शोभे कुंडलकी छब न्यारी ॥४॥ मीराके प्रभु गिरीधर नागर चरन कमल बलहारी ॥५॥

५७. भीजो मोरी नवरंग चुनरी काना लागो तेरे पाव ॥ ध्रु०॥ गोरस लेकर चली मथुरा । शिरपर घडा झोले खाव ॥१॥ त्रिभंगी आसन गोवर्धन धर लीयो । छिनभर मुरली बजावे ॥२॥ मीरा कहे प्रभु गिरीधर नागर । चरन कमल चित लागो तोरे पाव ॥३॥

५८. **सुमन** आयो बदरा । श्यामबिना सुमन आयो बदरा॥ध्रु.॥ सोवत सपनमों देखत शामकू । भरायो नयन निकल गयो कचरा ॥१॥ मथुरा नगरकी चतुरा मालन । शामकू हार हमकू गजरा ॥२ ॥ मीरा कहे प्रभु गिरीधर नागर । समय गयो पिछे मीट गया झगरा ॥३॥

५९. **मैया माकू** खिजाबत बलजोर । मैया माकु खिजाबत ॥ध्रु०॥ जशोदा माता मील ली जावे । लायो जमुनाको तीर ॥१॥ जशोदाही गोरी नंदही गोरा । तुमे क्यौं भयो शाम सरीर ॥२॥ मीरा कहे प्रभु गिरिधर नागर । नयनमों बरखत नीर ॥३॥

६०. फिर बाजे बरनै **हरीकी** मुरलीया सुनोरे सखी मेरो **मन हरलीनो** ॥१॥ गोकुल बाजी बिंदावन बाजी । ज्याय बजी वो तो मथुरा नगरीया ॥२॥तूं तो बेटो नंद बाबाको । मैं ब्रिक भानकी

पुरानी गुजरीया ॥३॥ मीरा कहे प्रभु गिरधर नागर । हरिके चरनकी मैं तो बलैया ॥४॥

६१. डर गयोरी मन मोहन पास । डर गयोरी मन मोहनपास ॥१॥ बीरहा दुवारी मैं तो बन बन दौरी । प्राण त्यजुंगी करवत लेवगी काशी ॥२॥ मीरा कहे प्रभु गिरधर नागर । हरिचरणकी दासी ॥ ३ ॥

६२. फूल मंगाऊं हार बनाऊ । मालीन बनकर आऊं ॥१॥ कैं गुन ले समजाऊं । राजधर कैं गुन ले समजाऊं ॥२॥ गला सैली हात सुमरनी । जपत जपत घर जाऊं ॥३॥ मीरा कहे प्रभू गिरधर नागर । बैठत हरीगुन गाऊं ॥४॥

६३. जाके मथुरा कान्हानें घागर फोरी । घागरीया फोरी दुलरी मोरी तोरी ॥ ध्रु० ॥ ऐसी रीत तुज कौन सिकावे किसन करत बलजोरी ॥१॥ सास हाठेली नंद चुगेली । दीर देवत मुजे गारी ॥२॥ मीरा कहे प्रभु गिरधर नागर चरन कमल चितहारी ३

६४. शाम बतावरे मुरलीवाला ॥ ध्रु० ॥ मोर मुगुट पीतांबर शोभे । भाल तिलक गले मोहनमाला ॥१॥ एक बन धुंडे सब बन धुंडे । काहां न पायो नंदलाला ॥२॥ जोगन होऊंगी बैरागन होऊंगी । गले बीच वाऊंगी मृगछाला ॥३॥ मीराके प्रभु गिरीधर नागर । माग लीयो प्रीया प्रेमको माला ॥४॥

६५. आई ती ते भिस्ती जनी जगत देखके रोई । मातापिता भाईबंद सात नहीं कोई । मेरो मन रामनाम दुजा नहीं कोई ॥धृ० साधु संग बैठे लोक लाज खोई । अब तो बात फैलगई । जानत है सब कोई ॥१॥आवचन जल छींक छींक प्रेम बोल भई । आब तो मैफल भई । आमरुत फल भई ॥२॥ शंख चक्र गदा पद्म गला । बैजयंती माल सोई । मीरा कहे नीर लागो होनियेसो हो भई॥३॥

६६. मन माने जब तार प्रभुजी ॥ ध्रु० ॥ नदिया गहेरी नांव पुराणी । कैशी उतरु पार ॥१॥ पोथी पुरान सब कुच देखे अंत न लागे पार ॥२॥ मीरा कहे प्रभु गिरधर नागर नाम निरंतर सार॥३॥

६७. जमुनामों कैशी जाऊं मोरे सैंया । बीच खडा तेरो लाल

कन्हैया ॥धृ०॥ ब्रिंदाबनके मथुरा नगरी पाणी भरणा कैशी जाऊं मोरे सैंया ॥१॥ हातमों मोरे चूडा भरा है। कंगण लेहेरा देत मोरे सैंया ॥२॥ दधी मेरा खाया मटकी फोरी । अब कैशी बुरी बात बोलु मोरे सैया ॥३॥ मीरपर घडा घडेपर झारी । पतली कमर लचकया सैंया ॥४॥ मीरा कहे प्रभु गिरधर नागर । चरणकमल बलजाऊ मोरे सैंया ॥५॥

६८. बासरी सुनूंगी मैं तो बा० । वो बन्सीवालेकू जाने न देउंगी ॥धृ०॥ वो बन्सीवाले मुजे एक कहेगा । एकके लाख सुनाउंगी ॥१॥ ब्रिंदाजीबनके कुंजगलीनमे । भरभर फुल चुनोंगी ॥२॥ ईत गोकुल उत मथुरानगरी बीचमें जाय आडावुंगी ॥३॥ मीरा कहे प्रभु गिरधर नागर । चरणकमल बलजाऊंगी ॥४॥

६९. नामोकी बलहारी गजगणिका तारी ॥ धृ० ॥ गणिका तारी अजामेळ उद्धारी । तारी गौतमकी नारी ॥१॥ झुटे बेर भिल्लणीके खावे । कुबजा नार उद्धारी ॥२॥ मीरा कहे प्रभु गिरधर नागर। चरणकमल बलिहारी ॥३॥

७०. जोगी मेरा सांवळा कांहीं गवोरी ॥ ध्रु० ॥ न जानु द्वार गवो न जानु पार गवो। न जानुं जमुनामें डुब गवोरी ॥१॥ ईत गोकुल उत मथुरानगरी । बीच जमुनामो बही गवोरी ॥२॥ मीरा कहे प्रभु गिरधर नागर। चरनकमल चित्त हार गवोरी ॥३॥

७१. लक्ष्मण धीरे चलो मैं हारी ॥ धृ० ॥ रामलक्ष्मण दोनो भीतर । बीचमें सीता प्यारी ॥१॥ चलत चलत मोहे छाली पडगये। तुम जीते मैं हारी ॥२॥ मीरा कहे प्रभु गिरिधर नागर चरणकमल बलिहारी ॥३॥

७२. प्रभु तुम कैसे दीनदयाळ ॥ धृ० ॥ मथुरा नगरीमों राज करत है बैठे । नंदके लाल ॥१॥ भक्तनके दुःख जानत नहीं । खेले गोपीगवाल ॥२॥ मीरा कहे प्रभु गिरिधर नागर । भक्तनके प्रतिपाल ॥३॥

७३. मोहन डार दीनो गले फांसी ॥ ध्रु० ॥ ऐसा जो होता में। करवत ले जाऊं कासी ॥१॥ आंबाके बनमें कोयल बोले

बोलत बचन उदासी ॥२॥ मीरा दासी प्रभु छबी नीरखत। तूं मेरा ठाकोर मैं हुं तोरी दासी ॥३॥

७४. कुंजबनमों गोपाल राधे ॥ ध्रु० ॥ मोर मुगुट पीतांबर शोभे। नीरखत शाम तमाल ॥१॥ ग्वालबाल रुची चारु मंडल। बाजत बनसी रसाळ ॥२॥ मीरा कहे प्रभु गिरधर नागर। चरणपर मन चिरकाळ ॥३॥

७५. ज्या संग मेरा न्याहा लगाया। वाकू मैं धुंडने जाऊंगी ॥धृ०॥ जोगन होके बनबन धुंडु। आंग बभुत रमायोरे ॥१॥ गोकुल धुंड मथुरा धुंड। धुंड फीरूं कुच गलीयारे ॥२॥ मीरा दासी शरण जो आई। शाम मीले ताहां जाऊंरे ॥३॥

७६. शाम बन्सीवाला कन्हैया। मैं ना बोलूं तुजसेरे ॥ ध्रु० ॥ घर मेरा दूर घगरी मोरी भारी। पतली कमर लचकायरे ॥१॥ सास ननंदके लाजसे मरतहूं। हामसे करत बलजोरी ॥२॥ मीरा दासी तुमसो बिगरी। चरणकमलकी उपासीरे ॥३॥

७७. पतीया मैं कैशी लीखूं, लीखये न जातरे ॥ ध्रु० ॥ कमल मरत मेरा कर कांपत। नयनमा रड छायो ॥१॥ हमारी बीपत उद्धव देखी जात है, हरीसो कहूं वो जानत है ॥२॥ मीरा कहे प्रभु गिरधर नागर। चरणकमल रहो छांये ॥३॥

७८. कीत गयो जादु करके वो पीया ॥ ध्रु० ॥ नंद नंदन पीया कपट जो कीनो। नीकल गयो छल करके ॥१॥ मोर मुगुट पितांबर शोभे, कबु ना मीले आंग भरके ॥२॥ मीरा दासी शरण जो आई। चरणकमल चित्त धरके ॥३॥

७९. हरी तुम कायकू प्रीत लगाई ॥ ध्रु० ॥ प्रीत लगाई परम दुःख दीनो। कैशी लाज न आई ॥१॥ गोकुल छांड मथुरेकु जाय वामें कोन बराई ॥२॥ मीरा कहे प्रभु गिरधर नागर। तुमकू नंद दुवाई ॥३॥

८०. ये ब्रिजराजकूं अर्ज मेरी। जैसी राम हमारी॥ ध्रु० ॥ मोर मुगुट श्रीछत्र बीराजे, कुंडडकी छब न्यारी ॥१॥ हारी हारी पगया केशरी जामा। उपर फूल हाजारी ॥२॥ मीरा कहे प्रभु गिरधर नागर। चरणकमल बलिहारी ॥३॥

८१. तैं मेरी गेंद चुराई । ग्वालनारे ॥ ध्रु० ॥ आबही आण-पेरे तोरे आंगणा । आंगया बीच छुपाई ॥१॥ ग्वालबाल सब मिलकर जाये । जगरथ झोंका आई ॥२॥ साच कन्हैया झूट मत बोले । घट रही चतुराई॥३॥ मीरा कहे प्रभु गिरधर नागर । चरण-कमल बलजाई ॥४॥

८२. कोई देखोरे भया । शामसुंदर मुरलीवाला ॥ धृं० ॥ जमुनाके तीर धेनु चरावत । दधी घट चोर चुरैया ॥१॥ ब्रिंदाजीबनके कुंजगलीनमों । हमकू देत झुकैया ॥२॥ ईत गोकुल उत मथुरा नगरी । पकरत मोरी भया ॥३॥ मीरा कहे प्रभु गिरधर नागर । चरणकमल बजैया ॥४॥

८३. जल कैशी भरुं जमुना भयेरी ॥ ध्रु० ॥ खडी भरुं तो कृष्ण दिखत हैं । बैठ भरुं तो भीजे चुंनडी ॥१॥ मोर मुगुट पीतांबर शोभे । छुम छुम बाजत मुरली ॥२॥ मीरा कहे प्रभु गिरधर नागर । चरण कमलकी मैं जेरी ॥३॥

८४. भज मन शंकर भोलानाथ भज मन ॥ध्रु०॥ अंग विभूत सबही शोभा । ऊपर फुलनको बास ॥१॥ एकहि लोटाभर जल चावल । चाहत ऊपर बेलकी पात ॥२॥ मीरा कहे प्रभु गिरधर नागर । पूजा करले समजे आपही आप ॥३॥

८५. मदन गोपाल नंदजीको लल । प्रभुजी ॥धृ०॥ बालपनकी प्रीत बिखायो । नवनीत धरियो नंदलाल ॥१॥ कुब्जा हीनकी तुम पत राखी । हम ब्रीज नारी भई बेहाल ॥२॥ मीरा कहे प्रभु गिरधर नागर । हम जपे यही जपमाल॥३॥

८६. मनुबा बावारे सुमरलें, मन सीताराम ॥ध्रु०॥ बडे बडे भूपति सुलतान उनके । डेरे भय मैदान ॥१॥ लंकाके रावण कालने खाया । तूं क्या है कंगाल ॥२॥ मीरा कहे प्रभु गिरधर लाल । भज गोपाल त्यज जंजाल ॥३॥

८७. मन केरो जेवो चंद्र छे । रास रमे नंद लालो रे ॥धृ०॥ नटवर बेश धर्यो नंद लाले । सौ ओघानें चालोरे ॥१॥ गानतान वाजिंत्र बाजे । नाचे जशोदानो कालोरे ॥२॥ सोळ सहस्र अष्ट

पटराणी । बच्चे रह्यो मारो वहालोरे ॥३॥ मीरा कहे प्रभु गिरिधर नागर । रणछोड दिसे छोगळोरे ॥४॥

८८. मथुराके कान मोही मोही मोही ॥ध्रु०॥ खांदे कामरीया हातमों लकरीया । सीर पाग लाला लोई लोई ॥१॥ पाऊर्ये पैंजण आण वट बीचवे । चाल चलत ताता थै थै थै ॥२॥ मीरा कहे प्रभु गिरधर नागर । हृदय बसत प्रभु तुही तुही तुही तुही ॥३

८९. मोरी लागी लटक गुरु चरणकी ॥ धृ० ॥ चरन बिना मज कछु नहीं भावे । झूंठ माया सब सपनकी ॥१॥ भवसागर सब सुख गयी है । फकीर नहीं मज तरुणोनकी ॥२॥ मीरा कहे प्रभु गिरधर नागर । उलट भयी मोरे नयननकी ॥३॥

९०. राधे तोरे नयनमों जदुबीर ॥ ध्रु० ॥ आदी आदी रातमों बाल चमके । झीरमीर बरसत नीर ॥१॥ मोर मुगुट पितांबर शोभे । कुंडल झलकत हीरे ॥२॥ मीरा कहे प्रभु गिरधर नागर । चरणकमलपर शीर ॥३॥

९१. राधे देवो बांसरी मोरी । मुरली हमारी ॥ घृ० ॥ पान पात सब ब्रिंदावन धुंडयो । कुंजगलनिमों सब हेरी ॥१॥ बांसरी बिन मोहे कल न परहे । पया लागत तोरी ॥२॥ काहेसूं गाऊं काहेसूं बजाऊं । काहेसू लाऊं गवा घहेरी ॥३॥ मीरा कहे प्रभु गिरधर नागर । चरणकी मैं तो चित्त चोरी ॥४॥

९२. रंगेलो राणो कई करसो मारो राज्य । हुं तो छांडी छांडी कुलनी लाज ॥ ध्रु० ॥ पग बांधीने घुंगरा हातमों छीनी सतार । आपने ठाकुरजीके मंदीर नाचुं वो हरी जागे दिनानाथ ॥ रंगेलो० ॥१॥ बिखको प्यालो राणाजीने भेजो कैं दिजे मिराबाई हात । कर चरणामृत पोगई मीराबाई ठाकूरको प्रसाद ॥ रंगेलो० ॥२॥ सापरो पेटारो राणाजीने भेजो दासाजीनें हात । सापरो उपाडीनें गलामों डारयो हो गयो चंदन हार । मीरा कहे प्रभु गिरधर नागर तूं मारो भरतार रंगेलो ॥३॥

९३. बारी होके जाने बंदना । पठीयो कछु नारी है ॥ ध्रु० ॥

बुटीसे बुडी भई साची तो बिचारी रही । तुम घर जावो बदना मेरो प्यारा भारीहो ॥१॥ नारी होके द्वारकामें बाजे बासुरी । बासु मुस वारी हो । वोही खुब लाला बपीर जोए। मारी सारी हो ॥२॥ पान जैसी पिरी भई पर गो पवर रही । मेरा गिरधर पिया प्रभुजी मीरा वारी डारी हो ॥३॥

९४. लेता लेता श्रीरामजीनुं नाम । लोकडिया तो लाजे मरे छे ॥ धृ० ॥ हरी मंदीर जाता पाव लिया दुखे । फरी आवे सारूं गाम ॥१॥ झगडो थाय त्यां दोडीने जाया । मुकीनें बरना काम ॥२॥ भांड भवैया गुणका नृत्य करतां । बेशी रहे चारे ठाम ॥३॥ मीरा कहे प्रभु गिरधर गुण गाऊं । चरणकमल चित्त काम ॥४॥

९५. साधुकी संगत पाईवो । ज्याकी पुरन कमाई वो ॥धृ० ॥ पिपा नामदेव और कबिरा । चौथी मिराबाई वो ॥१॥ केवल कुवा नामक दासा । सेना जातका नाई वो ॥२॥ धनाभगत रोहिदास चह्मारा । सजना जात कसाईवो ॥३॥ त्रिलोचन घर रहत ब्रीतिया। कुर्मा खिचडी खाईवो ॥४॥ भिल्लणीके बोर सुदामाके चावल । रुची रुची भोग लगाईरे ॥५॥ वंका बंका सुरदास भाई । बिदुरकी भाजी खाईरे ॥६॥ ध्रुव प्रल्हाद और बिभीषण । उनकी क्या भलाईवो ॥७॥ मीरा कहे प्रभु गिरधर नागर। ज्योतीमे ज्योती लगाईवो॥८॥

